संत रविदास जयंती आज
वाराणसी, बुधवार 12 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 14, अंक 7, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित
डाक/नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

## लाडली बहना योजना में अपात्रों को बांट दिए करोड़ों रुपये

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा सरकार 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पिछले महीने लाभार्थियों की संख्या घटकर 2.41 करोड़ रह गई। क्योंकि अलग-अलग कारणों से पांच लाख महिलाएं अपात्र पाई गई हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिसंबर 2024 में लाभार्थियों की संख्या 2.46 करोड़ थी। वहीं महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा है कि पिछले साल जुलाई से दिसंबर के बीच इन अपात्र महिलाओं के खातों में कुल मिलाकर 450 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके बावजूद यह राशि वापस नहीं ली गई है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि उनका ऐसा करने का कोई इरादा भी नहीं है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि सरकार को ऐसी क्या हड़बड़ी थी जो अपात्रों में 450 करोड़ बांट दिए? दरअसल इस योजना के तहत 21-65 आयु वर्ग की उन महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि दी जाती है। जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। पात्रता की अन्य शर्तों में चार पहिया वाहन न होना और परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में न होना शामिल है। महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि जिन महिलाओं को अपात्र घोषित किया गया है। उन्हें आगे कोई लाभ नहीं मिलेगा।

# मानवता के कोड लिख रहा एआई : मोदी

**पेरिस।** पीएम मोदी के फ्रांस दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन है। वह पेरिस में एआई समिट में शामिल हुए। उन्होंने कहा, एआई इस सदी के लिए मानवता के कोड लिख रहा है। इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। यह समाज-सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह दिखाता है कि एआई का पॉजिटिव पोटेंशियल असाधारण है।

प्रधानमंत्री ने कहा, एआई लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा है। वक्त के साथ-साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। एआई से रोजगार के संकट पर ध्यान देना होगा। इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। मोदी ने कहा कि भारत ने सफलतापूर्वक कम लागत में

**संबोधन**

### इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियां पैदा होंगी

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। डेटा एम्पावरमेंट के जरिए डेटा की ताकत को अनलॉक किया है। ये विजन भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव है। भारत अपने एक्सपीरियंस और एक्सपर्टीज को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य अच्छा और सभी के लिए हो। मोदी ने समिट की शुरुआत एआई को लेकर एक उदाहरण देकर की। उन्होंने कहा, मैं एक सरल उदाहरण देना चाहता हूं। यदि आप



अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई ऐप पर अपलोड करते हैं, तो यह सरल भाषा में, आपके स्वास्थ्य के लिए इसका क्या मतलब है, समझा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'यदि आप उसी ऐप से किसी व्यक्ति का बाएं हाथ से लिखते हुए चित्र बनाने को कहते हैं, तो ऐप सबसे अधिक संभावना किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा। पीएम ने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। मोदी सोमवार रात फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे थे, जहां हवाईअड्डे पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका एलिसी पैलेस में रेड कार्पेट वेलकम हुआ। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने मोदी के स्वागत में डिनर का भी आयोजन किया।

## संक्षेप

### रणवीर इलाहाबादिया को महिला आयोग का समन

**मुंबई।** इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद मामले में समय रैना, बलराज घई और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। सूत्रों ने बताया कि एफआईआर इस शो के पब्लिश हिस्से को देखने के बाद दर्ज की गई। यह एफआईआर आईटी की धारा 67 और संबंधित बीएनएस की धाराओं के तहत दर्ज की गई। यह एफआईआर 30 लोगों के खिलाफ दर्ज की गई। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने रणवीर इलाहाबादिया को समन भेजकर 17 फरवरी को उसके सामने पेश होने को कहा है। एजेंसी

### उमर अब्दुल्ला और अमित शाह की मुलाकात

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। दोनों ने केंद्र शासित प्रदेश के लिए कामकाज के नियमों और राज्य का दर्जा बहाल करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह कई मौकों पर इसका वादा कर चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने बैठक में कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति में कोई खालीपन नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को साथ लेकर चलना होगा।एजेंसी

### बेटे का अपहरण...आधे रास्ते से लौटाया विमान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पूर्व मंत्री के बेटे की किडनैपिंग की खबर के बाद जमकर ड्रामा हुआ। शिवसेना विधायक तनाजी सावंत को लगा कि उनके बेटे का अपहरण हो गया है। उन्होंने आनन-फानन में पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवा दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी और बैंकॉक के लिए उड़ान भर चुके एक प्राइवेट विमान को आधे रास्ते से वापस लौटा लिया गया। बाद में पता चला कि बेटे को किसी ने किडनैप नहीं किया बल्कि घर से नाराज होकर वह बैंकॉक जा रहे था। एजेंसी

### नोटिस देकर दो दिन में मांगा जवाब

**जयपुर।** भाजपा की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौर ने राज्य मंत्री किरोड़ी लाल मीना को उनके फोन टैपिंग का आरोप लगाकर भजनलाल सरकार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए कारण बताओ नोटिस दे दिया है। हालांकि, मीना ने इस बारे में अनभिज्ञता का दावा कर कहा कि वह पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं और नोटिस मिलने के बाद निर्धारित समय के भीतर अपना जवाब भेज दूंगा।

# महाकुंभ: फिर चुनौती की घड़ी

**माघी पूर्णिमा**

### माघ पूर्णिमा के स्नान पर आज फिर उमड़ेगी भीड़

### नया ट्रैफिक प्लान लागू, शहर नो-व्हीकल जोन

### 10 किमी पैदल चलना पड़ेगा वीवीआईपी पास रद्द

जनसंदेश टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ में भीषण जाम के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कड़े लहजे में कहा है, किसी भी स्थिति में जाम नहीं लगना चाहिए। माघी पूर्णिमा पर नया ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है।

अब मेला क्षेत्र ही नहीं, पूरे शहर को 12 फरवरी तक नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। कल्पवासियों के भी वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ी और स्वास्थ्य विभाग के वाहन चलेंगे। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। श्रद्धालुओं को अपने वाहन शहर के बाहर ही पार्किंग में खड़े करने होंगे। अगर आप ट्रेन से आ रहे हैं, तो रेलवे स्टेशन पर उतरना पड़ेगा। पैदल ही संगम जाना और लौटना पड़ेगा। पार्किंग और स्टेशनों से संगम की दूरी 8 से 10 किमी तक है। माघी पूर्णिमा पर अक्षयवट और लेटे हनुमान मंदिर भी बंद रहेगा। शहर में किसी भी तरह के वाहन नहीं चल रहे हैं।



### महाजाम से निपटने को एसटीएफ चीफ यश विशेष विमान से पहुंचे

**तैयारी**

**52 नए आईएएस आईपीएस और पीसी अफसरों को भी प्रयागराज भेजा**

प्रयागराज। महाकुंभ में महाजाम से प्रयागराज शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। इसके बाद एक्शन में आए सीएम योगी ने एसटीएफ चीफ अमिताभ यश को विशेष विमान से प्रयागराज भेजा है। 52 नए आईएएस, आईपीएस और पीसी अफसरों को भी प्रयागराज भेजा गया है। इसमें 4 एसपी, 5 एएसपी, 15 डिप्टी एसपी के अलावा 4 आईएएस और 25 पीसीएस अफसर शामिल हैं। सभी को तत्काल प्रयागराज पहुंचकर ड्यूटी संभालने का आदेश दिया गया है। डीजीपी ने कहा कि अब प्रयागराज में ट्रैफिक सामान्य है। हमारे जवानों ने अपनी क्षमता से बेहतर काम किया है। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान है। इसके लिए मेला प्रशासन ने नया ट्रैफिक प्लान लागू किया है। 10 फरवरी की रात 8 बजे से 13 फरवरी की सुबह 8 बजे तक मेला में कोई भी वाहन नहीं चलेगा। सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ी और स्वास्थ्य विभाग के वाहन चल सकते है।

केवल कुछ शटल बसों की व्यवस्था की गई है, लेकिन भीड़ की वजह से यह सुविधा कम पड़ रही है। लोगों को पार्किंग से पैदल ही जाना पड़ेगा। कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के वाहनों पर भी नियम लागू रहेगा। प्रशासन ने कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें। गाड़ियां पार्किंग स्थलों पर ही खड़ी करें। सभी पार्किंग 8-10 किमी दूर हैं। यानी संगम तक पहुंचने के लिए 8-10 किलोमीटर पैदल चलना होगा।बताते हैं कि अभी की स्थिति में वाहनों को एंट्री दी जा रही है। आप जिस रास्ते से आ रहे हैं, वहां शहर के बाहर जगह-जगह पार्किंग बनाई गई हैं। वहीं वाहन खड़े करने होंगे।

## 'वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले कर रहे दुष्प्रचार'

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारों पर भी विपक्ष को घेरा। वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का यह मत था कि किसी भी देश की प्रगति का मापदंड ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति की समृद्धि से नहीं बल्कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर से किया जाना चाहिए। उनकी इसी सोच को केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुम्भ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं।

**विपक्ष को घेरा**

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

### महाकुंभ भगदड़ पर योगी ने एडीजी भानु को लताड़ा

लखनऊ। महाकुंभ में हुई भगदड़ और जाम पर सीएम योगी ने एडीजी प्रयागराज और एडीजी ट्रैफिक की क्लास लगाई। सीएम ने दोनों अफसरों को सस्पेंड करने की चेतावनी तक दी। योगी ने कहा, महाकुंभ मेले में आप ही सारी व्यवस्थाएं संभाल रहे थे। जैसे ही भगदड़ हुई आपने दूसरे अफसरों को आगे कर दिया। वहीं, एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण से सीएम ने कहा, जब वीकेंड पर दिल्ली एनसीआर में पिकनिक स्पॉटों पर भीड़ हो जाती है, तो आपको अंदेशा नहीं था कि महाकुंभ में शनिवार और रविवार को ज्यादा भीड़ होगी। आपके काम का रवैया तो निलंबित करने जैसा है।



# हादसे में आर्मी जवान का परिवार खत्म, सिर्फ पत्नी बची

**दर्दनाक हादसा**

### पांच लोगों की मौत, 18 दिन की मासूम बेटी के इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे

**बहराइच।** जिले में बेकाबू डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इसमें आर्मी जवान, उनके माता-पिता और 18 दिन की बेटी और रिश्तेदार (ड्राइवर) शामिल हैं। पत्नी गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि बीमार बच्ची का इलाज करवाने परिवार लखनऊ जा रहा था। हादसा कैसरगंज थाना के करीम बेहड़ गांव के पास मंगलवार सुबह 9 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार डंपर में चिपक गई थी। घायल कार में तड़प रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार के दरवाजे काटकर घायलों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीन की मौत हो गई थी। 3 को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया, लेकिन दो लोगों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। कैसरगंज थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा ने कहा, हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मरने वालों की पहचान मटेरा चौराहा निवासी सेना जवान अबरार (28), उनके पिता गुलाम हजरत (60) और मां फातिमा (56), 18 दिन की मासूम बच्ची हानिया और ड्राइवर चांद (27) के रूप में हुई है। वहीं, अबरार की पत्नी रुकैया (24) घायल हैं। हादसे की जानकारी पर मटेरा पूर्व मंत्री यासर शाह जिला अस्पताल पहुंचे थे।



## 'ये डबल इंजन नहीं, डबल ब्लंडर की सरकार'

**सरकार को घेरा**

### महाकुंभ में जाम पर बोले अखिलेश यादव

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ में भारी भीड़ के चलते जाम लगने पर सपा मुखिया अखिलेश ने प्रदेश सरकार को घेरा। कहा, यह डबल इंजन नहीं, डबल ब्लंडर की सरकार है। अखिलेश ने कहा कि सरकार का दावा था कि 100 करोड़ लोगों का इंतजाम किया गया है लेकिन पहले ही स्नान में व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि भगदड़ में मारे गए लोगों की संख्या तक की जानकारी नहीं दी जा रही है। महाकुंभ के लिए लगे ट्रैफिक जाम पर अखिलेश ने कहा कि लोग 3-3 दिन तक गाड़ियों में बैठे हुए हैं। न सिर्फ शहर के बाहर बल्कि भीतर भी प्रयागराज के लोग हाउस अरेस्ट हैं। राज्य सरकार ने सिर्फ इमेज चमकाने की कोशिश की जबकि ये धार्मिक काम है और इसमें इमेज चमकाने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। कन्नौज सांसद ने कहा कि सरकार की नीति केवल प्रचार करने की है। महाकुंभ की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार की थी। डबल इंजन की सरकार को दिल्ली (केंद्र) सरकार से भी बजट लेना चाहिए था। अखिलेश ने पूछा कि क्या सरकार ड्रोन से मॉनिटरिंग नहीं करा सकती थी? प्रयागराज में स्थानीय लोगों द्वारा श्रद्धालुओं की मदद करने का जिक्र करते हुए कहा, हिंदू और मुस्लिम दोनों मदद कर रहे हैं।



# ईवीएम से डेटा डिलीट नहीं करे चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के वेरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक ईवीएम में कोई डेटा रिलोड न करें, न कोई डेटा डिलीट करें।इलेक्शन कमीशन को अब सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर डिलीट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी। सीजेआई ने कहा, यह कोई विरोध की स्थिति नहीं है। अगर हारने वाले उम्मीदवार को कोई स्पष्टीकरण चाहिए, तो इंजीनियर यह स्पष्ट कर सकता है कि कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

### हारा उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहे तो इंजीनियर को बताना होगा छेड़छाड़ नहीं हुई

सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और 5 बार के विधायक लखन कुमार सिंगला ने लगाई थी। उन्होंने कोर्ट से ईवीएम की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के 4 कम्पोनेंट्स-कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपैट और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजिनल बर्न मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी बनाए। 13 दिसंबर 2024 को हुई सुनवाई में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने अपीलकर्ताओं से कहा कि याचिका यहां क्यों लाए हो, इसे पुरानी बेंच के पास भेजना चाहिए। इससे पहले 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पुराने बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका खारिज की थी और ईवीएम में गड़बड़ी की बात को निराधार बताया था। कोर्ट ने कहा था कि ईवीएम सेफ है, इससे बूथ कैप्चरिंग और फेक वोटिंग बंद हुई है।



### एलओसी के नजदीक एलईडी ब्लॉस्ट: 2 जवान शहीद

**जम्मू।** जिले के अखनूर सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास लालोली इलाके में एलईडी ब्लास्ट होने से भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए, जबकि एक जवान गंभीर रुप से घायल हो गया। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक, यह धमाका मंगलवार दिन के करीब 3:30 बजे भट्टल इलाके में हुआ, जबकि सेना की एक टीम गश्त पर थी। ब्लास्ट के तुरंत बाद सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे जम्मू जिले के खौर थाने के अंतर्गत केरी बट्टल क्षेत्र में एलओसी के नजदीक आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें 3 जवान घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 2 जवानों की इलाज के दौरान मौत हो गई, वहीं एक अन्य जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# भू माफिया घोषित करने पर उठाया सवाल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना किसी कानून के लोगों को भू माफिया घोषित करने पर सवाल उठाया है। कोर्ट ने राज्य के सचिव को निर्देश दिया कि वे तीन सप्ताह में हलफनामा दायर करके जवाब दें। कोर्ट ने अगले आदेश तक याचिकाकर्ता को भू-माफिया घोषित करने पर रोक लगा दी। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति दोनादी रमेश की खंडपीठ ने बनवारी लाल की याचिका पर दिया।आगरा निवासी याचिकाकर्ता ने उसे भू-माफिया घोषित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उसने अपना नाम भूमि हड़पने वालों की सूची से हटाने की प्रार्थना की थी। याची का कहना था कि उनके विरुद्ध स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण करने का एक मात्र आरोप था। उसमें भी कोई तथ्य नहीं पाया गया। जिला मजिस्ट्रेट, आगरा के कार्यालय ने भी उसका नाम भूमि हड़पने वालों की सूची से हटाने के लिए अधिकारियों को लिखा था। इसके बाद भी राज्य के अधिकारियों ने भू-माफिया की सूची से नाम नहीं हटाया। याची अधिवक्ता ने दलील दी कि किसी व्यक्ति को भू-माफिया घोषित करने से उसकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जो सम्मान के साथ जीने के उसके अधिकार का अभिन्न अंग है। यह दलील दी गई कि राज्य प्राधिकारियों की किसी व्यक्ति को भूमि हड़पने वाला घोषित करना तथा इस प्रकार आम जनता के बीच उसकी प्रतिष्ठा और गरिमा का उपहास उड़ाना पूरी तरह से असंवैधानिक है। जिस सरकारी आदेश का सहारा लिया गया है, उसमें केवल भूमि हड़पने वालों की ओर से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एक कार्यबल बनाने की बात की गई है। ऐसा आदेश किसी व्यक्ति को भूमि हड़पने वाला घोषित करने का आधार नहीं बन सकता है।

**निर्देश**

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार से तीन सप्ताह में हलफनामा दायर कर मांगा जवाब



## श्रद्धालुओं का वाहन ट्रक से टकराया, सात की मौत

**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में मंगलवार सुबह कुंभ यात्रियों का वाहन एक ट्रक से टकरा गया। हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। इसके बाद दो अन्य कारें भी हादसे की चपेट में आईं। हादसा सिहोरा के पास हुआ है। ट्रैवलर वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। हादसे में सात लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं कई लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, ट्रैवलर वाहन के पीछे चल रही कार भी हादसे का शिकार हुई। घायल हुए लोग आंध्र प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं।

वहीं, ट्रैवलर वाहन के पीछे चल रही कार भी दुर्घटनाग्रस्त हुई, लेकिन एयर बैग की वजह से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## मौत के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिला जज संजीव कुमार पाण्डेय की अदालत ने एक होटल के खिड़की से लड़की प्रियंका संदिग्ध रूप से गिरने पर हुए मौत के मामले में आरोपी फुरकान की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट में डीजीसी फौजदारी मुनीब सिंह चौहान ने पैरवी की। प्रकरण के अनुसरब विगत साल 19 दिसंबर को रामकटोरा स्थित एक होटल से प्रियंका गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बाद में उसकी मौत हो गई।


# नो हेलमेट नो फ्यूल लागू कराने के लिए सड़क पर उतरे अधिकारी

**सख्ती**

**पेट्रोल पम्पों पर अधिकारियों ने चालकों से की अपील कई को नहीं दिया पेट्रोल**

**हेलमेट ना पहनने वाले 62 दो पहिया वाहन चालकों का किया चालान**





**वाराणसी।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की ओर से लागू किये गये नो हेलमेट नो फ्यूल के नियमों को कड़ाई से पालन किये जाने को लेकर मंगलवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सड़क पर उतर लोगों को इसका महत्व बताया। सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनता को जागरूक करने तथा मार्ग पर दुपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में मृतकों एवं घायलों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा नो हेलमेट नो फ्यूल की पॉलिसी लागू की गई है। प्रदेश सरकार की इस नीति का परिवहन विभाग वाराणसी द्वारा कड़ाई से अनुपालन के तहत मनोज कुमार वर्मा संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के नेतृत्व में के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में न केवल मार्ग पर हेलमेट न पहनने वाले के प्रति चालान की कार्रवाई की गई बल्कि वाराणसी जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर भी नो हेलमेट नो फ्यूल की पॉलिसी के अनुपालन की भी जांच की गई। जिन पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया जा रहा था उन पेट्रोल पंपों पर संबंधित को चेतावनी देने के साथ-साथ ही नो हेलमेट के चालान भी किए गए। प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हेलमेट ना पहनने के अभियोग में 62 चालान भी किए गए। यह अभियान परिवहन विभाग द्वारा लगातार चलाया जाएगा। अभियान में श्यामलाल, सुधांशु रंजन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), वाराणसी व मिथिलेश कुमार, राजकुमार, अखिलेश पांडेय यात्रीकर अधिकारियों ने सहयोग किया।

## नवनिर्मित मकान से चोरों ने की हजारों की चोरी

**वाराणसी।** बड़ागांव ।बीना जायसवाल आरटीओ ऑफिस के बगल में रुद्रा पुष्पक विहार कॉलोनी के प्लाट नंबर 97 में अपने रिटायर्ड पति के साथ अपने नवनिर्मित मकान में रहती है। उन्होंने बताया कि हमारे नवनिर्मित मकान से 29 जनवरी 2025 को रात में अज्ञात चोरों द्वारा गेट से चढ़ कर घर में घुसकर दरवाजा तोड़कर घर में रखा सीपी प्लस डीवीआर, राउटर फिटिंग का सारा सामान, सोनी टीवी, बिजली का स्टेपलाइजर साढ़े सात वाट का, लुमिनस इनवर्टर, बैटरी, चार सिलिंग पंखा, वायरिंग का 10 बंडल तार, तथा वायरिंग के अन्य सामान व उपकरण रात में चोरी की गई है मैंने सुबह पीआरबी 112 पर कॉल किया मौके पर थाने के सब इंस्पेक्टर पंकज सिंह चौहान भी आए और जांच पड़ताल कर चले गए थाने पर तहरीर देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ जबकि यह तीसरी बार चोरी हुई है। बड़ागांव पुलिस 10 फरवरी को मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी दंडित

**वाराणसी।** चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने एक अभियुक्त को दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अनुभव द्विवेदी की अदालत चौबेपुर निवासी अभियुक्त अखिलेश गुप्ता को बीस साल के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अदालत में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी वादी मुकदमा ने चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि तीन अगस्त 2018 को उसकी चार वर्षीय मासूम बच्ची को उसके पड़ोस में रहने वाला अभियुक्त अखिलेश गुप्ता बहला-फुसलाकर अपने घर में ले गया और ऊपर बने टीनशेड के कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वादी और उसकी पत्नी वहां पहुंची तो देखा कि उसकी पुत्री लहूलुहान हालत में पड़ी थी और अभियुक्त वहां खड़े होकर खून साफ कर रहा था। वादी और उसकी पत्नी को देखते ही अभियुक्त वहां से भाग निकला। इस मामले में पुलिस ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत ने मुकदमे के विचारण के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त के अपराध को जघन्य मानते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### गैंगस्टर मामले में आरोपी को दो साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) मनोज कुमार सिंह की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में आरोपी चमाव, शिवपुर निवासी अभियुक्त छोटेलाल उर्फ लल्लू को दोषी पाते हुए दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर पांच हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी ज्योति शंकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार शिवपुर थानाध्यक्ष क्षेत्र में गशत कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि अभियुक्त राधेश्याम लोहार उर्फ लल्लू, एक खूंखार किस्म का गिरोहबन्द अपराधी है। जिसने अपना एक गिरोह बना रखा है। यह अपने गैंग के सदस्यों की मदद से स्वयं व अपने गिरोह के सदस्यों के लिए अपराध करके आर्थिक लाभ प्राप्त करता है। इसके गैंग के अन्य सदस्यों में इसके अतिरिक्त इसका भाई छोटेलाल उर्फ लल्लू तथा राजू मिश्रा व वेदी भर हैं। जिनकी मदद से यह गैंग का सरगना बन गया है। इसका भय एवं आतंक बुरी तरह से क्षेत्र में व्याप्त है। जिसके चलते कोई भी व्यक्ति इसकी शिकायत करने या पुलिस में एफआईआर लिखाने अथवा न्यायालय में गवाही देने की हिम्मत नहीं करता है। छोटे लाल उर्फ लल्लू इसका दाहिनां हाथ बना हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कर छोटेलाल उर्फ लल्लू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### पत्नी से विवाद में टोटो चालक ने की आत्महत्या

**चौबेपुर।** पत्नी से आये दिन विवाद से परेशान होकर घर से गायब टोटो चालक ने गंगा में छलांग लगाकर जान दे दी।उसका शव मंगलवार को गौरा उपरवार मौनी बाबा आश्रम के सामने गंगा की रेती पर बरामद हुआ। पुलिस ने शव को गंगा नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त सफल गुप्ता 28 निवासी खरगूपुर बरन बाजार जंसा के रुप में उसकी बहनें बंदना व शालू ने मंगलवार की सुबह चौबेपुर थाने आकर किया। बहनों ने बताया कि वह 6 दिनों से टोटो चलाने निकला था तभी से गायब हो गया था। उसके पत्नी तन्नू अग्रहरी ऊर्फ संजना से उसका विवाद चल रहा था। कुछ वर्षों तक बहनों के यहां रहता था लेकिन पत्नी की जिद पर वह नदेसर में किराए पर रहने लगा ।उसे 7माह की बेटी शुभांगी है ।इधर उसकी पत्नी इन दिनों मायके बिहार के छपरा ताजपुर बसही में है। सोमवार की रात गौरा उपरवार मौनी बाबा आश्रम के सामने उसका शव गंगा की रेती पर मिला ।एक मछुवारे ने देखा तो उसके पैंट से आधार कार्ड बरामद किया गया ।जिसे पुलिस को दी। रात में गंगा में नाव का संचालन न होने से शव मंगलवार की सुबह चौबेपुर पुलिस ने बरामद कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

### गुलरिया घाट पर मिला युवक का शव

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के गुलरिया घाट पर मंगलवार को 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के दाहिने हाथ पर ऊं गोदना से बना है। पुलिस की माने तो मृतक देखने से लग रहा था कि घाट किनारे घूमकर रहता था। रात में घाट के किनारे सोया था। सोते समय उसकी मौत हो गई।

जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3453476 का मूल अंक प्रमाण पत्र खो गया है। नाम दुर्गेश प्रसाद प्रजापति पुत्र रघुवंश प्रजापति ग्राम-सपही, पोस्ट-वाजिदपुर, जिला-जौनपुर।

मेरा उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मौलवी वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2027581 का अंक पत्र मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। अरशद अली पुत्र नबी शेख, ग्राम व पोस्ट-रामपुर, जिला-चंदौली।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 25735585 व इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217077988 का सह मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। मुस्कान खान पुत्री इस्तेखार खान ग्राम-ठेकहां, पो०-ठेकहां, तहसील-चकिया, जिला-चंदौली उ.प्र.।

मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम वर्षा देवी दर्ज है। जो सही है। जबकि मेरे प्रमाण पत्र में मेरा नाम बसंती तिवारी है और हमको लोग वर्षा नाम से भी पुकारते है और जानते हैं। अतः बसंती तिवारी उर्फ वर्षा देवी पत्नी सुशील कुमार ठाकुर, ग्राम-राजपुर, पोस्ट-चारघाट, थाना-विहियां, जिला-भोजपुर, प्रांत-बिहार में पहचान एवं पता का मेरे अलावा अन्य कोई व्यक्ति नहीं है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है-बाबा रामदेव स्मारक महाविद्यालय बरतर नोनहरा गाजीपुर, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय अतिरिक्त विषय अंग्रेजी-1 प्रवक्ता, अर्थशास्त्र-1 प्रवक्ता एवं स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय (बीकॉम) पाठ्यक्रम में मानकानुसार आवश्यक प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी, उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार दे होगा। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं फोटो विज्ञापन के 21 दिनों के अंदर संस्था के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9984620802

आवश्यकता है-सत्यदेव डिग्री कॉलेज,गाधिपुरम बोरसिया फदनपुर गाजीपुर, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय शरीरिक शिक्षा व स्नातकोत्तर स्तर पर समाजशास्त्र विषयों में मानकानुसार आवश्यक प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी ,उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार दे होगा। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं फोटो विज्ञापन के 21 दिनों के अंदर संस्था के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-774905302

आवश्यकता है-बलराम महाविद्यालय मनिहारी गाजीपुर, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बीएससी) में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान व वनस्पति विज्ञान विषयों में मानकानुसार आवश्यक प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी,उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखो की छाया प्रति एवं फोटो विज्ञापन के 21 दिनों के अंदर संस्था के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9838070794

आवश्यकता है महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ से सम्बद्ध गंगा देवी लॉ कॉलेज, बाबतपुर वाराणसी में एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्क्रम हेतु स्वर्वितपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य, प्रवक्ता पद हेतु योग्यता एवं शर्ते यूजीसी एवं बार काउंसील ऑफ इंडिया व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरूप पद हेतु आवेदन अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं फोटो के साथ दो प्रतियों में विज्ञापन के 7 दिनों के अंदर करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष/। ईमेल द्वारा दी जायेगी। सम्पर्क सूत्र- 8429643361,9517014343, 9936085516,gangadevitrust@gmail.com

**आवश्यकता है**

सत्र-2024-25 भगवान आदर्श महाविद्यालय बी0 टी0 सी0 संस्थान चक्रपाणिपुर (कनैला) आजमगढ़ (अल्पसंख्यक संस्था) सम्बद्ध राज्य शैक्षिक अनुसंधान शिक्षा परिषद लखनऊ व शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में बी0 टी0 सी0 सीटों पर प्रवेश आनलाइन आवेदन हेतु www.babtccollege.org.in पर आवेदन करें एवं पंजीकृत डाक द्वारा दो फोटोग्राफ बायोडाटा, फोन नं0 तथा समस्त अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र की छायाप्रति के साथ आवेदन आमंत्रित है। अल्प संख्यक छात्रों से रिक्त सीटों पर अन्य अभ्यर्थियों का प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। योग्यता शासनादेश के अनुसार।
प्रबंधक
मो0-9415443050, 9450500450

## खेत में मिला अधजला शव



**लोहता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटवा डिहवा नई बस्ती में मंगलवार को सुबह सरसों के खेत में अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह कोटवा डिहवा नई बस्ती में प्रदीप सिंह के सरसों के खेत में जला हुआ एक अधेड़ का शव मिला देखते ही लोगों की भीड़ जुट गई सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिये पुलिस ने फोरेंसिक टीम को सूचना दिये फोरेंसिक टीम मौके पर आये जांच पड़ताल किये मृतक का उपर का शरीर जला हुआ था दोनों आंखें फोड़ दिये थे पुलिस ने शिनाख्त कराने में जुट गए लोगों ने बताया कि यह शव कोटवा डिहवा निवासी भैया लाल पटेल 52 वर्ष है पुलिस नै मृतक के परिजनों को सूचना दिये सूचना मिलते हे परिवार के लोग आये शिनाख्त किये शव को देखकर बौखलाये परिजनो ने कोटवा पकवान चक्का जाम कर दिये चक्का जाम की सूचना मिलते हि पुलिस मौके गये परिजनों को समझाने लगे लेकिन परिवार के लोग माने नहीं कहने लगे जब से उच्च अधिकारी आयेंगे नहीं तब तक चक्का जाम रहेगा एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा मौके पर गये लोगों को समझाने लगे लेकिन जनता माने नहीं हत्या करने वाले को गिरफ्तारी की मांग करने लगे भाजपा के नेता बिपिन पांडेय ने मृतक की पत्नी उषा देवी से रोहनिया विधायक सुनील पटेल से उचित मुआवजा देने का आश्वासन देकर चक्का जाम समाप्त हुआ मृतक को तीन पुत्री है दो की शादी हो चुकी है एक बाकी है एक पुत्र सूरज है मृतक की पत्नी उषा देवी रो रो के बुरा हाल हो गई है।

# दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो ट्रक में भिड़ी, चार घायल

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के सामने एक ढाबा पर खड़ी ट्रक में पीछे से दर्शनार्थियों से भरी बोलोरो भीड़ गई। जिसमें उसमे सवार एक महिला समेत 4 लोग घायल हो गए। सभी को एम्बुलेंस से पीएचसी पिंडरा में भर्ती कराया गया। घटना मंगलवार की भोर साढ़े तीन बजे की बताई जाती है।

बताते हैं कि छत्तीसगढ़ निवासी 7 लोग बोलोरो से प्रयागराज से कुम्भ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन कर काशी आ रहे थे। तभी रामपुर स्थित रेखा ढाबा के पहले से सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में बोलोरो चालक को झपकी आ गई और उससे जा भिड़ा। जिससे उसमे सवार सोनमत्ती देवी पत्नी लालबिहारी 57, अविनाश सिंह पुत्र सतीश सिंह 15 वर्ष, शिवकुंती पत्नी यमुनाराम 38 वर्ष सभी निवासी नामाडीह टीकमगढ़ जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ तथा राजाबाबू पुत्र प्रदीप कन्नौजिया 29 वर्ष चोटिल हो गए।




सूचना पर पहुची एम्बुलेंस ने सभी को पिंडरा पीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां सोनमत्ती का रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होने पर रेफर कर दिया गया। अन्य 3 को मरहम पट्टी कर छोड़ दिया गया। घटना में बोलोरो ड्राइवर चंदन कन्नौजिया निवासी बाड़प नगर थाना बसंतपुर छत्तीसगढ़ बाल बाल बच गया। लेकिन बोलोरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

वही घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला।

# पक्षकार बनाने की अर्जी को रिकॉल का आवेदन खारिज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) युगल शंभू की अदालत ने मंगलवार को ज्ञानवापी के मूलवाद में हरिहर पांडेय की बेटीओं की ओर से कोर्ट में दाखिल पक्षकार बनाने संबंधित अर्जी को रिकॉल करने की आवेदन खारिज कर दी।

वादी रहे मृतक हरिहर पाण्डेय की बेटियों के प्रतिस्थापन करने संबंधित पर अब सुनवाई नहीं होगी। पिछले तिथि पर वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी। बेटियों की ओर से अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव की ओर से पक्ष रखा की उक्त अर्जी पर पूर्व के अधिवक्ता ने बल नहीं दिया जिसके कारण एक पक्षीय खारिज हो गया था। रिकॉल संबंधित अर्जी पोषणीय है । रिकॉल कर उक्त अर्जी पर सुनने की गुहार लगाई है। वाद मित्र की ओर से कहा गया कि उक्त अर्जी मेरिट पर निस्तारित की गई है। इस आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में ही रिवीजन कर सकते है । विपक्षीगण की रिकॉल संबंधित अर्जी पोषणीय नहीं है। खारिज करने की गुहार लगाई।

बता दें कि हरिहर पांडेय के देहांत के बाद बेटियों ने खुद को पक्षकार बनाने की मांग की है। पिछले तिथि पर उक्त मुकदमे के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने पक्षकार बनने सबंधित अर्जी पर आपत्ति दाखिल थी । मूल वाद के पक्षकार हरिहर पांडेय की तीन पुत्रियों मणिकुंतला तिवारी, नीलिमा मिश्र, रेनू पांडेय की ओर से अर्जी दाखिल कर पक्षकार बनाने सबंधित अर्जी दी गई है। हरिहर पांडेय की मृत्यु के बाद इस मुकदमे को संचालित करने के लिए पक्षकार बनाने की गुहार लगाई गई है। पहले इस अर्जी को हरिहर पाण्डेय की बेटियों की ओर से बल नहीं दिया। बलहीन के वजह से खारिज हो गया था। फिर तीनों बेटियों की ओर से उक्त अर्जी को रिकॉल करने की गुहार लगाई गई है। रिकॉल संबंधित अर्जी पर सुनवाई के लिए वाद लंबित है। पिछले तिथि पर कोर्ट ने वादी रहे मृतक सोमनाथ व्यास के भतीजा योगेन्द्र नाथ व्यास की ओर से पक्षकार बनने संबंधित अर्जी खारिज कर दी थी।

### मारपीट में अधिवक्ता ने दी तहरीर

**वाराणसी।** कैन्ट क्षेत्र के सिकरौल निवासी अधिवक्ता ने लहरतारा से घर वापसी के दौरान पहलू का पूरा पुल के पास जान से मारने की नियत से पांच लोगों द्वारा घेर कर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के के मामले में एक नामजद व अन्य चार के खिलाफ कैन्ट में मुकदमा दर्ज कराया। अधिवक्ता सत्य दीप यादव के अनुसार वह लोहता के भीटारी में एक वादी के मुकदमें की पैरवी करते है जिससे खार खाये लोगों में एक मुन्नू निवासी फुलवरिया अपने अन्य चार साथियों के साथ मंगलवार की रात जब वह लहरतारा से घर वापस जा रहे थे पहलू का पूरा पुल के पास रोककर मुकदमे की पैरवी न करने धमकी देते हुए मारपीट की, मोबाईल तोड़ दिया और न मानने पर परिवार सहित उनकी हत्या करने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## बंद मकान में चोरों ने लगायी सेंध

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत बच्छाव गांव निवासी वंदना देवी ने बताया कि वह 2 फरवरी को अपने मायके जमनिया गाजीपुर पति व बच्चों के साथ गई थी जब 4 फरवरी को घर वापस लौटी तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था जब अंदर जाकर देखा तो बेडरूम का दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी एवं अलमारी में रखे सामान बिखरे पड़े थे जिसमें रखे कर सोने के कड़े एक सोने की चेन एक सोने की अंगूठी तीन कान के झुमके एक नथिया दो पजनी बच्चों का दो जोड़ी पायल कर सोने का लॉकेट दो करधनी बच्चों की कड़ा ,बिछिया, नाक के कील सहित 25 हजार नगद चोरी हो गई थी जिस पर पीड़िता ने नजदीकी चौकी पर सूचना दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया जिसके बाद पीड़िता ने रोहनिया थाने पर लिखित तहरीर दी जिसके बाद सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया।

## रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी में केस

**वाराणसी।** पूर्व परिचित द्वारा व्यवसाय के नाम पर लाखों रुपये लेकर न देने और मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस आयुक्त के आदेश पर एक नामजद के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में कैन्ट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

पीड़ित ओम कालेश्वर राजघाट निवासी कैफी द्वारा पुलिस आयुक्त को दिए तहरीर में अवगत कराया गया कि उनके पूर्व परिचित छोटी पियरी, चौक निवासी नफीस खान से सितम्बर 2023 में कचहरी में मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान नफीस ने रेडिमेड गारमेंट्स व्यवसाय में लाभ व हिस्सेदारी के नाम पर मुझसे 4 लाख 65 हजार की मांग की जिसे वह 30 सितम्बर को उनके खाते में ऑनलाइन 4 लाख 50 हजार ट्रांसफर किया। शेष बचे रुपये का भुगतान समय समय पर किया। विश्वास के लिए नफीस ने 6 जनवरी 2024 को अपने बैंक का तीन चेक अलग अलग मूल्य का दिया जिसे तीन माह बाद बैंक में लगा कर भुगतान करने के लिये दिया। समय के बाद जब उसे हमने मई 2024 को बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया। जब इसकी जानकारी नफीस को दिया तो उसने किसी तरह 24 हजार वापस किया और भुगतान तीन माह के अंदर करने का आश्वासन दिया। समय बीतने पर जब नफीस से बकाया भुगतान की बात की तो वह भुगतान न करने व जान से मारने की धमकी दी।इस मामले की सूचना कैन्ट पुलिस को देने के बाद कोई करवाई नही हुई।

### बस में पकड़े गये 34 बेटिकट यात्री



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को चूना लगा रहे लोगों पर कार्रवाई के लिए रोडवेज वाराणसी परिक्षेत्र की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में अभियान चलाकर वाराणसी परिक्षेत्र के तहत आने वाले सोनभद्र डिपो की बस में जांच के दौरान कुल 34 बेटिकट यात्री को पकड़ा गया। वाराणसी क्षेत्र के सोनभद्र डिपो की बस संख्या यूपी 65 इटी 9693 जो बीजपुर मार्ग पर संचालित होती है, चिालक श्रीकृष्ण बिहारी पाण्डेय तथा परिचालक मनीष गौतम थे, वाहन का निरीक्षण एआरएम सोनभद्र द्वारा करने पर 34 यात्री बिना टिकट पाये गये। उक्त मार्ग पर एटीआई अशोक विश्वकर्मा व राजबहादुर सिंह कार्य कर रहे थे।

**सुदामा देवी महिला महाविद्यालय**
**चन्दौली**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय में एम0काम0 पाठ्यक्रम के प्रवक्ताओं की योग्यता एवं वेतन यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 दिन के अन्दर 4 पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर आवदेन करें।
प्रबन्धक-मो0-9450555577

**बसन्त रामनगीना महाविद्यालय**
**धरॉव, चन्दौली**


में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में इतिहास, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी एवं भूगोल, विषयों में प्रवक्ताओं की योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 दिन के अन्दर 4 पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक-मो0-9450555577

## अस्पताल में मरीज का शव मिलने से सनसनी

**संदिग्ध**

**परिजनों के ना रहने पर रात्रि में सो रहा था स्टॉफ**

**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल के मेडिकल वार्ड स्थित शौचालय में एक मरीज का शव मिला। जो घंटों उसी में फर्स पर पड़ा रहा। हालांकि यह मामला 9 फरवरी रविवार की भोर का है। मरीज का नाम सुनील चौहान उम्र 26 वर्ष बताया जा रहा है। जिसे दो दिन पहले मेडिकल वार्ड में स्थित छ बेड के टीवी वार्ड में रखा गया था।



जिसके परिजन मरीज को खाना खिलाकर चले गए। अन्य मरीजों के परिजनों की माने तो अल सुबह मरीज बाथरूम करने गया तो बाथरूम में ही गिर गया। और वहीं पर उसकी मौत हो गई। अगल-बगल के मरीजों के परिजनों ने बगल के कमरे में दरवाजा बंद कर सो रही तीन महिला स्टाफ नर्सों को दरवाजा पीट कर काफी देर तक जगाने का प्रयास किया गया। तब जाकर सभी स्टाफ के लोग उठकर मरीज को चादर में लपेटकर घसीटते हुए बाहर ले आए। यह सब वाक्या अस्पताल के सीसी फुटेज में कैद हो गया। इस संबंध में पुलिस को कोई खबर नहीं दी गई। कुछ देर बाद मरीज के परिजन आए। और व्यवस्था को कोसते हुए शव लेकर अपने घर चले गए। इस संबंध में अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि मृतक टीवी का मरीज था। जिसके मामले की पूरी जानकारी मैने वार्ड में खुद जाकर किया। और मेडिकल वार्ड के शौचालय का भी मौका मुआयना किया।साथ ही वार्ड के स्टाफ और डाक्टरों के साथ मीटिंग किया। लेकिन इसकी जांच सीसी फुटेज के माध्यम से कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## अधिकारियों ने संभाली व्यवस्था, किया निरीक्षण

**वाराणसी।** संत रविदास जयंती को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने मौके का दौरा किया और संत निरंजन दास से मुलाकात कर हाल जाना। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि रैदासियों का जुलुस अब जंगमबाड़ी से निकलेगा। शहर में पार्किंग के उचित इंतजाम किए गए हैं और घाट किनारे स्नान के लिए बैरिकेटिंग की गई।



संत की जयंती से पहले वाराणसी का प्रशासनिक अमला सिरगोवर्धन पहुंचा और संत निरंजन दास के दर्शन कर संत शिरोमणि की जन्मस्थली पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी और पुलिस कमीश्नर के साथ पूरा प्रशासनिक महकमा इस दौरान मौजूद था और एक एक व्यवस्था को पूरी तरह से खंगाला। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि तैयारी पूरी कर ली गई है। घाट पर स्नान करने वालों के लिए बैरिकेटिंग होगी इसके साथ ही पार्किंग की भी उचित व्यवस्था है। रैदासियों की यात्रा अब मैदागिन के बजाय जंगमबाड़ी से होगी। इसके अलावा पुलिस प्रशासन की विशेष व्यवस्था की गई है। महिला सुरक्षा प्राथमिकता पर होगी और इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों से भी पूरी नजर रखी जाएगी। इन्होंने सन्यासियों के नगर प्रवेश के इंतजाम पर कहा कि अपील की गई है कि रात को नगर प्रवेश करें या फिर दूसरे दिन। पुलिस कमीश्नर मोहित अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है।

**वाराणसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी**

पत्रांक-491/163 काम-वा0वृत्त/2024-25 दिनांक-03.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के निम्नानुसार निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु श्रेणी के पात्र एवं पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधि0अभि0 कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | वाराणसी | मोहनसराय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर बने मालवीय पुल के ड्रेनेज स्पाउट, एक्पेंशन ज्वाइंट के विशेष मरम्मत का कार्य। | 300.00 | 17.00 | 2714.00 | 5 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी | वा0वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी | वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी | A |
| 2 | वाराणसी | भोजूबीर सिन्धौरा मार्ग किमी0-1.885 से 3.885 तक स्टार्म वाटर पाईप लाइन डालने के उपरान्त रिस्टोरेशन मरम्मत एवं सतह सुधार का कार्य। | 323.24 | 18.16 | 2714.00 | 5 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A |

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 14.02.2025 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 28.02.2025 अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 28.02.2025 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक दिनांक 28.02.2025 को 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओ का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तो/नियमों की अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गई है, जो सही है।

(के0के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.-228656 दिनांकः-10.02.2025
वेबसाइटः-www.upgov.nic.in

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
88250/inc.GST


चांदी (99.50)
95300/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी





## शाम छह बजे के बाद नौका संचालन बंद

वाराणसी। बनारस में मंगलवार को भारी भीड़ के चलते गंगा में चलने वाली नावों पर शाम छह बजे के बाद रोक लगा दी गई है। सुबसे से गंगा घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ लगी है। काशी में भीड़ के चलते मंगलवार की शाम छह बजे के बाद नौका संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। नाव संचालकों को अनाउंस कर नियम का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। बता दें कि मंगलवार की सुबह से शहर की सड़कों से लेकर गलियों तक श्रद्धालु ठसाठस भरे रहे। गंगा घाटों पर भक्तों की कतारें देखने को मिलीं। वहीं गोदौलिया से दशाश्वमेध मार्ग पर केवल लोगों के सिर ही दिख रहे थे। वहीं चौक थाने के सामने श्रद्धालुओं की ऐसी भीड़ रही कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी। गंगा में चल रही नावें फुल रहीं। पर्यटकों से सभी घाट पटे पड़े हैं। वहीं शहर में सभी रेलवे स्टेशन के बाहर जाम के चलते हाल बेहाल है। पर्यटकों को कोई साधन तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोग पैदल ही शहर की ओर निकल पड़े हैं। प्रयागराज से गोरखपुर समेत पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के लिए लोगों को ट्रेन और बसों में जगह नहीं मिल रही तो वे पहले काशी आ रहे हैं। इसके बाद यहां से बस या ट्रेन में सवार होकर अपने गंतव्य स्थल के लिए रवाना हो रहे हैं।

# रेलवे स्टेशनों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## काशी में गंगा आरती फिलहाल स्थगित

**निर्णय**

### श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के चलते लिया गया फैसला

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** महाकुंभ की भीड़ काशी में होने के चलते गंगा घाटों पर होने वाली गंगा आरती को स्थगित कर दिया गया है। जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि गंगा आरती के लिए घाटों पर भीड़ न इकट्ठा करें। काशी में भीड़ के चलते मंगलवार की शाम छह बजे के बाद नौका संचालन बंद करने के साथ ही गंगा आरती को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से यह निर्णय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए लिया गया है। इस दौरान सांकेतिक रूप से मां गंगा की आरती की जाएगी। भक्तों से अनुरोध किया जा रहा है कि गंगा आरती देखने के उद्देश्य से घाटों पर न आएं। मंगलवार की सुबह से शहर की सड़कों से लेकर गलियों तक श्रद्धालु ठसाठस भरे रहे। गंगा घाटों पर भक्तों की कतारें देखने को मिलीं। वहीं गोदौलिया से दशाश्वमेध मार्ग पर केवल लोगों के सिर ही दिख रहे थे।

## ललिताघाट पर श्रद्धालुओं का रेला, चौक क्षेत्र में भक्तों की लगी रही भारी भीड़

**महाकुंभ का असर**

### वाराणसी से अयोध्या जाने वाले यात्रियों की छूट गई ट्रेन

**वाराणसी।** वाराणसी में स्टेशनों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। स्टेशन पर भीड़ इस कदर हो रही कि वाराणसी से अयोध्या जाने वाले यात्रियों की ट्रेन छूट गई। वहीं आरक्षण वाले यात्रियों को फर्श पर जगह मिल रही है। महाकुंभ के पलट प्रवाह और अयोध्या आवाजाही करने वाले यात्रियों से स्पेशल ट्रेनें ठसाठस हैं। अर्श जैसा किराया देने के बावजूद एसी और स्लीपर के यात्री फर्श पर टॉयलेट के पास यात्रा करने को मजबूर हैं। भीड़ ऐसी कि कोच में सवार तक नहीं हो पा रहे हैं। रोजाना ट्रेनें छूट रही हैं। रिफंड तक नहीं मिल रहा। ऐसे में सिर्फ परेशानियों की रेल दौड़ रही है। कैंट स्टेशन से अयोध्या जाने वाली 15743 फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 में जनक सिंघल समेत छह यात्रियों का आरक्षण था। यात्री अतुल कुमार ने बताया कि लिच्छवी एक्सप्रेस के थर्ड एसी में सफर के लिए 3000 रुपये दिए, लेकिन अपनी सीट पर बैठ नहीं सका।


ललिताघाट पर लगी भारी भीड़

### कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर डिस्प्ले बोर्ड बंद

यात्री अभिषेक भट्ट ने एक्स और रेल मदद एप पर शिकायत दर्ज कराई कि कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर डिस्प्ले बोर्ड बंद रहे। 15125 ट्रेन के इंतजार में एक हजार से अधिक यात्री रहे। मगर, सही सूचनाएं नहीं मिल पाई। वहीं, कैंट स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ का स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता समेत अन्य अधिकारियों ने हाल जाना। सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री हॉल, प्लेटफॉर्मों, प्रथम और द्वितीय प्रवेश द्वार के होल्डिंग एरिया, एफओबी, एटीवीएम, जनरल काउंटर आदि का निरीक्षण किया।

# तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया काशी का प्रसाद



**सेवा शिविर**

### आईआईए की तरफ से मलदहिया चौराहे पर चलाया गया भंडारा

**वाराणसी।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) तथा श्रीआदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास के संयुक्त बैनर तले सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत मलदहिया चौराहे के समीप मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें महाकुंभ से काशी आ रहे हजारों श्रद्धालुओं ने काशी का प्रसाद समझ कर ग्रहण किया। भंडारे में तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं को भोजन, पानी आदि उपलब्ध कराया गया। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके चौधरी खुद भंडारे की कमान संभालते हुए तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। सभी लाइन में लगकर भंडारे का प्रसाद पाने के लिए लालायित नजर आए। कहा कि हम सभी काशीवासी भाग्यशाली हैं कि हमें ईश्वर ने यह पुण्य कर्म करने का अवसर प्रदान किया है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन उद्योगों के संवर्द्धन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहता है। समय-समय पर समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप उद्यमियों के सहयोग से लगातार सेवा कार्य चलता रहता है। सेवा शिविर में राजेश भाटिया, प्रशांत अग्रवाल, मनीष कटारिया, गौरव गुप्ता, आलोक भंसाली, उमाशंकर श्रीवास्तव, सुभाष पिपलानी, अशोक छोररिया, संजीव त्रिपाठी, सुनील अग्रवाल, अनुराग त्रिवेदी आदि योगदान किया।

## नई सड़क पर मुस्लिम श्रद्धालुओं को खिला रहे पूड़ी सब्जी

**नेक कार्य**

### अंजुमन इंतजामियां कमेटी की ओर से आयोजन

**वाराणसी।** अंजुमन इंतजामिया कमेटी की ओर से मंगलवार को नईसड़क पर मुसलमानों की ओर से हिंदुओं को पूड़ी सब्जी व चाय का इंतजाम किया गया है। इसका संयोजन शाहिद अली खां मुन्ना ने किया है। महाकुंभ पर बाहर से आये लोगों के लिए 26 जनवरी से इसको प्रारंभ किया गया था। 27 जनवरी से इसको चलाया जा रहा है। इसमें सुबह पानी व दिन में पूड़ी सबज्जी चलाया जा रहा है। जब चोट लगती है तब उसकी मरहम पट्‌टी करते हैं।



इसमें अनिल पासवानव, मो जोहा, अशोक यादव, वशीम कुरैशी, आरिफ, मो. ईशा सिदि्दकी आदि लगे रहे। मुसलमानों ने पहली बार काशी में हिंदुओं के लिए भंडारा चलाया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि कमेटी अपनी ओर से यह इंतजाम की है। जब तक लोग आते रहेंगे हम सभी को प्रसाद खिलाते रहेंगे। इसमें हम राजनीति नहीं करते हैं। इसमें पूर्व सभासद मो. शाहिद अली खां मुन्ना समेत काफी लोग लगे हुए हैं।

# डीएम व एसीपी ने संभाली शहर में यातायात की कमान

**दिया निर्देश**

### मैदागिन चौराहे समेत आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्था का लिया जायजा

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस. चिनप्पा ने मैदागिन चौराहे सहित आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मैदागिन चौराहे पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए लाइन में खड़े कुछ लोगों से बातचीत भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से पूछा कि कहां से आए हैं और कितने घंटे से दर्शन करने के लिये खड़े हैं। इसके बाद वे वहां से पैदल चलकर चौक की तरफ भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दोपहिया वाहन से जा रहे चालकों को चेतावनी दी गई कि प्रवेश वर्जित क्षेत्र में वाहन का प्रयोग न करें अन्यथा करवाई की जाएगी। उन्होंने भिक्षावृति करने वाले लोगों को चिह्नित कर समाज कल्याण अधिकारी को टीम लगाकर आश्रम पहुंचाने का निर्देश दिया। चौक के ठठेरी बाजार वाली गली में निरीक्षण के दौरान दुकान के बाहर भीड़ लगाने व सामने गाड़ी खड़ा करने, गली में ठेला और फुटपाथ पर बैठकर सब्जी बेचने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि अनावश्यक भीड़ न लगाएं अन्यथा कारवाई की जाएगी। इसके बाद कालभैरव मंदिर से होते हुए विशेश्वरगंज तक यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।



# महाकुंभ में चौचक हो साफ-सफाई

जनसंदेश न्यूज

**वर्चुअल बैठक**

### पूरे प्रयागराज क्षेत्र में कहीं पर भी गंदगी का लेसमात्र भी न दिखे : एके शर्मा

### श्रद्धालुओं के लिए स्वागत शिविरों एवं विश्राम स्थलों में ठहरने के हों उचित प्रबंध

### सीवर एवं जलनिकासी की व्यवस्था चाक चौबंद रहे, कूड़ा उठान नियमित होता रहे

**वाराणसी।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की और साफ सफाई, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, सीवर आदि की समीक्षा की। कहा कि महाकुंभ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौकस होनी चाहिए।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी निकायों में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं कूड़ा कलेक्शन आदि को बेहतर करने के निर्देश दिये। साथ ही स्वच्छ पेयजल, सीवर एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने सभी निकायों में खराब सड़कों की मरम्मत करने तथा मार्ग प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिये। कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर अभी भी करोड़ों श्रद्धालुओं का आना जारी है। इसलिए प्रयागराज के मुख्य मार्गों को जोड़ने वाले निकायों एवं ऐसे निकाय मसलन वाराणसी, मीरजापुर, अयोध्या, चित्रकूट आदि के दर्शन के लिए भी श्रद्धालुओं का आवागमन लगा हुआ है। इन निकायों की सफाई, स्वच्छता, शौचालयों की सफाई, पेयजल आपूर्ति, मोबाइल टायलेट आदि की समुचित व्यवस्था रहे। श्रद्धालुओं के लिए स्वागत शिविरों एवं विश्राम स्थलों में ठहरने एवं चाय-नाश्ते का प्रबंध किया जाए।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं के जमावड़े वाले निकायों में वाटर एटीएम, पानी के टैंकर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर उपलब्ध रहे। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हो। भीड़ एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्थित तरीके से संचालित हो, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों एवं मार्गों की नियमित रूप से सफाई कराई जाए। गंदगी को लेकर जहां कहीं से भी शिकायत आये, वहां पर शीघ्र कर्मचारी भेजकर सफाई कराए। शहरों में एवं सड़कों के किनारे कूड़ा का ढेर न बने, इसके लिए कूड़ा उठान वाहन किसी भी एक स्थान पर खड़ा न रहे, बल्कि कूड़ा कलेक्शन के लिए यह लगातार संचालित रहे। पूरे प्रयागराज क्षेत्र में कहीं पर भी गंदगी का लेसमात्र भी न दिखे। सीवर एवं जलनिकासी की व्यवस्था चाक चौबंद रहे। कूड़ा उठान नियमित होता रहे। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र की सफाई व बिजली के चकाचौध की सराहना देश विदेश से आये हुए श्रद्धालुओं ने की है। पूरी दुनिया में प्रदेश सहित देश का मान-सम्मान बढ़ा है। इसे हमें महाकुम्भ के अंत 26 फरवरी तक हरहाल में बनाये रखना है, इसके लिए दोनों विभागों के कार्मिक समर्पित होकर कार्य करते रहे।

# बिजली चोरी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व वसूली पर भी दिया जाए जोर : ऊर्जा मंत्री

**बोले एके शर्मा**

### गर्मी के दिनों में भी निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

### कहा-मल्टीपल सोर्स, आरएमयू की स्थापना, अनुरक्षण कार्य और बेहतर किये जाए

### मुख्य अभियंता प्रथम ने बिजनेस प्लान के तहत कराए गए कार्यों की फेहरिस्त गिनाई



**वाराणसी।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में मंगलवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जितनी विद्युत आपूर्ति की जा रही है, उसके सापेक्ष राजस्व वसूली पर ध्यान दें। बिजली चोरी पर पूर्ण अंकुश लगाये, बिजली चोरी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बिजली चोरी करना एवं कराना दोनों दंडनीय अपराध माना जायेगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देश दिया कि आगामी गर्मी के दृष्टिगत जहां कहीं पर भी जर्जर पोल व तार, ढीले तार, झुके पोल हो, उन्हें तत्काल हटाकर व्यवस्थित करें। जहां कहीं पर भी ज्यादा लोड की समस्या है, वहां पर ट्रांसफॉर्मर का लोड बढ़ाये। नये ट्रांसफॉर्मर स्थापित करें, जिससे ट्रांसफॉर्मर के जलने की समस्या और विद्युत के सुचारू आपूर्ति में बाधा न हो। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस योजना के तहत सम्पूर्ण प्रदेश में विद्युत की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सही बिल मिले, इसके प्रयास किये जाए। चेतावनी दी कि उपभोक्ताओं के परिसर में न जाकर घर में बैठकर ही फर्जी बिजली बिल या ज्यादा बिल बनाकर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था में हुये सुधार के लिये विभाग की प्रशंसा भी की और अधिकारियों को विगत वर्ष से भी बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ऊर्जा मंत्री ने महत्वपूर्ण स्थानों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मल्टीपल सोर्स एवं आरएमयू की स्थापना, अनुरक्षण कार्यों को बेहतर करने आदि के भी निर्देश दिये। महापौर अशोक तिवारी एवं कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने विगत वर्ष में हुये कार्यों के होने से विद्युत व्यवस्था में सुधार की प्रशंसा की। कहा कि उनके कार्यालयों में विद्युत सम्बन्धी भिन्न-भिन्न शिकायतों को लेकर आये व्यक्तियों के साथ अवर अभियन्ताओं से बेहतर व्यवहार की अपेक्षा की जानी चाहिए, जो हो नहीं रहा है। बैठक में वाराणसी क्षेत्र प्रथम के मुख्य अभियन्ता (वितरण) अनिल कुमार वर्मा ने बिजनेस प्लान के तहत कराए गए कार्यों की फेहरिस्त गिनाई। ऊर्जा मंत्री ने 'बिजली न जाए' की मानसिकता से कार्य करने, उपभोक्ताओं से विनम्र व्यवहार करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति की खातिर नेटवर्क को मजबूत करने, ट्रांसफॉर्मरों व लाइनों का समय-समय पर मॉनीटरिंग करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में पूर्वांचल-डिस्कॉम के के एमडी शंभू कुमार के अलावा समस्त अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता उपस्थित थे।

# कल्याणकारी योजनाओं का आधार पंडित दीनदयाल का दर्शन: दयालु

**संगोष्ठी**

### हमारा संगठनात्मक दर्शन ही विश्व गुरु बनने का मार्ग करेगा प्रशस्त : कुलपति प्रो. एके त्यागी

### पं. दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर 'एकात्म मानववाद एवं विकसित भारत@ 2047' विषयक संगोष्ठी



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को 'एकात्म मानववाद एवं विकसित भारत@ 2047' विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने दीनदयाल जी के संघर्षमय जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनसंघ से जुड़कर पंडित जी ने भारतीय विचारधारा को एक नई दिशा प्रदान की तथा एकात्म मानववाद की आधारशिला अंत्योदय के माध्यम से रखी। उन्होंने बताया कि वर्तमान सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला पं. दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन व चिंतन पर ही आधारित है। एक विकसित राष्ट्र की नींव तभी रखी जा सकती है, जब सभी योजनाएं सामान्य जनमानस तक बिना किसी बाधा के पहुंचे।

अध्यक्षता करते हुए काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने बताया कि किस प्रकार कोरोना काल के पश्चात हमने अपनी वृद्धि दर में सदा ही बढ़ोत्तरी की है, परंतु यह अभिवृद्धि अचानक नहीं आई है। यह विकास या शासन व्यवस्था निश्चित ही पूर्व की महान विभूतियों की देन है, जिनके दिखाए मार्ग पर हम विश्व गुरु बनने का हौसला रखते हैं। विविधता के बीच हमारा संगठनात्मक दर्शन ही हमारे विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बताया कि भाषीय, जातीय आधार पर भारत का विभाजन किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। हम महज देश नहीं है 'राष्ट्र' हैं, यह भारतीय संस्कृति ही है, जो हमें एक दूसरे के साथ जोड़ती है।

यह एकात्मता है, मानववाद का दर्शन है तथा चिंतन है। अतः अब समय आ गया है कि अपने समस्त संसाधनों को जुटाकर विश्व गुरु बनने की राह पर हम खड़े हो जाएं। आवश्यकता इस बात की है कि विकसित भारत के दर्शन पर हम अपने अमूल्य सांस्कृतिक आधारों को एकजुट कर आगे बढ़े। इस दौरान कुलपति प्रो. त्यागी ने विश्वविद्यालय के गंगापुर परिसर में आयुष अस्पताल खोलने का अनुरोध किया, जिससे कि समाज की बेहतरी की ओर एक और कदम बढ़ाने में विश्वविद्यालय अग्रणी साबित हो सके। जिसका समर्थन व आश्वासन मंत्री द्वारा भी किया गया। स्वागत एवं विषय प्रवर्तन पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के निदेशक प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने किया। संचालन सह समन्वयक डा. ऊर्जस्विता सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन उप-निदेशक प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने किया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार तिवारी, प्रो. रश्मि सिंह, प्रो. नंदिनी सिंह, डा. मुकेश कुमार पंत, डा. दुर्गेश कुमार उपाध्याय, डा. अनीता, डा. किरण सिंह, डा. आरती विश्वकर्मा, प्रो. आनंद शंकर चौधरी, डा. रमेश सिंह, डा. सतीश कुमार, डा. रविंद्र कुमार गौतम, प्रो. संजय, डा. दीपमाला, डा. कंचन, डा. दिनेश चंद्र शुक्ल, डा. अश्वनी सिंह, डा. नीरज धनकर, मानस, विपुल केतन, नितेश, अनूप दुबे आदि उपस्थित रहे।

# लाभार्थी किसानों के लिए निकाली गयी कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी

**दी जानकारी**

### लाभार्थी किसानों की उपस्थिति में कृषि यंत्रों की ई लॉटरी निकली

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय चयन समिति के सदस्यों एवं लाभार्थी किसानों की उपस्थिति में कृषि यंत्रों की ई लॉटरी निकाली गयी।

कृषि के विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत किसानों ने 20 जनवरी से चार फरवरी के बीच विभाग में संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के तहत विभिन्न कृषि यंत्र जैसे-रोटावेटर, कम्बाई हार्वेस्टर एवं कस्टम हायरिंग सेण्टर-ग्रामीण उद्यमी की बुकिंग की थी। इन कृषि यंत्रों के ई-लॉटरी से चयन की खातिर कमेटी के सदस्य सचिव उप कृषि निदेशक, सदस्य अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी के प्रतिनिधि, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधि आदि इस दौरान उपस्थित रहे। ई-लॉटरी में राम आशीष, जग्गनाथ, विजय नारायण, ओमप्रकाश सिंह, मोनी यादव, महेंद्र कुमार यादव, मंता प्रसाद, प्रमेश कुमार, केदार नाथ सिंह मंगरु सिंह, रामधनी, त्रिभुवन प्रसादवर्मा व विजय कुमार यादव का चयन हुआ। उप कृषि निदेशक एके सिंह ने कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान समेत तमाम जानकारी दी।

## विद्यापीठ व शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के बीच हुआ समझौता



**वाराणसी।** अप्रेंटिसशिप अधिनियम, 1961 के नियमों के पालन के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड, उत्तरी क्षेत्र, कानपुर के मध्य एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी, शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड उत्तरी क्षेत्र के निदेशक विवेक कुमार, कार्यवाहक कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, आउटरिच निदेशक प्रो. संजय, शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, काशी विद्यापीठ के नोडल अधिकारी प्रो. रमाकान्त सिंह उपस्थित रहे। बता दें कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनएटीएस के अंतर्गत अब इंजीनियरिंग डिप्लोमा एवं स्नातक के अतिरिक्त अन्य विधाओं में उत्तीर्ण स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए आदि) को अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के द्वारा अधिकाधिक उद्योगों एवं संस्थानों को अप्रेंटिसशिप अधिनियम, 1961 का लाभ देने एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को अवसर प्रदान कराया जाता है।

# कृषि अपशिष्ट प्रबंधन पर की गई चर्चा



**आयोजन**

### बीएचयू में कृषि प्रौद्योगिकियों में नवाचार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**वाराणसी।** कृषि इंजीनियरिंग विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, बीएचयू ने 10 और 11 फरवरी 2025 को 'कृषि में उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियां' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और प्रैक्टिशनरों ने कृषि उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने के लिए नई तकनीक और रणनीति पर चर्चा की।

समापन समारोह की अध्यक्षता आईआईटी, बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रोफेसर एसएन उपाध्याय व कृषि विज्ञान संस्थान बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रोफेसर रमेश चंद्र ने की। कार्यक्रम में कृषि इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वीके चंदोला ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी आयोजन के सचिव डा. श्रीनिवास डीजे ने बताया कि संगोष्ठी में कृषि के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसमें कृषि में एआई, आईओटी और ड्रोन प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग, सिंचाई, जल निकासी और कृषि भूमि में लवणता प्रबंधन, वर्षा जल क्षेत्रों में फसल जल और मिट्टी स्वास्थ्य प्रबंधन,कृषि में यांत्रिकीकरण, सटीक खेती और रोबोटिक्स, जलवायु परिवर्तन की पूवार्नुमान के लिए नई रणनीतियां, नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में लगभग 150 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से लगभग 100 ने अपने शोध प्रस्तुत किए। उनके योगदान ने संगोष्ठी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न विषयों पर सर्वोत्तम प्रस्तुति करने वाले को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसमें डा. बीएन राय, प्रो. आरएम सिंह, प्रो. अभिषेक सिंह, डा. राजन कुमार, डा. शशी शेखर, डा. रीमा शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। अंत में डा. वीके त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

## बीएचयू में शोध के लिए काउंसलिंग पोर्टल खुला



**वाराणसी।** बीएचयू में शोध में दाखिले के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 10 फरवरी से पोर्टल खोल दिया गया है। इस पर लॉगिन कर संबंधित अभ्यर्थी काउंसिलिंग के लिए कॉल लेटर ले सकते हैं। यह सुविधा ऑनलाइन होने से अभ्यर्थियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शोध का इंतजार करने वाले अभ्यर्थियों के लिए वेबसाइट पर अलग से रेट और रेट एक्जंपटेड दिख रहा है। 10 से 13 फरवरी तक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कॉल लेटर भेजा जाएगा। 17 फरवरी से पांच मार्च तक का समय काउंसिलिंग के लिए डॉक्यूमेंट सत्यापन और साक्षात्कार के लिए रखा गया है। संबंधित अभ्यर्थियों को लॉगिन आइडी भी दी गई है, इसका प्रयोग कर अभ्यर्थी कॉल लेटर ले सकते हैं।

## काशी शिवपंचायतन हनुमान मंदिर के पुजारी के निधन पर शोकसभा



**वाराणसी।** काशी शिवपंचायतन हनुमान मंदिर कॉटन मिल के पुजारी मोहन पांडेय के आकस्मिक निधन पर लोगों ने शोक जताया है। भुल्लनपुर स्थित इनके आवास पर शोकसभा का आयोजन कर कॉटन मिल व संजय नगर के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि पंडितजी का स्वर्गवास 30 जनवरी को हृदयगति रुकने से हो गया। 10 फरवरी को उनके त्रयोदश संस्कार पर शोक सभा हुई। लगभग पांच दशक से वे हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे काफी मिलनसार व लोकप्रिय थे। इसके पूर्व इनके पिताजी भी मंदिर के पुजारी रहे। उनके निधन से समस्त कालोनीवासी काफी दुखी हैं। इनके पुत्र पंकज पांडेय ने बताया कि मैं अपने पिताजी के पद चिन्हों पर चलकर मंदिर का संचालन करूंगा। शोकसभा में डॉ. एके सिंह, अरुण सिंह, विनोद सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, पप्पू गिरी, बेचन राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### ललित कला विभाग की शोध समिति की बैठक स्थगित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग में 13 फरवरी को आयोजित शोध समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। विभागाध्यक्ष डा. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि महाकुंभ पर्व के कारण अत्यधिक भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### मनोविज्ञान विभाग की शोध उपाधि समिति की बैठक 17 को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मनोविज्ञान विभाग की शोध उपाधि समिति की बैठक 17 फरवरी को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि बैठक सुबह 11:30 बजे से विभाग में होगी।

### काशी विद्यापीठ की सेमेस्टर परीक्षाएं 17 फरवरी से

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं 17 फरवरी से प्रारंभ होंगी। इसमें स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर, एलएलबी पंचम एवं बीए एलएलबी नवम सेमेस्टर की 17 से एवं एमए एसआरडी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। बीएससी (टेक्सटाइल एंड हैंडलूम) तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 17 फरवरी से शुरू होंगी। वहीं, एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर एवं एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी। विद्यार्थी परीक्षा की अन्य जानकारी के लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर सकते हैं। परीक्षाओं की विस्तृत समय सारिणी काशी विद्यापीठ की वेबसाइट पर अपलोड है।

# प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित हैं अनुसंधान के गूढ़ तत्व

**आयोजन**

### बीएचयू में महामहोपाध्याय पं. गजानन शास्त्री मुसलगांवकर की स्मृति में व्याख्यान का आयोजन



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग द्वारा महामहोपाध्याय पंडित गजानन शास्त्री मुसलगांवकर की स्मृति में मंगलवार को व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. प्रशांत धर्माधिकारी ने भारत की प्राचीन अनुसंधान प्रविधि का वर्णन करते हुए यह बताया कि अर्थशास्त्र, मनुस्मृति, महाभारत, गीता आदि अनेक ग्रंथों में अनुसंधान के गूढ़ तत्वों का निरूपण किया गया है। प्राचीन अनुसंधान प्रविधि आज के अनुसंधानों के लिए अत्यंत उपादेय है। अनिल नारायण किंजवड़ेकर तथा डा. श्रीकला अनिल किंजवड़ेकर ने स्व. मुलसगांवकर गुरुजी के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर राजाराम शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान से न केवल विद्वानों को अपितु अनुसंधाताओं को भी एक नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर संस्कृतविद्या-कार्यशाला में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा कार्यशाला अध्यापक प्रशांत चतुर्वेदी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर पतंजलि मिश्र, प्रो. राम नारायण द्विवेदी, प्रो. रमाकांत पांडेय, प्रो. बृजभूषण ओझा, प्रो. प्रद्युम्न शाह सिंह, प्रो. कमला पांडेय, डा. रामनाथन, प्रो. सुनील कात्यायन, डा. रजनीश पांडेय, प्रो. शैलेश कुमार तिवारी, प्रो. हरीश्वर दीक्षित, प्रो. शीतला प्रसाद पांडेय, प्रो. श्यामानंद मिश्र और डा. सुरेश चंद्र ब्रह्मा, डा. सत्यप्रकाश तिवारी, डा. एकदन्त नारायण चतुर्वेदी, विकास मिश्र, नारायण दत्त द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। इस व्याख्यान समारोह की अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रोफेसर राजाराम शुक्ल ने की। कार्यक्रम का संचालन डा. श्रीराम एस ने, अतिथियों का परिचय तथा स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो.माधव जनार्दन रटाटे तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शंकर कुमार मिश्र ने किया।

# युवा व बच्चों को खानपान व स्वास्थ्य का देंगे प्रशिक्षण

**पहल**

### काशी विद्यापीठ के डा. अंबुज कुमार मिश्र ने नई दिल्ली में बाल उमंग दृश्य संस्था के ट्रेनिंग में किया प्रतिभाग

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. अंबुज कुमार मिश्र ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित फिजिकल एसेसमेंट के लिए एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों की बाल उमंग दृश्य संस्था के ट्रेनिंग में प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक रविंद्र कुमार गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में नॉर्थ जोन के 35 कार्यक्रम अधिकारियों ने नई दिल्ली में ट्रेनिंग के लिए प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों में फिजिकल फिटनेस असेसमेंट की जानकारी देना था। इसमें मुख्य रूप से हेल्थ रिस्क मैनेजमेंट, इंजरी प्रीवेंशन, बेसलाइन मैनेजमेंट, मोटिवेशन, पर्सनलाइज्ड एक्सरसाइज प्रेस्क्रिप्शन आदि विभिन्न पहलुओं पर युवाओं की ट्रेनिंग के लिए प्रशिक्षित किया गया। साथ ही अच्छे खान-पान एवं स्वस्थ शरीर को कैसे रखा जाए इसके बारे में युवाओं एवं बच्चों को जागरूक करने के उपाय बताए गए।

# तकनीकी कॉलेजों के 10 हजार छात्र बिखेरेंगे जलवा

**आयोजन**

### आईआईटी बीएचयू में सात से नौ मार्च तक विद्यार्थी करेंगे हुनर का प्रदर्शन

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में अगले महीने होने वाले वार्षिक कार्यक्रम काशी यात्रा में बनारस सहित देश भर के आईआईटी से आने वाले आईआईटीयंस के साथ ही तकनीकी कॉलेजों, महाविद्यालयों के 10000 विद्यार्थी अपने हुनर का जलवा दिखाएंगे। सात से नौ मार्च तक आयोजित काशी यात्रा-2025 में 30 प्रतियोगिताएं होंगी। तकनीक के उत्सव के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजनों में भी विद्यार्थियों को प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। काशी यात्रा को लेकर आईआईटी बीएचयू में तैयारियां तेज हो गई हैं। खासियत यह है कि तीन दिन तक चलने वाले आयोजन के संचालन की पूरा दायित्व छात्र खुद ही संभालते हैं। अलग-अलग समितियों के माध्यम से देश के विभिन्न आईआईटी से आने वाले आईआईटीयंस के पंजीकरण से जुड़ी तैयारियां इन दिनों तेजी से चल रही हैं। काशी यात्रा को लेकर 77 पेज का गाइड बुक जारी किया गया है। उधर, आईआईटी के साथ ही वाराणसी के अन्य तकनीकी कॉलेजों के अलावा यूपी कॉलेज में भी टीम सहभागिता के लिए तैयार हो रही है।


# कार्यालय वरुणापार जोन, नगर निगम-वाराणसी

## सिकरौल वार्ड

| क्र0 सं0 | संचिका संख्या | भवन/आराजी नं0 | स्वामी का नाम | दर्ज होने वाले स्वामी का नाम | नोटिस जारी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस. 691/24/एम | एस. 29/152 | श्यामा देवी | ठाकुर प्रसाद | 23.01.2025 |
| 2 | एस. 692/24/एम | एस. 17/181-ए | मु0 सुलेमान | मो0 सुल्तान इरफान | 24.01.2025 |
| 3 | एस. 693/24/एम | एस. 24/17-एम-11 | झन्नालाल | सचिन कुमार सोनकर | 25.01.2025 |
| 4 | एस. 694/24/एम | एस. 2/636-एस-1 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | सौरभ गुप्ता | 25.01.2025 |
| 5 | एस. 696/एम | एस. 1/8-ए-10-के | अरविंद कुमार श्रीवास्तव | छाया श्रीवास्तव | 28.01.2025 |
| 6 | एस. 697/24/एम | एस. 2/636-एस-1 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | अभिषेक अग्रवाल | 28.01.2025 |
| 7 | एस. 698/24/एम | एस. 2/636-एस-1 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | ऐश्वर्या पी | 28.01.2025 |
| 8 | एस. 699/24/एम | एस. 25/29-बी | रामचरित्तर | विनोद कुमार पटेल | 24.01.2025 |
| 9 | एस. 700/24/एम | एस. 25/221-4-ए-1-एल | माधुरी देवी | पुष्पा सिंह | 25.01.2025 |
| 10 | एस. 701/24/एम | एस. 23/125-आर | राजकुमार शर्मा | ज्योति देवी | 27.01.2025 |
| 11 | एस. 702/24/एम | एस. 25/229 | बाबूराम | दीपक सिंह | 29.01.2025 |
| 12 | एस. 706/24/एम | एस. 25/207-1 | दयावती खुराना | दिनेश कुमार खुराना | 30.01.2025 |
| 13 | एस. 707/24/एम<br>एस. 273/23/एम | एस. 17/178-ई-3 | कमर इकबाल | सायरा परवीन | 03.02.2025 |
| 14 | एस. 708/24/एम | एस. 2/639-बी-एफ-3/402 | शकुन्तला मिश्रा | शशिकला पाठक | 31.01.2025 |
| 15 | एस. 710/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | मनोज कुमार | 30.01.2025 |
| 16 | एस. 711/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | डॉ0 आरती दिव्या | 30.01.2025 |
| 17 | एस. 712/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | आम्रपाली त्रिवेदी | 30.01.2025 |
| 18 | एस. 713/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | डॉ0 आरती दिव्या | 30.01.2025 |
| 19 | एस. 714/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | अंकित अग्रवाल | 30.01.2025 |
| 20 | एस. 715/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | दीवान फहद खान | 30.01.2025 |
| 21 | एस. 716/24/एम | एस. 29/263 | गायत्री देवी | ममता देवी | 20.01.2025 |
| 22 | एस. 718/24/एम | एस. 25/265-के-9-ए-1 | शारदा सिंह | वंश बहादुर सिंह | 03.02.2024 |
| 23 | एस. 719/24/एम | एस. 3/93-1 | राम प्रकाश पान्डेय | सीमा पाण्डेय | 04.02.2025 |
| 24 | एस. 725/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | गिरीश कपूर | 04.02.2025 |
| 25 | एस. 726/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | शंकर केशरी | 04.02.2025 |
| 26 | एस. 727/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | गिरीश कपूर | 04.02.2025 |
| 27 | एस. 728/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | विवेकानंद गुप्ता | 04.02.2025 |
| 28 | एस. 729/24/एम | एस. 24/6-ए-के-3-के-सी-1 | मृत्युन्जय सिंह | रामप्यारी देवी | 30.01.2025 |
| 29 | एस. 731/22/एम | एस. 5/38-19 | रामयाद सिंह | राज विजय सिंह | 05.02.2025 |
| 30 | एस. 732/24/एम | एस. 15/1 | कुमार राजेन्द्र सिंह | राजेंद्र भूल्लन यादव | 25.02.2025 |
| 31 | एस. 703/24/एम | एस. 24/17-एस-1 | संजू सोनकर | अशोक कुमार मौर्य | 25.01.2025 |
| 32 | एस. 704/24/एम | एस. 24/1-ए-1-सी | विजय | विनोद कुमार मौर्य | 25.01.2025 |
| 33 | एस. 705/24/एम | एस. 24/1-ए-1-सी | विजय | सुबोध कुमार मौर्या | 25.01.2025 |
| 34 | एस. 654/24/एम<br>एस. 700/24/एम | एस. 1/35-ए-3-क | सावरा बेगम | जलील अहमद | 06.02.2025 |
| 35 | एस. 709/24/एम | एस. 4/49-1/106 | सावित्री देवी | रवि प्रकाश सिंह | 30.01.2025 |
| 36 | एस. 717/24/एम | एस. 19/132-ए-204 | उर्मिला गुप्ता | अरविन्द गुप्ता | 01.02.2025 |
| 37 | एस. 721/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | पर्थ अग्रवाल | 04.02.2025 |
| 38 | एस. 722/24/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | आभा गणेश कुमार गुप्ता | पुनीत अग्रवाल | 04.02.2025 |
| 39 | एस. 723/22/एम | एस. 2/636-एस-1<br>एस. 2/663-एस-1-3 | आभा गणेश कुमार गुप्ता | पुनीत अग्रवाल | 04.02.2025 |
| 40 | एस. 724/24/एम | एस. 2/663-एस-1<br>एस. 2/636-एस-1-3 | सर्वेश कुमार अग्रवाल | पर्थ अग्रवाल | 04.02.2025 |
| 41 | एस. 733/24/एम | एस. 26/295-के-3-डी | गीता पाण्डेय | अमरनाथ पाण्डेय | 06.02.2025 |
| 42 | एस. 734/24/एम | एस. 29/425-बी-1 | दुरपन्ती | रामदेव | 06.02.2025 |
| 43 | एस. 735/24/एम | एस. 30/1-ई-106 | रशीदा बेगम | नियाजुद्दीन सिद्दीकी | 06.02.2025 |
| 44 | एस. 736/24/एम | एस. 15/2-सी-के-1 | भीम राम राज | सुदामा देवी | 07.02.2025 |
| 45 | एस. 737/24/एम | एस. 13/76-1 | सीमा परवीन | रुक्साना खान | 05.02.2025 |
| 46 | एस. 739/24/एम. | एस. 2/462-के | मो0 सलीम | गीतांजली यादव | 11.02.2025 |

## शिवपुर वार्ड

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SH. 266/24/M | SH. 12/7-A-B-A-C | अमरावती देवी | उमेश चन्द्र सिंह | 24.01.2025 |
| 2 | SH. 267/24/M | SH. 8/39-R-M | मोती | सुनीता देवी | 23.01.2025 |
| 3 | SH. 268/24/M | SH. 4/26-R-22 | वन्दना देवी | रीना सिंह | 24.01.2025 |
| 4 | SH. 269/24/M | SH. 2/51-D-2-C | डिम्पल सिंह | श्रीमती सारिका गुप्ता | 25.01.2025 |
| 5 | SH. 270/24/M | SH. 5/146-6-2-K | निर्मा देवी | संतोष कुमार सिंह | 28.01.2025 |
| 6 | SH. 271/24/M | SH. 8/67-A | गायत्री देवी, रामरती | गायत्री देवी | 28.01.2025 |
| 7 | SH. 277/24/M | SH. 16/107-M | रेशमा बेगम | तन्जीर अहमद | 30.01.2025 |
| 8 | SH. 273/24/M | SH. 9/82 | बिहारी | श्रीमती प्यारी देवी | 30.01.2025 |
| 9 | SH. 274/24/M | SH. 12/25-B-5-B | विद्या देवी | सत्य प्रकाश मिश्रा | 01.01.2025 |
| 10 | SH. 275/24/M | SH. 3/40-P-135 | मुनक्का देवी | रमेश सिंह | 25.01.2025 |
| 11 | SH. 276/24/M | SH. 9/132-A-3 | रामरूप | आनन्द कुमार | 06.02.2025 |

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि भवन निर्धारण पंजीयन में उपरोक्त भवन पर दर्ज स्वामी के स्थान पर प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर नामांकन हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया है। अतः उक्त भवनों से सम्बन्धित यादि कोई भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपना पक्ष साक्ष्य नोटरी शपथ पत्र के साथ विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर जोनल अधिकारी को प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तुत आवेदन पत्र पर नामांकन की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

कर अधीक्षक | पत्रांक-197/मी0प्र0वि0/2024-25, दिनांक 11.02.2025 | जोनल अधिकारी

# दो करोड़ से जल भराव की समस्या से मिलेगा छुटकारा

**पहल**

### नगर के वार्ड नंबर सात में कराया जायेगा आरसीसी नाला का निर्माण

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** शहर में जलभराव से निजात और जल निकासी की सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए नगर विकास विभाग ने सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत दो करोड़ की परियोजना को स्वीकृति दी है। इससे शहर के वार्ड सात में आरसीसी नाले का निर्माण किया जाएगा। पहली किस्त में निर्माण शुरू करने के लिए एक करोड़ रुपये भी जारी कर दिए गए हैं। नगर पालिका की ओर से टेंडर आदि की कवायद शुरू कर दी गई है।

शहर में जल निकासी एक गंभीर समस्या है। आवास विकास कालोनी, विवेकानंद कालोनी, श्रीराम विहार, कल्पना कालोनी, रामदहिनपुरम आदि में जल निकासी की समस्या काफी गंभीर है। नगर पालिका की ओर से शहरवासियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नालों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड सात में पांच स्थानों पर नालों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था।

इसे शासन ने स्वीकृति दे दी है। अब नगर पालिका की ओर से निर्माण की कवायद शुरू कर गई गई है। अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा।

### इन स्थानों पर होगा निर्माण

-डीएस पाण्डेय के घर से अनुपम तिवारी के घर तक-39.93 लाख
-डा. अजीत सिंह की क्लिनिक से एचएन शर्मा के घर तक-39.91 लाख
-एचएन शर्मा के घर से पौहारी बाबा के मंदिर तक-39.90 लाख
-बलिया-बांसडीह मुख्य मार्ग से डीएस पाण्डेय के घर तक-39.88 लाख
-आवास विकास कालोनी में शिवम दुबे के मकान से अजीत सिंह के मकान तक-39.08 लाख

## जाम से कराह उठा शहर, परेशान रहे लोग

**बलिया।** मंगलवार को शहर पूरी तरह से जाम की चपेट में रहा। बहेरी से लेकर मालगोदाम चौराहे तक पूरे दिन जाम में वाहन रेंगते रहें। एंबुलेंस एवं स्कूल बसें जाम में फंसी रहीं। यातायात पुलिस जाम छुड़ाने में लगी रही। यातायात कंट्रोल रूम में बैठे जवानों ने प्रमुख चौराहे पर नजर बनाए रखा और जाम छुड़ाने के लिए पल-पल की सूचना देते रहे। मुंडन संस्कार का लगन, प्रयागराज जाने वाले वाहनों की भीड़ से शहर में सुबह से ही जाम का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह दस बजे के बाद गंगा नदी तट से मुंडन संस्कार से लौट रहे वाहनों से पूरा शहर जाम से कराह उठा। एक किमी की दूरी पूरी करने में 30 से 40 मिनट का समय लगा। कार्यालय जाने वालों को काफी परेशानी हुई। शहर की गलियों को पकड़ कर निकलने का प्रयास लोग करते रहे।

## तहसील पर जारी रहा आगसा का अनिश्चितकालीन धरना



**बलिया।** आल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में बलिया सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय के लोगों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि लेखपाल और तहसीलदारों द्वारा शासनादेश का अनुपालन न करना घोर अराजकता है। आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों में गोंड अंकित है। बावजूद इसके शासनादेश की घोर अवमानना करते हुए मनगढ़ंत गलत आख्या लगाकर गोंड की जाति बदलने का षडयंत्र किया जा रहा है। इस अवसर पर सुमेर गोंड, गुलाबचंद्र गोंड, संजय गोंड, बच्चा लाल गोंड, सूचित गोंड, कृष्णा गोंड, ज्ञानचंद्र गोंड, मैनेजर गोंड, लल्लन गोंड, अरविंद गोंड, रामनारायण गोंड, रघुनाथ गोंड, कन्हैया गोंड, प्रदीप गोंड, शिवशंकर गोंड, ठाकुर प्रसाद, मकुरधन गोंड, रमेश, रामअवध गोंड, ओमप्रकाश गोंड आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सिलेंडर में आग लगने से गृह स्वामी झुलसा



**बैरिया।** गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण किचन में आग लग गई। आग बुझाने में गृह स्वामी साधारण रूप से झुलस गया। आस-पास के लोगों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे दवा देकर घर भेज दिया। घटना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव की है। शंकर गुप्त (46) ने मंगलवार को ट्राली मैन से गैस सिलेंडर लेकर अपने रेगुलेटर में लगाया। गैस जलाने पर अचानक किचन में आग लग गई। इससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। आग बुझाने में शंकर गुप्त झुलस गए, किंतु बोरा, पानी एवं कंबल डालकर आग फैलने से रोक दिया गया। घटना के बाद परिवार के लोग डरे सहमे हुए है।

### थम नहीं रहा शोक संवेदना व्यक्त करने का सिलसिला



**बलिया।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार रोशन जायसवाल के पुत्र सूर्यांश के निधन पर जगह-जगह शोक सभा आयोजित किये जा रहे है। वहीं, शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, व्यापारी, शिक्षक, कर्मचारी नेता, पत्रकार, साहित्यकार एवं शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रणवीर सिंह सेंगर, राजेश सिंह, नवीन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दीपक सिंह, अमरेन्द्र सिंह, भाजपा के प्रदेश सह संयोजक प्रो. धर्मेन्द्र सिंह, प्रो. ब्रजेश सिंह, प्रो. ओमकार सिंह, डॉ. विजयानंद पाठक, विनय कुमार गुप्त, डा. मनोज शुक्ल, डा. दिलीप कुमार, सुमन, अतुल पाठक, विनय चौरसिया, हरिनारायण पप्पू, चंद्रप्रकाश सेठ, पंकज जायसवाल, अरूण सिंह, अखिलेश सिंह, सतीश गुप्त, नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू, मनीष सिंह, एडवोकेट नवीन सिंह, संजीव, बड़क सिंह, रानू सिंह, पंकज सिंह, पंकज पटेल टिंकू, संतोष सिंह, रितेश पांडेय, विनय पांडेय, बबलू तिवारी, डा. अनिल कुमार, संतोष पांडेय, अभिजीत बबलू आदि ने मान्यता प्राप्त पत्रकार रोशन जायसवाल के द्वारिकापुरी कालोनी स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### सामाजिक कार्यकर्ता की पिटाई, धरना शुरू



**रसड़ा।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को विधवा महिला की मदद के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं सारथी एनजीओ के संस्थापक की लेखपालों ने पिटाई कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता ने कोतवाली पहुंचकर पांच नामजद लेखपालों के विरुद्ध तहरीर दिया है। कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, सामाजिक कार्यकर्ता लेखपालों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना पर बैठ गया। बताते चले कि नगरा थाना क्षेत्र के ताड़ीबड़ागांव निवासी श्रीमती सीमा सिंह पत्नी रविंद्र सिंह किसान दुर्घटना बीमा के लिए तहसील मुख्यालय का चक्कर लगा रही थी। विधवा महिला को लेखपाल द्वारा दौड़ाया जा रहा था। साथ ही 10 हजार रुपये की मांग किया जा रहा था। विधवा महिला द्वारा लेखपाल को पैसे नहीं देने पर वह काम को लटकाये हुए थे। सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि मंगलवार को जब हमने लेखपाल से इस प्रकरण के बारे में पूछा तो वह गोलबंद होकर मेरे ऊपर थप्पड़ जड़ दिया। कहा कि जब तक इस भ्रष्ट लेखपाल पर कार्यवाही और आवेदक का बीमा का लाभ नहीं मिल जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। सामाजिक लोग इस भ्रष्टाचार की लड़ाई में मेरा साथ दें। मौके पर विशाल सिंह, अमन, हिमांशु सिंह, नीरज सिंह, अभिमन्यु सिंह, डिंपू सिंह, विक्रमादित्य पांडे आदि धरना स्थल पर डटे रहे।

### युवती ने दुपट्टा खींचने पर युवक को जड़ा थप्पड़

**बांसडीह।** कस्बे में मंगलवार को कोचिंग से पढ़कर घर लौट रही युवती का दुपट्टा खींचने एवं छेड़खानी के विरोध में जब युवती ने युवक को लाइब्रेरी में घुसकर तमाचा मार दिया तो हंगामा मच गया। बवाल बढ़ने पर मामला कोतवाली पहुंचा। युवती ने पुलिस को बताया कि वह कोचिंग से पढ़कर वापस निकल रही थी। तभी वहां मौजूद उसके पड़ोस के युवकों ने उसके साथ छींटाकशी की और उसका दुपट्टा खींच दिया। इससे आहत होकर जब युवती ने उनका विरोध किया तो युवक वहां से खिसक लिए और पास की लाइब्रेरी में जाकर पढ़ने बैठ गए। इसके बाद अपमानित युवती लाइब्रेरी में पंहुच गयी और वहां बैठे युवक को तमाचा जड़ दिया। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गया, जिसकी फुटेज पुलिस ने लाइब्रेरी जाकर निकाली। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि युवती लाइब्रेरी में आकर वहां बैठे युवक को तमाचा मार रही है। मामले में कुछ देर बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली पहुंचे और प्रकरण को लेकर कहासुनी चलती रही। थाने पंहुचे युवक के घर की महिलाओं एवं उसके स्वजन युवती से माफी मांगते रहे। लेकिन युवती कार्रवाई की जिद पकड़कर बैठी रही। इस संबंध में चौकी प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपित दोनों युवकों को पकड़ लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कारवाई की जाएगी। प्रकरण को लेकर देर तक हलचल मची रही।

### ज्ञानकुंज सीसे स्कूल में मिलने लगा रजिस्ट्रेशन फार्म

**सिकंदरपुर।** ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंशीबाजार, सिकंदरपुर में यूकेजी से नौवीं एवं 11वीं के कक्षा में नए सत्र में एडमिशन के लिए विद्यालय के काउंटर पर रजिस्ट्रेशन फार्म मिलना शुरू हो गया है। ज्ञानकुंज विद्यालय में नए छात्र-छात्राओं के एडमिशन के लिए एंट्रेंस परीक्षा का आयोजन किया गया है। बता दे कि इसके लिए विद्यालय में रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय बताया कि विद्यालय में एंट्रेंस एग्जाम 16 मार्च को कराई जाएगी। उन्होंने ज्ञानकुंज विद्यालय में नए एडमिशन लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को समय से अपना रजिस्ट्रेशन फार्म भरने की बात कही, ताकि छात्र-छात्राएं एंट्रेंस एग्जाम में शामिल हो सके। प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय ने बताया कि नए एडमिशन वाले सभी छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय आधार कार्ड एवं पैन नम्बर जरूर भर दे। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. देवेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंशीबाजार में 16 मार्च के बाद नए सत्र की कक्षाएं शुरू किये जाएंगे। सभी छात्र-छात्राएं समय से अपना रजिस्ट्रेशन फार्म भरकर एंट्रेंस एग्जाम में शामिल हो और नए सत्र की कक्षाओं में पहुंचकर अपना पठन-पाठन कार्य सुनिश्चित करें। 16 मार्च को होने वाले एंट्रेंस एग्जाम को लेकर विद्यालय परिवार में सारी तैयारियां पूरी कर ली है। 16 मार्च को सुबह 10 बजे से एंट्रेंस एग्जाम होगा। उसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### पुलिस ने दो वारंटियों को धर दबोचा

**बलिया।** सिकंदरपुर थाना पुलिस द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों वारंटियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव कुमार शर्मा के नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस टीम के उपनिरीक्षक चन्द्रप्रकाश कश्यप मय हमराह गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वारंटी अभियुक्त सुगन यादव पुत्र परशुराम निवासी चेतन किशोर, थाना सिकन्दरपुर और सुनील यादव पुत्र परशुराम निवासी चेतन किशोर, थाना सिकन्दरपुर को उनके घर के बाहर ग्राम चेतन किशोर से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

### मारपीट में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के खरौनी में जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव में आशीष यादव एवं लक्ष्मण यादव के बीच काफी दिनों से जमीन का विवाद चल रहा है। इसी को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने आशीष यादव की तहरीर पर लक्ष्मण यादव, राजू, सरली देवी व प्रियंका के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, लक्ष्मण यादव की तहरीर पर आशीष, मंजीत व अभिषेक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आज बाधित रहेगा विद्युत आपूर्ति

**रसड़ा।** विद्युत वितरण उपखंड प्रथम ने मंगलवार को बताया कि 12 फरवरी, दिन बुधवार से टाउन नंबर दो का विद्युत सप्लाई बंद रहेगा। बिजनेस प्लान के अंतर्गत खम्भा लगाने, तार खींचने का कार्य आरंभ किया जा रहा है। इससे कस्बा टाउन नंबर दो का विद्युत सप्लाई सुबह नौ से लेकर अपराह्न तीन बजे तक बाधित रहेगी।

## शराब की दुकानों व गोदामों के समीप पुलिस तैनात

जनसंदेश न्यूज

**सुरक्षा बढ़ी**

### होली के मद्देनजर शराब का अवैध भंडारण कर रहे तस्कर

**बैरिया।** शराब तस्करी को लेकर 'तू डाल-डाल तो मै पात-पात' की तर्ज पर पुलिस कार्य कर रही है। ऐसे में शराब तस्कर होली त्यौहार के मद्देनजर जहां शराब का अवैध भंडारण के लिए तस्करी को गति देने की फिराक में है, वही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शराब की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस भी सक्रिय हो गई है। क्षेत्र में कार्यरत सभी शराब गोदामों एवं दुकानों के अगल-बगल सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है। वही, तस्करी के लिए कुख्यात शराब के लाइसेंसी दुकानों के अगल-बगल सादे पोशाक में पुलिस के जवान सक्रिय किए गए हैं, ताकि किसी भी कीमत पर शराब की तस्करी ना होने पाए। शह-मात का खेल जारी है। यह देखने वाली बात होगी कि पुलिस होली के मौके पर शराब की तस्करी को पूरी तरह से रोकने में सफल हो पा रही है या नहीं। सूत्र बताते है कि सुरेमनपुर के रास्ते डूमाईगढ़ घाट होकर शराब की खेप बिहार जा रहा है। दो दिन पूर्व मांझी पुलिस ने शराब की बड़ी खेप उस समय बरामद कर लिया था, जब तस्कर शराब नाव से उतार रहे थे। इसी तरह सिताब दियारा के विभिन्न घाटों के अलावा शिवपुर, सतीघाट, दुबे छपरा, नौरंगा के रास्ते शराब तस्करी होने की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त होती रहती है, जहां पुलिस का पहरा है। क्षेत्र में शराब तस्करी के प्रति पुलिस की सख्ती चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि शराब तस्कर कौन सा पैंतरा अपना रहे है।

इस बावत पूछे जाने पर कोतवाल बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि किसी भी सूरत में शराब तस्करी नही होने दी जायेगी। शराब तस्कर पुलिस के रडार पर है। पुलिस की पैनी निगाह चप्पे-चप्पे पर है।

## 17 से 22 फरवरी के मध्य होगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

**बलिया।** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी (सेकेण्डरी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षाएं 17 से 22 फरवरी के मध्य सम्पन्न होगी। मौलवी और मुंशी (सेकेण्डरी) की परीक्षाएं प्रथम पाली पूर्वान्ह आठ बजे से 11 बजे तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) की परीक्षाएं द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से पांच बजे के मध्य सम्पन्न होगी। जनपद में कुल छह परीक्षा केन्द्रों पर 921 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा प्रवेश पत्र सम्बन्धित मदरसे के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिये गये है। मदरसों द्वारा अपने लॉग-इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जायेंगे, जिनको मदरसा प्रधानाचार्य द्वारा अपने हस्ताक्षरोपरान्त सम्बन्धित परीक्षार्थी को उपलब्ध कराये जायेंगे। डेस्क स्लिप व उपस्थिति पत्रक परीक्षा केन्द्र एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के लॉग- इन पर है, जिससे परीक्षा केन्द्र स्वंय डाउनलोड कर लें। साथ ही परीक्षा को सूचितापूर्ण, नकल विहीन व ससमय सम्पन्न कराया जाय।

# गहराता जा रहा बेंच व बार का टकराव

**विवाद**

### एसडीएम के आश्वासन के बाद भी जारी रहा अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार

**बैरिया।** स्थानीय तहसील के विभिन्न न्यायालयों से रहस्यमय ढंग से गायब हो चुकी मुकदमों की पत्रावलियों को लेकर बेंच और बार में टकराव गहराता जा रहा है। उप जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक बहिष्कार का कार्यक्रम वापस नहीं लिया है। इससे वादकारी एवं आम लोग काफी परेशान है। बता दे कि उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय के पेशकारों द्वारा कई मुकदमों की पत्रावलियां रहस्यमय ढंग से निहित स्वार्थ वश गायब कर दी गई है। अधिवक्ताओं के बार-बार पत्रावली खोजने के बावजूद उन्हें पत्रावली नहीं मिल रही है। वहीं, बेंच के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप भी अधिवक्ताओं द्वारा लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार मंगलवार को समाप्त होना था, किंतु इसमें गतिरोध आ गया। यह बहिष्कार 14 फरवरी तक अधिवक्ताओं ने बढ़ा दिया है। पिछले चार फरवरी से शुरू हुआ न्यायालयों के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार आगामी 14 फरवरी तक रहने का अल्टीमेटम बार एसोसिएशन बैरिया द्वारा दे दिया गया है और अधिवक्ता मंगलवार को भी काम पर नहीं लौटे।

उनका कहना है कि जब तक व्यवस्था में सुधार, पत्रावलियों की चोरी एवं भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगेगा, तब तक हम लोग न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखेंगे। जरूरत पड़ेगा तो इस लड़ाई को और धार दिया जाएगा। इस संदर्भ में तहसील बार एसोसिएसन के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, महामंत्री विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र मिश्रा, अजय सिंह, अक्षयबर पाण्डेय आदि का कहना है कि 14 फरवरी तक व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो बेंच के खिलाफ अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

> बार एसोसिएशन बैरिया के पदाधिकारियों से बात हुई थी। वह लोग बहिष्कार वापस लेने के लिए राजी हो गए थे। पता नहीं किस गतिरोध के कारण उन लोगों ने न्यायालय के बहिष्कार की तिथि 14 फरवरी तक बढ़ा दिया है। मेरी बात बार के अध्यक्ष एवं महामंत्री से हो चुकी है। अब क्यों अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं? यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है। सभी लोगों से बात हो गई थी। सभी लोग राजी थे। एक बार फिर उनसे बात करता हूं। उम्मीद है कि बार के लोग मान जाएंगे।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

# एकात्म मानववाद का सार है एक भी व्यक्ति निर्धन न रहे

**बोले अंबिकेश**

### 'विकसित भारतः दीनदयाल उपाध्याय की दृष्टि' विषय पर हुई संगोष्ठी

जनसंदेश न्यूज



संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि

**बलिया।** दीनदयाल उपाध्याय स्मृति दिवस पर मंगलवार को जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में 'विकसित भारतः दीनदयाल उपाध्याय की दृष्टि' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि संसार की सभी व्यवस्थाओं के केन्द्र में मनुष्य है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन के केन्द्र में मनुष्य है।

कहा कि पूंजीवाद और समाजवाद इन दो व्यवस्थाओं के मध्य ही संसार के देशों की व्यवस्था चल रही है। इन दोनों व्यवस्थाओं के समन्वय का रास्ता एकात्म मानव दर्शन है, जो मनुष्य केंद्रित है। उन्होंने आर्थिक लोकतंत्र यानि हर हाथ को काम का अधिकार की बात की है। यही भारत के विकास का रास्ता है। भारत की समृद्धि का मार्ग प्रत्येक नागरिक के कौशल विकास से ही प्रशस्त होगा। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक अंबिकेश ने कहा कि स्वयं के व्यक्तित्व से दूसरों को दिशा देना ही दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन था। उनके दर्शन में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आदमी की चिंता है। सुख-सुविधाएं सबसे निचले स्तर के आदमी को भी प्राप्त हों, यही उनके चिंतन का केंद्रीय बिंदु है। एकात्म मानववाद का सार है कि एक भी व्यक्ति निर्धन न रहे। कार्यक्रम में स्वागत डॉ. रामसरन, संचालन डॉ. अनुराधा राय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभिषेक मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ.पुष्पा मिश्रा, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विवाहिता से नगदी व जेवरात की छिनैती

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार से लौट रही विवाहिता से मंगलसूत्र, कान का कुंडल समेत नगदी मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मंगलवार को यूनियन बैंक के सामने दिनदहाड़े छीन लिया। तत्पश्चात मोटरसाइकिल सवार भाग खड़े हुए। घटना की तहरीर पीड़िता के पिता द्वारा बैरिया थाने में दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बता दे कि सविता गुप्ता (42) पत्नी टुनटुन गुप्ता अपने मायके भुआल छपरा में मुंडन संस्कार में आई हुई थी। मंगलवार को रानीगंज बाजार में किसी काम के लिए गई थी। वहां से लौटते वक्त यूनियन बैंक के निकट हैंडपंप के पास सविता को रोककर बदमाशों ने बातों में उलझा कर उससे तीन हजार रुपये नगद, सोने के मंगलसूत्र तथा कुंडल झपट लिया और भाग खड़े हुए। पीड़िता ने बताया कि दोनों युवक नशे में धूत थे। पीड़िता के पिता ने बताया कि घटना स्थल के सामने ही एक दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसमें पूरी घटना कैद है। लेकिन युवकों का चेहरा साफ नहीं आ रहा है। पीड़िता के पिता ने बैरिया पुलिस से इस तरह की घटनाओं को रोकने का आग्रह किया है।

## केन्द्रों के स्ट्रांग रूम में तीन आलमारी रखने का निर्देश

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

### केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खुलेगा आलमारी का ताला

**बलिया।** बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। अब तक केन्द्र पर बनाये जा रहे स्ट्रांग रूम में दो आलमारियों से काम चलाया जा रहा था, लेकिन अब तीन आलमारी रखने का निर्देश शासन से जारी हुआ है। शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारी ने केन्द्र के लिए पत्र जारी कर तीन आलमारी का स्ट्रांग रूम बनाने के निर्देश दिये गये है। तीनों आलमारियों की चाबी केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। तीनों की मौजूदगी में ही आलमारी का ताला खोला जायेगा।

उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की 24 फरवरी से शुरू होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तैयारियां तेज हो गई है। जिले में बने 163 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों को पत्र भेजकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने नकल विहीन परीक्षा कराने के निर्देश दिये है। यूपी बोर्ड से मिले निर्देशों से अवगत कराते हुए केन्द्र व्यवस्थापकों को कोई भी चूक नहीं करने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2025 की यूपी बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्त ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को पत्र जारी किया है। बताया है कि परीक्षा केन्द्रों पर अब तक की गई तैयारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराये। शेष तैयारियां समय से पूरी करने को कहा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि स्ट्रांग रूम बनते ही लॉग बुक बना लें, ताकि स्ट्रांग रूम खुलने पर उसका पूरा ब्यौरा दर्ज किया जा सके। परीक्षा केन्द्रों के सभी कक्षों में वायस रिकार्डर वाले सीसीटीवी कैमरा सक्रिय करा लिये जाय। इस बार गैलरी में भी सीसीटीवी कैमरा लगेंगे। सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त कराने का काम एक सप्ताह में पूरा कराने के निर्देश दिये गये है, ताकि इन्हें जिलास्तरीय कंट्रोल रूम से भी कनेक्ट किया जा सके।

## जिले में 200 डीआरपी व बीआरपी की होगी नियुक्ति

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** अब जिले के ग्राम प्रधानों, ग्राम विकास अधिकारियों, पंचायत कर्मियों, संकुल संघ के पदाधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विकास कार्य से जुड़े प्रशिक्षण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके लिए शासन के निर्देश पर लगभग दो सौ डीआरपी एवं बीआरपी की नियुक्ति की जायेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 13 डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) और 187 ब्लाक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) का चयन होगा। कुल 13 पदों के लिए डीआरपी का चयन किया जायेगा। इनमें सोशल मोबिलाइजेशन एवं क्षमतावर्धन, सुक्ष्म वित्त एवं वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास, आजीविका फार्म, आजीविका नान फार्म आदि थीम शामिल है। 17 ब्लाकों में 11 थीम के तहत बीआरपी का चयन किया जाना है। इससे पहले जिले में देवरिया, मऊ, आजमगढ़ और गाजीपुर से डीआरपी बुलाये जाते थे। इससे प्रशिक्षण में विलंब होता था। चयनित डीआरपी एवं बीआरपी को प्रशिक्षण और कार्य के लिए मानदेय व यात्रा भत्ता दिया जायेगा। डीआरपी का प्रतिदिन मानदेय 2500 रुपये होगा, जबकि प्रति व्याख्यान के लिए 1000 रुपये दिये जायेंगे।

बीआरपी को भी प्रशिक्षण के दौरान आवासीय एवं भोजन व्यवस्था मिशन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। जनपद के अंदर यात्रा के लिए 500 रुपये प्रतिदिन मिलेगा। इस संबंध में एनआरएलएम के जिला प्रबंधक अभिषेक आनंद ने बताया कि जिले में डीआरपी नहीं होने से प्रशिक्षण कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ता था। अब शासन की ओर से इसकी नियुक्ति का निर्देश मिला है। इसकी प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जायेगी। डीआरपी जिले स्तर पर और बीआरपी ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण देंगे।

# साइबर क्राइम से बचने को सावधानियां जरूरी



कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी एवं अन्य

**बैठक**

### विश्व सेफर इंटरनेट दिवस पर हुई कार्यशाला

**बलिया।** विश्व सेफर इंटरनेट दिवस पर मंगलवार को विकास भवन सभागार, कलेक्ट्रेट सभागार, राजकीय महिला पालिटेक्निक कालेज एवं जनपद के सभी कॉमन सर्विस सेंटर में कार्यशाला का आयोजन कर आमजन को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी गौरव जोशी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व सेफर इंटरनेट दिवस अर्थात सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना कि सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग कैसे किया जाय? ताकि वह साइबर अपराध एवं फ्राड से स्वयं को सुरक्षित रख सके। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने कहा कि हम सभी को साइबर क्राइम, साइबर फ्राड से बचने के लिए सावधानियां बरतनी चाहिए। कभी भी काल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाली काल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या पैसों से संबंधित मांग को पूरा न करें। टेलीकाम विभाग के नाम पर आने वाली काल्स पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से बचें। छोटे बच्चों के इंटरनेट इस्तेमाल करने की मानिटरिंग करें। मजबूत पासवर्ड बनाएं तथा पासवर्ड बदलते रहे। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार गुप्ता सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**बलिया।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों ने महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया। महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांव, कस्बे, मंदिर और स्कूलों का दौरा कर चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिनमें वूमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), टोल-फ्री हेल्पलाइन (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और एंबुलेंस सेवा (108) शामिल हैं।

## जनसंपादकीय

# संत रैदास और उनका संदेश

**निरंकार सिंह**



भक्त शिरोमणि संत रैदास 15वीं शताब्दी के महान संतों में से एक हैं। उन्हें पंजाब में रविदास उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान में रैदास के नाम से ही जाना जाता है। गुजरात और महाराष्ट्र के लोग 'रोहिदास' और बंगाल के लोग उन्हें 'रुइदास' कहते हैं।उन्होने ऊँच-नीच की भावना तथा ईश्वर-भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताया और सबको परस्पर मिल जुल कर प्रेमपूर्वक रहने का उपदेश दिया। वे स्वयं मधुर तथा भक्तिपूर्ण भजनों की रचना करते थे और उन्हें भाव-विभोर होकर सुनाते थे। उनका विश्वास था कि राम, कृष्ण, करीम, राघव आदि सब एक ही परमेश्वर के विविध नाम हैं। वेद, कुरान, पुराण आदि ग्रन्थों में एक ही परमेश्वर का गुणगान किया गया है।उनका विश्वास था कि ईश्वर की भक्ति के लिए सदाचार, परहित - भावना तथा सदव्यवहार का पालन करना अत्यावश्यक है। अभिमान त्याग कर दूसरों के साथ व्यवहार करने और विनम्रता तथा शिष्टता के गुणों का विकास करने पर उन्होंने बहुत बल दिया।

सन्त रैदास ने सत्य को अनुपम और अनिवर्चनीय कहा है। वह सर्वत्र एक रस है। जिस प्रकार जल में तरंगे है उसी प्रकार सारा विश्व उसमें लक्षित होता है। वह नित्य, निराकार तथा सबके भीतर विद्यमान है। सत्य का अनुभव करने के लिये साधक को संसार के प्रति अनासक्त होना पड़ेगा। संत रैदास के अनुसार प्रेममूलक भक्ति के लिये अहंकार की निवृत्ति आवश्यक है। भक्ति और अहंकार एक साथ संभव नहीं है। जब तक साधक अपने साध्य के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पण नहीं करता तब तक उसे लक्ष्य की सिद्धि नहीं हो सकती।

उनका जन्म ऐसे समय में हुआ था जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा का बोलबाला था। उस समय मुस्लिम शासकों द्वारा प्रयास किया जाता था कि अधिकांश हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जाए। संत रविदास की ख्याति लगातार बढ़ रही थी जिसके चलते उनके लाखों भक्त थे जिनमें हर जाति के लोग शामिल थे। यह सब देखकर एक परिद्ध मुस्लिम 'सदना पीर' उनको मुसलमान बनाने आया था। उसका सोचना था कि यदि रविदास मुसलमान बन जाते हैं तो उनके लाखों भक्त भी मुस्लिम हो जाएंगे। ऐसा सोचकर उनपर हर प्रकार से दबाव बनाया गया था लेकिन संत रविदास तो संत थे उन्हें किसी हिन्दू या मुस्लिम से नहीं मानवता से मतलब था। बचपन में संत रविदास अपने गुरू पंडित शारदा नंद के पाठशाला गये जिनको बाद में कुछ उच्च जाति के लोगों द्वारा रोका गया था वहाँ दाखिला लेने से। हालांकि पंडित शारदा ने महसूस किया कि रविदास कोई सामान्य बालक न होकर ईश्वर द्वारा भेजी गयी संतान है अतः पंडित शारदानंद ने रविदास को अपनी पाठशाला में दाखिल किया और उनकी शिक्षा की शुरूआत हुयी। वह बहुत ही तेज और होनहार थे और अपने गुरू के सिखाने से ज्यादा प्राप्त करते थे। पंडित शारदानंद उनसे और उनके व्यवहार से बहुत प्रभावित रहते थे। उनका विचार था कि एक दिन रविदास आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध और महान सामाजिक सुधारक के रूप में जाने जायेंगे।

**अपने पारिवारिक व्यवसाय से जुड़ने के लिए इनके माता-पिता ने इनका विवाह काफी कम उम्र में ही श्रीमती लोना देवी से कर दिया गया जिसके बाद रविदास को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुयी जिसका नाम विजयदास पड़ा। शादी के बाद भी संत रविदास सांसारिक मोह नहीं होने की वजह से पूरी तरह से अपने पारिवारिक व्यवसाय के ऊपर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। उनके इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनके पिता ने सांसारिक जीवन को निभाने के लिए बिना किसी मदद के उनको खुद से और पारिवारिक सम्पत्ति से अलग कर दिया।**

भगवान के प्रति उनके प्यार और भक्ति की वजह से वे अपने पेशेवर पारिवारिक व्यवसाय से नहीं जुड़ पा रहे थे और ये उनके माता-पिता की चिंता का बड़ा कारण था। अपने पारिवारिक व्यवसाय से जुड़ने के लिए इनके माता-पिता ने इनका विवाह काफी कम उम्र में ही श्रीमती लोना देवी से कर दिया गया जिसके बाद रविदास को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुयी जिसका नाम विजयदास पड़ा। शादी के बाद भी संत रविदास सांसारिक मोह नहीं होने की वजह से पूरी तरह से अपने पारिवारिक व्यवसाय के ऊपर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। उनके इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनके पिता ने सांसारिक जीवन को निभाने के लिए बिना किसी मदद के उनको खुद से और पारिवारिक सम्पत्ति से अलग कर दिया। इस घटना के बाद रविदास अपने ही घर के पीछे रहने लगे और पूरी तरह से अपनी सामाजिक मामलों से जुड़ गये।

एक बार रविदास जी के कुछ विद्यार्थी और अनुयायियों ने पवित्र नदी गंगा में स्नान के लिए पूछा तो उन्होंने ये कहकर मना किया कि उन्होंने पहले से ही अपने एक ग्राहक को जूता देने का वादा कर दिया है तो अब वही उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। रविदास जी के एक विद्यार्थी ने उनसे दुबारा निवेदन किया तब उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि "मन चंगा तो कठौती में गंगा" मतलब शरीर को आत्मा से पवित्र होने की जरूरत है ना कि किसी पवित्र नदी में नहाने से, अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र हैं। चाहे हम घर में ही क्यों न नहाये। एक बार उन्होंने अपने एक ब्राह्मण मित्र की रक्षा एक भूखे शेर से की। जिसके बाद वे दोनों गहरे साथी बन गये। हालाँकि दूसरे ब्राह्मण लोग इस दोस्ती से जलते थे सो उन्होंने इस बात की शिकायत राजा से कर दी। रविदास जी के उस ब्राह्मण मित्र राजा ने अपने दरबार में बुलाया और भूखे शेर द्वारा मार डालने का हुक्म दिया। शेर जल्दी से उस ब्राह्मण लड़के को मारने के लिए आया लेकिन गुरू रविदास को उस लड़के को बचाने के लिए खड़े देख शेर वहाँ से चला गया और गुरू रविदास अपने मित्र को अपने घर ले गये। इस बात से राजा और ब्राह्मण लोग बेहद शर्मिंदा हुये और वो गुरू रविदास के अनुयायी बन गये।

वास्तविक धर्म को बचाने के लिए रविदास जी को ईश्वर द्वारा धरती पर भेजा गया था क्योंकि उस समय सामाजिक और धार्मिक स्वरूप बेहद दुःखद था क्योंकि इंसानों द्वारा ही इंसानों के लिए ही रंग, जाति, धर्म तथा सामाजिक मान्यताओं का भेदभाव किया जा चुका था। वे बहुत ही बहादुरी के साथ सभी भेदभाव को स्वीकार करते और लोगों को वास्तविक मान्यताओं और जाति के बारे में बताते। वो लोगों को सिखाते कि यदि कोई भी अपने जाति या धर्म के लिए नहीं जाना जाता। इंसान अपने कर्म से पहचाना जाता है। गुरू रविदास जी समाज में अस्पृश्यता के खिलाफ भी लड़े जो उच्च जाति द्वारा निम्न जाति के लोगों के साथ किया जाता था। वाराणसी में संत रविदास का भव्य मंदिर और मठ है। जहां सभी जाति के लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। वाराणसी में श्री गुरु रविदास पार्क है जो नगवा में उनके यादगार के रुप में बनाया गया है जो उनके नाम पर 'गुरु रविदास स्मारक और पार्क' बना है।

**(लेखक हिन्दी विश्वकोश के पूर्व सहायक संपादक हैं)**

# नीतीश के अपने ही डूबोएंगे नाव

## राजनीति

**शशि शेखर**



शोले फिल्म के जेलर का मशहूर डायलाग है. आधे इधर जाओ, आधे उधर, बाकी मेरे पीछे आओ. अंत में, पीछे कोई नहीं बचता. यही हाल इस वक्त बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) का है. नीतीश कुमार के समक्ष इस वक्त सबसे बड़ी दुविधा यही है कि 2025 तक अपनी पार्टी को कैसे बचाए? कैसे मंडलवादी राजनीति की विरासत को आगे तक संभाल कर रख जाए. क्योंकि मंडलवादी राजनीतिक विरासतों की कमी बिहार में है नहीं. इधर लालू जी के सुपुत्र तेजस्वी है, उधर रामविलास जी के सुपुत्र चिराग, जो येन-केन-प्रकारेण मंडलवादी राजनीति की बैलगाड़ी खींच ही रहे हैं. लेकिन जद(यू) के नेता, नीतीश जी के टायर्ड और रिटायर्ड होने के बाद किधर जाएंगे, पता नहीं? क्या वे भी शोले के जेलर के सिपाहियों की तरह आधे इधर, आधे उधर हो जाएंगे? या फिर नीतीश जी 'ठाकुर' की भूमिका में आ कर कोई जय-वीरू खोज लाएंगे?

जद(यू) में इस वक्त ऐसे-ऐसे झा जी, सिंह जी, चौधरी जी मौजूद हैं, जो कब इधर से उधर हो जाए, कहा नहीं जा सकता. नीतीश कुमार एक परिपक्व राजनेता होते हुए भी मंडलवादी मूल्यों में यकीन करने वाले नेताओं की जगह वैसे नेताओं को आगे करते रहे हैं, जो दिल से भाजपाई, कर्म से कांग्रेसी हैं. जो दिल्ली में बैठ कर भाजपा के लिए बैटिंग तक कर सकते हैं. और अंत समय में पूरा का पूरा कुनबा ले कर कहीं भी जा सकते हैं. इस वक्त जनता दल (यूनाइटेड) में द्वितीय पंक्ति के नेताओं का घोर अभाव है. ऐसा एक भी भरोसेमंद, नेता नहीं दिखता, जिसे नीतीश कुमार अपनी विरासत सौंप सकें. असल में ऐसा जद(यू) के वरिष्ठ नेताओं ने जानबूझ कर किया भी. किसी युवा को आगे बढ़ने नहीं दिया, पनपने नहीं दिया. प्रशांत किशोर जद(यू) के महासचिव तक बनाए गए, लेकिन कोई उन्हें झेलने को तैयार नहीं हुआ. नीतीश जी स्वयं को बहुत ही चतुर मानते हैं, लेकिन वे खुद से भी अधिक चतुर नेताओं के चक्रव्यूह में इस वक्त फंस चुके हैं. और ये सारे के सारे चतुर नेता जहाज डूबने के समय सबसे पहले भाग निकालेंगे. कमंडल शायद इनके लिए सबसे सुरक्षित स्थान भी होगा. ऐसे में नीतीश कुमार के पास क्या उपाय बच जाएगा?

नीतीश जी की समस्या यही खत्म नहीं होती. कमंडलवादी नेताओं से घिरे होने के साथ ही वे ब्यूरोक्रेसी की गिरफ्त में भी है. जो गलती ओडिशा में नवीन बाबू ने की थी, खुद को आईएएस के हवाले कर दिया था और नतीजा सबने देखा. ठीक वैसे ही नीतीश कुमार की सरकार भी इस वक्त नौकरशाह ही चला रहे है. यह बात ब्यूरोक्रेसी को जानने-समझाने वाला हर आदमी जानता है कि आज बिहार नौकरशाहों के भरोसे ही चल रहा है. उसमें भी कुछ चुनिन्दा नौकरशाह पटना में नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द रहते हैं, वे जो कहते हैं, वहीं नीतीश कुमार करते है. नीतीश जी का २-४ नेताओं के अलावा अपने विधायकों तक से सीधा राबता नहीं हो पाता है. आज बिहार की सबसे कमजोर पार्टी है. बहुत हद तक कांग्रेस की तरह.

जनता दल (यूनाइटेड) को बचाने और आगे बढाने का एक मात्र रास्ता नीतीश कुमार के पास, निशांत के रूप में है. कोई इसे परिवारवाद कहे या जो भी, सच्चाई यही है कि भारत की राजनीति में परिवार का बोलबाला है और परिवार पार्टी को एकजुट रखने में केन्द्रीय ताकत की भूमिका निभाता है. भाजपा या कम्युनिस्ट पार्टियां इसके अपवाद जरूर है पर इसके विशेष कारण है. भाजपा संघ परिवार से गाइड होती है और कम्युनिस्ट पार्टियां पोलित ब्यूरो से. अन्य पार्टियां व्यक्ति केन्द्रित रही है. खास कर जितने भी क्षेत्रीय दल है, वे सब के सब, उत्तर से दक्षिण तक, परिवार केन्द्रित पार्टियां ही है. तल्ख हैं, मगर सच्चाई है. बिहार में तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, सम्राट चौधरी जैसे युवा नेता इस वक्त अपने परिवार, अपने पिता की वजह से ही है. ऐसे में अगर नीतीश कुमार, निशांत कुमार को आगे ले कर आते हैं, उन्हें पार्टी की कमान सौंपते हैं, तो बहुत हद तक एक केन्द्रीय ताकत के रूप में निशांत कुमार पार्टी को शायद एकजुट रख पाएं. नीतीश कुमार ने आज तक जो काम किए है, उसकी विरासत भी सीधे निशांत को मिल जाएगी, लोग उनसे नीतीश कुमार के पुत्र होने के नाते कनेक्ट भी हो सकेंगे और उनकी छवि एक सीधे-साधे व्यक्ति की है, जिसका उन्हें और उनकी पार्टी को फायदा हो सकता है. सबसे बड़ी बात, अभी वे युवा है, पढ़े-लिखे हैं. पिता और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में वे तेजस्वी यादव और चिराग पासवान से अधिक स्वीकार्य चेहरा बनने की काबिलियत रखते हैं. नीतीश कुमार की पार्टी में अगर लोग आधे इधर, आधे उधर भी होते हैं, तब भी वैसी स्थिति में युवा निशांत एक पुरानी पार्टी को बिहार के युवाओं से जोड सकते है. आखिरकार, पिता के कर्म, सुकर्म का फल पुत्र को तो मिलता ही है. और नीतीश कुमार पर चाहे जो आरोप लगे, उन्होंने बिहार को 90 के बिहार से निकाल कर 21वीं सदी के बिहार तक लाने की ईमानदार कोशिश तो जरूर की है. महिलाओं के उत्थान के लिए उन्होंने अद्भुत काम जरूर किए है. हालांकि, वे जो कर सकते थे, जो उनकी क्षमता थी, वे उतना नहीं कर पाए, क्योंकि अंततः, वे भी ऐसे नेताओं से घिर कर रह गए, जो तन पर मंडलवादी चादर लपेटे हुए भीतर से कमंडलवादी बनियान पहने हुए हैं.

**बिहार में तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, सम्राट चौधरी जैसे युवा नेता इस वक्त अपने परिवार, अपने पिता की वजह से ही है. ऐसे में अगर नीतीश कुमार, निशांत कुमार को आगे ले कर आते हैं, उन्हें पार्टी की कमान सौंपते हैं, तो बहुत हद तक एक केन्द्रीय ताकत के रूप में निशांत कुमार पार्टी को शायद एकजुट रख पाएं. नीतीश कुमार ने आज तक जो काम किए है, उसकी विरासत भी सीधे निशांत को मिल जाएगी**

### हार जरूरी है यार

दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को नकार दिया है. भारतीय लोकतंत्र की यह खूबसूरती है कि यहां कोई अपने आप को शहंशाह समझने की भूल न करे. जनता सबको हैसियत बताती रहती है. हर बार, हर चुनाव दर चुनाव. कभी एक-दो मौके दे देती है लगातार, कभी-कभी तीन भी मौके देती है. लेकिन कोई ये ना समझे कि चुनावी लोकतंत्र में वह एक बार जीत कर आ गया है तो अगले 50 साल तक वही राज करेगा।

कुछ काम करना, नहीं करना, भारतीय राजनीति में सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता है. दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है. कोई भी मुख्यमंत्री होगा उसे सेंटर के साथ कन्फ्रंट करना पड़ सकता है. शीला दीक्षित तक को करना पड़ता था. लेकिन अरविंद केजरीवाल का पूरा पॉलिटिकल एग्जिस्टेंस ही सामने वाले से लड़ाई के आधार पर टिका हुआ है. पिछले दो टर्म जो उन्होंने सरकार चलायी है, 2015-2020 और 2020-2025, उस दौरान उन्होंने विरोध और लड़ाई की ही पॉलिटिक्स की हैं. ऐसा नहीं है कि वो उस वजह से वह काम नहीं कर पाए. जितना उनको करना था, जितनी उनकी हैसियत थी उन्होंने किया. लेकिन, इस हार के बाद अब उनके लिए चिंतन और मंथन का समय है.

आदमी जब बिल्कुल स्वेच्छाचारी हो जाता है, तो दिक्कतें पैदा होती ही हैं! एक कहावत है कि 'पावर करप्ट्स एंड अब्सोल्यूट पावर करप्ट्स अब्सोल्यूटली'(सत्ता भ्रष्ट करती है और पूर्ण सत्ता पूर्णतः भ्रष्ट करती है). यहां पर भ्रष्टाचार से अलग, जो व्यक्ति का स्वयं का आचार और विचार है, उसके भ्रष्ट होने के तौर पर भी भ्रष्टाचार को देखना चाहिए. आपको अपने लोगों की पहचान नहीं रह जाती, आपको अपने ताकत की पहचान धीरे-धीरे खत्म होने लगती है. आप दूसरे की ताकत पर निर्भर होने लगते हैं. बीजेपी का डबल इंजन वाला एक नेरेटिव है. कई जगह पर हम लोग देख रहे हैं कि इसी नैरेटिव पर बीजेपी को थोड़ा सा एज मिलता है कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह वही रहेंगे, तो अच्छा चलेगा.

यह विकास के लिए कोई आवश्यक शर्त नहीं है. दिल्ली की स्थिति बाकी राज्यों से इसलिए अलग है क्योंकि वह वाकई संवेदनशील है. भारत की राजधानी दिल्ली है, इस वजह से शीला दीक्षित के समय भी ऐसा नहीं था, गृह मंत्रालय बनाम दिल्ली के मुख्यमंत्री में टकराव हो जाता था तो 10 जनपथ को हस्तक्षेप करना पड़ता था और वहां से शीला दीक्षित जीत कर आती थीं. आम आदमी पार्टी के साथ एक दिक्कत यह रही कि इनकी शुरूआत ही तब हुई जब केंद्र में नरेंद्र मोदी एक अपराजेय नेता के तौर पर आए और उनके लिए भी दिल्ली एक चुनौती थी. मोदी जी भी सोचते रहे होंगे ही कि पूरा देश जीत रहे हैं, लेकिन नाक के नीचे की दिल्ली को नहीं जीत पा रहे.

अकेले अरविंद केजरीवाल इस टकराव के लिए दोषी नहीं. भाजपा को दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर जनता ने जिताया. अब तक वहां पर स्प्लिट वोटिंग पैटर्न रहा है. लोकसभा में पूरी की पूरी सीटें जनता बीजेपी को दे देती थी, विधानसभा में अरविंद केजरीवाल को. 10 साल लगातार सरकार चलाना भी कोई छोटी बात नहीं थी. काम तो कुछ किया ही था आम आदमी पार्टी ने. चाहे वह अस्पताल के मसले हो, शिक्षा या स्वास्थ्य के मसले हो, ट्रांसपोर्टेशन वगैरह की बात हो. इस सब को फ्रीबीज कहा गया. भाजपा ने भी कहा कि वह भी इसको चलाएंगी. लोगों को लगा कि इनको भी मौका दिया जाए. इतने अधिक टकराव से लोग शायद ऊब जाते हैं कि भाई चलो एक बार डबल इंजन ही करके देखते हैं. शायद कुछ अच्छा हो जाए.

अभी तो स्थिति यह थी कि पहले केजरीवाल कहते थे कि एमसीडी में बीजेपी है तो काम नहीं हो पा रहा है लेकिन आखिरी कुछ समय पिछले एमसीडी में भी आम आदमी पार्टी आ गयी. आम आदमी पार्टी की आंतरिक राजनीति में बड़ी समस्या थी. आप ने इस बार बहुत सारे कांग्रेस और बीजेपी से आयातित नेताओं को टिकट दिया था. जमीनी स्तर पर आप के पार्षद या कार्यकर्ता को यह सब हजम नहीं हुआ.

अरविंद केजरीवाल को उनका ओवर कॉन्फिडेंस और अहंकार ले डूबा. उनको लगता था कि वही सर्वमान्य नेता हैं, वह जिसको चाहेंगे जिता देंगे. जैसाकि आखिरी दो चुनावों में हुआ भी. 67 और 62 सीटें ये लोग जीते थे. अरविंद केजरीवाल का जो राजनीतिक सेटअप है, वह बहुत ज्यादा एकीकृत और केंद्रीकृत हो गया था. यही उनकी हार का सबसे बड़ा कारण भी है. उम्मीद है, वे इस पर मंथन और चिंतन करेंगे. हार आपको इससे बड़ा उपहार नहीं दे सकता.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# पं नरेन्द्र शर्मा : आज के बिछुड़े न जाने कब मिलेंगे

## स्मृति दिवस पर

**जाहिद खान**



वह हिंदी की आन–बान और शान थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। कवि–गीतकार, लेखक, अनुवादक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रशासक अपने जीवन में पंडित नरेन्द्र शर्मा को जो भी भूमिका मिली, उन्होंने उसके साथ पूरा न्याय किया। हिंदी साहित्य में प्रगतिवाद के वे प्रारंभिक कवियों में से एक थे। साल 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में उन्होंने शिरकत की, तो अपने गीतों के माध्यम से उन्होंने देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना जागृत करने का महत्वपूर्ण काम किया। पं. नरेन्द्र शर्मा के गीतों का विस्तृत अध्ययन करें, तो उनमें रागात्मक संवेदना और सामाजिक यथार्थवाद स्पष्ट दिखलाई देता है। एक नई आशा और विश्वास उनके गीतों का स्थायी भाव है। नरेन्द्र शर्मा के गीतों में प्रकृति और मानवीय सौन्दर्य है, तो विरह और मिलन की सघन अनुभूतियां भी हैं। संस्कृत, हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी भाषाओं पर उनकी गहरी पकड़ थी। यही नहीं मराठी, बंगाली, गुजराती आदि भाषाओं की भी उन्हें अच्छी जानकारी थी। ज्योतिष विद्या और आयुर्वेद का उन्हें अच्छा ज्ञान था। अपने नाम के आगे लगे पंडित को वे पूरी तरह से चरितार्थ करते थे। उनका पांडित्य ओढ़ा हुआ नहीं था। पं. नरेन्द्र शर्मा की विद्वता उनके कामों से झलकती थी। साल 1931 में पंडित नरेंद्र शर्मा की पहली कविता 'चांद' में छपी। साल 1934 तक आते-आते, इक्कीस साल की उम्र में उनका पहला कविता संग्रह 'शूल-फूल' आ गया। नरेन्द्र शर्मा की नौजवानी का दौर, देश की आजादी के संघर्षों का दौर था। वे भी इस आंदोलन में अपने लेखन से हिस्सेदारी कर रहे थे। वामपंथी संगठनों के संपर्क में आने के बाद, नरेन्द्र शर्मा की कविताओं में और भी ज्यादा आक्रमकता आई। 'अग्नि शस्य', 'पलाश वन' आदि कविता संग्रह में संकलित उनकी कविताओं में मार्क्सवादी दर्शन और विचारधारा का खुलकर इजहार किया गया है। मिसाल के तौर पर अपनी कविता 'स्वर्ण शस्य' में वे कहते हैं,"दो तत्व विरोधी मिले/जीवन गति, निद्रा गई छीज !/गतिमय जीवन का जन्म/आदि में तम-प्रकाश का रति रहस्य।"उनकी कविताओं में भाषायी सौंदर्य और यथार्थ का चित्रण एक साथ मिलता है। किसान, कामगार और हाशिए से नीचे के समाज का संघर्ष उनकी कविताओं, गीतों में बार-बार आता है। "योद्धा को तलवार श्रमिकों को मिलती छैनी/कृषकों को हल, कवि को मिली लेखनी पैनी/कहीं शस्ययुत क्षेत्र, कहीं उद्गीव गान है/हम किसान हैं।"

साल 1938 से लेकर 1940 तक पंडित नरेन्द्र शर्मा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, स्वराज्य भवन में हिंदी अधिकारी रहे। यहां उनका काम महात्मा गांधी के भाषण और दीगर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद करना था। कुछ दिन उन्होंने काशी विद्यापीठ में अध्यापन का कार्य किया। काशी विद्यापीठ में ही थे कि साल 1940 में ब्रिटिश सरकार ने सरकार विरोधी गतिविधियों के इल्जाम में उन्हें गिरफ़्तार कर लिया। साल 1943 तक वे जेल में रहे। पंडित नरेन्द्र शर्मा बनारस, आगरा और देवली के कारागारों में कांग्रेसी एवं कम्युनिस्ट लीडरों शचीन्द्रनाथ सान्याल, सोहनसिंह जोश, जयप्रकाश नारायण और सम्पूर्णानंद आदि के साथ नजरबंद रहे। साल 1939 में आई 'प्रवासी के गीत' वह किताब थी, जिसने हिंदी साहित्य में नरेन्द्र शर्मा को स्थापित कर दिया। 'प्रवासी के गीत' न सिर्फ आम पाठकों को पसंद आए, बल्कि आलोचकों ने भी भी इसे मुक्त कंठ से सराहा। इस संग्रह में हिन्दी काव्य जगत के श्रेष्ठ प्रेम गीत मौजूद हैं। "आज के बिछुड़े न जाने कब मिलेंगे ?/आज से दो प्रेम योगी, अब वियोगी ही रहेंगे।" लय व छंद में बंधे इन सुमधुर गीतों का कोई जवाब नहीं। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का इतिहास' लिखी, तो अपनी इस किताब में छायावाद के बाद हिंदी के मानचित्र पर उभरे हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह दिनकर और माखनलाल चतुर्वेदी जैसे बड़े कवियों के साथ नरेन्द्र शर्मा का भी उल्लेख किया। नरेन्द्र शर्मा ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद, सरमायेदारी और सामंतवाद के खिलाफ जमकर लिखा। उनकी प्रतिबद्धता किसानों और कामगारों के प्रति थी। श्रमजीवियों को वे नायक मानते थे और यह भी जानते थे कि यही वर्ग देश में क्रांति करेगा। "खलिहान खेत में खड़ा हुआ वह नया कृषक/बिजली का खंभा गाड़ रहा जो बिना हिचक !/अभिमंत्रित मंत्र-शक्ति से अब तू भी न झिझक/विद्युत के अश्वारोही का कर अभिनन्दन !/युग बदला, देता तुझे चुनौती युग-जीवन !" (कविता 'युग बदला')

देवली कैंप से रिहा होने के बाद पंडित नरेन्द्र शर्मा साल 1943 में बंबई पहुंच गए। साहित्यकार भगवती चरण वर्मा 'बॉम्बे टॉकीज' से जुड़े हुए थे। उन्होंने ही नरेन्द्र शर्मा को 'बॉम्बे टॉकीज' के मालिक हिमांशु राय और देविका रानी से मिलवाया। गीतकार के तौर पर उनको पहली फिल्म 'हमारी बात' मिली। साल 1943 में आई इस फिल्म में नौ गीत थे और सभी नरेन्द्र शर्मा ने ही लिखे। इस फिल्म का अनिल विश्वास और पारुल घोष द्वारा गाया गीत 'बादल दल सा निकल चला ये दल मतवाला रे' खूब लोकप्रिय हुआ। कहने को ये फिल्मी गीत था, लेकिन इस गीत में भी पं. नरेन्द्र शर्मा ने बड़े बेहतरीन तरीके से अपने क्रांतिकारी विचार पेश कर दिये। "बादल दल सा निकला ये दल मतवाला रे/हम मस्तों में आन मिले कोई हिम्मतवाला रे/बिजली सी तड़पन नस-नस में आज नहीं हम अपने बस में/नये खून में लहर ले रही जीवन-ज्वाला रे/तूफानों से टक्कर लें हम परबत को दो टूक करें हम/बहुत दिनों अन्याय का हमने बोझ संभाला रे।" भारत छोड़ो आंदेलन के बाद, जब अंग्रेजों का पूरे मुल्क में दमन चक्र चल रहा था, ऐसे प्रतिकूल हालात में इस तरह का आंदोलनकारी गीत लिखना,सचमुच हिम्मत का काम था। आज भी यह गीत जन आंदोलनों में गाया जाता है। अपनी पहली ही फिल्म में नरेन्द्र शर्मा ने यह साबित कर दिखाया कि वे फिल्म की सिचुएशन के हिसाब से गाने लिख सकते हैं। फिल्म 'हमारी बात' के बाद 'ज्वार भाटा', 'मीरा', 'वीणा', 'उद्धार', 'सती अहिल्या', 'नरसिंहावतार', 'संत जनाबाई' 'श्रीकृष्ण दर्शन' और 'मालती माधव' जैसी धार्मिक-संगीतप्रधान फिल्में आईं, जिनमें नरेन्द्र शर्मा ने संगीतकार वसंत देसाई और सुधीर फड़के जैसे प्रतिभाशाली संगीतकारों के साथ काम किया। फिल्मों के विषय के अनुसार उन्होंने उत्कृष्ट गीत रचे।

साल 1961 में आई फिल्म 'भाभी की चूड़ियां' वह फिल्म थी, जिसके गानों ने लोकप्रियता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। खास तौर पर 'ज्योति कलश छलके..' गीत का आज भी कोई जवाब नहीं। संस्कृतनिष्ठ हिंदी में लिखे गए इस बेहतरीन गीत के अलावा फिल्म के बाकी गीत 'मेरा नन्हा कन्हैया घर आया रे', 'लाज राखो गिरधारी, मोरी लाल राखो', "लौ लगाती गीत गाती' भी हिट हुए। फिल्म 'भाभी की चूड़ियां' के गीतों की बेशुमार कामयाबी के बाद भी नरेन्द्र शर्मा को फिल्मों में गीत लिखने का उतना मौका नहीं मिला, जितना वे उसके हकदार थे। साल 1978 में आई निर्देशक राज कपूर की फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' के शीर्षक गीत के अलावा उनका गीत 'यशोमति मैया से बोले नंदलाला' खूब लोकप्रिय हुआ। इन गीतों के अलावा 'भंवरे ने खिलाया फूल, फूल को ले' (फिल्म-प्रेम रोग), 'तुम आशा विश्वास हमारी तुम धरती आकाश..' (फिल्म-सुबह) जैसे काव्यात्मक गीत नरेन्द्र शर्मा की ही कलम से निकले। फिल्मी गीतों के अलावा नरेन्द्र शर्मा ने अनेक गैर फिल्मी गीत लिखे। खास तौर पर भजन लिखने में उन्हे महारथ हासिल थी। उनके इन भजनों को लता मंगेशकर और भीमसेन जोशी जैसे चोटी के गायकों ने गाया है।

पं. नरेन्द्र शर्मा, भारतीय जन नाट्य संघ यानी इप्टा से भी जुड़े रहे। साल 1982 में देश में हुए एशियन गेम का थीम सांग, "अथ स्वागतम, शुभ स्वागतम/आनंद मंगल मंगलम/नित प्रियं भारत भारतम।" उन्हीं का लिखा हुआ है। गीतकार नरेन्द्र शर्मा का एक महत्वपूर्ण योगदान आकाशवाणी के विविध रंगी कार्यक्रम 'विविध भारती' की परिकल्पना और नामकरण था। उन्होंने न सिर्फ विविध भारती के 'पंचरंगी कार्यक्रम' के लिए एक विशेष गीत 'नाच रे मयूरा खोल कर सहस्त्र नयन' लिखा, बल्कि कई लोकप्रिय कार्यक्रमों 'हवा महल', 'जयमाला', 'मधुमालती', 'बेला के फूल', 'चौबारा', 'छाया गीत', 'चित्रशाला', 'उदय गान', 'गजरा', 'बंदनवार', 'मंजूषा', 'स्वर संगम', 'पत्रावली' आदि की शुरूआत की। अनेक रूपक लिखे। नरेन्द्र शर्मा साल 1955 से लेकर 1971 तक 'विविध भारती' के चीफ प्रोड्यूसर रहे। उनके कार्यकाल में आकाशवाणी ने नए मुकाम छुए। आकाशवाणी की लोकप्रियता सात समंदर पार पहुंची। पंडित नरेन्द्र शर्मा की विद्वता का सभी सम्मान करते थे। न सिर्फ उनके जूनियर, सीनियर बल्कि समकालीन भी। वे जब 60 वर्ष के हुए, तो मुंबई में उनके ऊपर एक बड़ा कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में नरेन्द्र शर्मा के समकालीन डा. हरिवंश राय बच्चन ने उनकी कविता के बारे में जो कहा, वह हिंदी साहित्य में नरेन्द्र शर्मा के योगदान को दर्शाता है। "इन चालीस वर्षों में हमारी हिन्दी कविता जितने सोपानों से होकर निकली है, पंडित नरेन्द्र शर्मा उन सब पर बराबर पांव रखते हुए चले हैं। शायद प्रारम्भिक छायावादी, उसके बाद जीवन के संपर्क मांसलता लेते हुए ऐसी कविताएं, प्रगतिशील कविताएं, दार्शनिक कविताएं, सब सोपानों में इनकी अपनी छाप है।" 11 फरवरी, 1989 को एक सार्थक जीवन जीने के बाद पं. नरेन्द्र शर्मा इस दुनिया से हमेशा के लिए विदा हो गए।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# चांद तारों की रेवड़ी

**अरविंद तिवारी**

इन दोनों गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाला हिंदी शब्द है, रेवड़ी।सियासत में इसे मुफ़्त की रेवड़ी के रूप में प्रयोग किया जाता है।दरअसल यहां मुफ्त शब्द लगाने की जरूरत ही नहीं है। मुफ्त बंटने वाले प्रसाद को ही रेवड़ी कहा जाता है।इसे तिल के साथ गुड़ या चीनी में मिलाकर बनाया जाता है।प्रसाद पुल्लिंग है पर रेवड़ी स्त्रीलिंग शब्द है।सियासत के शब्द या नारे लोगों को शीघ्र समझ में नहीं आ पाते इसलिए समझाने के लिए रेवड़ी के साथ मुफ्त शब्द जोड़ा जाता है।देश में कई तरह की रेवड़ियां बांटी जा चुकी थीं।कुछ असल में, तो कुछ झांसे में।पर हर बार की तरह नेताजी ने,इस बार भी चांद तारों वाली रेवड़ी का वादा पूरा नहीं किया था।जनता खिन्न ही नहीं थी,वह विध्वंस करने पर भी आमादा थी।जनता का दुख यह था हर बार की तरह रेवड़ी मिलने के स्थान पर उन्हें इस बार भी झांसा ही मिला।

नेताजी बांस लेकर अट्टालिका पर चढ़े थे।वह अपनी व्यस्तता के बरक्स चांद तारे नहीं तोड़ पाए थे। इसलिए पब्लिक उन्हें बुरी तरह लताड़ रही थी।मरता क्या न करता सो वह अट्टालिका पर जा चढ़े थे।इस बार जनता को चांद तारे तोड़कर ही दे देंगे।अगर नहीं तोड़ पाए तो सियासत छोड़ देंगे।इस बार जनता ने लाउड स्वर में नो एक्सक्यूज का जुमला उछाल दिया था।पर चांद तारे हाथ नहीं आ रहे थे।जनता ही नहीं चांद तारे भी धोखा देने पर आमादा थे!बुरे वक्त में गली का पत्थर भी धोखा दे जाता है।अट्टालिका पर बांस लेकर नेताजी खड़े थे,नीचे झोली फैलाकर जनता खड़ी थी।दो चार तारे हाथ आ जाएं तो चांद की डिमांड नहीं करेंगे,ऐसा जनता ने सोच रखा था।जनता जानती थी इतनी छूट तो नेताजी को देनी ही होगी।लंबा बांस हिलाते हिलाते नेताजी की बांह उखड़ने लगी साथ ही उनकी सांस भी।रेवड़ी वाला टोटका इस बार फेल होता हुआ लग रहा है क्योंकि सामने वाली पार्टियों ने भी चांद तारे तोड़ने का वादा कर रखा है।नेताजी को अट्टालिका पर चढ़ा देख सामने वाली एक पार्टी का नेता भी लंबा बांस लिए सामने वाली अट्टालिका पर चढ़ गया।दोनों ऊंची ऊंची अट्टालिकाओं के बीच जो गली है, उसमें जनता फंसी हुई थी।एक तीसरी पार्टी भी बांस लिए पड़ोस की अट्टालिका पर खड़ी थी।तीनों के बांस टकरा रहे थे। भीड़ इतनी कि दम घुटने का खतरा पैदा हो गया।तीनोंअट्टालिकाओं से लहराते हुए बांस चांद तारों की छोड़ो,पेड़ों के सामान ऊंचाई तक नहीं पहुंच पा रहे थे। वे आपस में टकरा रहे थे।

पहले वाला नेता नीचे उतर आया। उसने जनता को समझाया,सामने वाली पार्टियां मेरी नकल कर रही हैं।उसके पास अपना कुछ नहीं है।जो कुछ भी है मेरी नकल का है। चांद तारे वाली रेवड़ी का विचार हमसे छीनने की कोशिश हो रही है।हम ऐसा होने नहीं देंगे।इस पर हमारा कॉपी राइट है।अभी हम चांद तारे नीचे गिरा दें तो सामने वाली पार्टियां उसका श्रेय ले लेंगी।ऐसा हम नहीं होने देंगे।जनता ने कहा,कोई बात नहीं आज हम आप तीनों के बांसों की लंबाई नाप लेते हैं।जिसकी लंबाई ज्यादा होगी उसी पार्टी से चांद तारे तोड़ने की उम्मीद रखेंगे।जनता यहां भी मात खा गई।तीनों पार्टियों के बांसों की लंबाई समान थी।जनता का मुंह आश्चर्य से खुला का खुला रह गया।जनता मुंह फाड़े तीनों बांसों को ताकती रह गई।सभी पार्टियों की यह एक चाल थी ताकि परिवर्तन होने पर जनता को उसी लंबाई में झांसा दिया जा सके, जिसमें पहली वाली पार्टी देती आई थी।तीनों पार्टियां अपने अपने बांस लेकर सबसे पहले मंदिरों में गईं थीं।भगवान ने तीनों को आशीर्वाद दे दिया था।भगवान के पास सबको आशीर्वाद देने की सुविधा थी। जनता के पास नहीं थी।इसलिए वह असमंजस का शिकार हो गई।

एक पार्टी ने घोषणा कर दी हम अपने बांस की ऊंचाई को ए.आई.से जोड़ेंगे।सही सही नाप लेकर हम वास्तव में चांद तारे तोड़कर जनता के हाथ में सौंप देंगे।उस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में ए .आई.के साथ संकल्प, विकल्प, सरोकार, प्रतिबद्धता, शुचिता आदि को शामिल कर लिया था।सब जानते हैं यह जमाना ए.आई.का है। ए.आई.के प्रवेश के बाद चांद तारे तोड़ने वाला प्रहसन हर राज्य में उसी तरह तारी हो गया है,जैसे खेल दिखाने वाला जादूगर घोषणा करता है,वह जमीन पर पड़े आदमी को आसमान में उड़ा देगा।इसी तर्ज पर चांद तारे वाली रेवड़ी बांटी जाने लगी ।आदमी अगर उड़ जाएगा तो चांद तारे भी जमीन पर अवश्य उतर आएंगे।जादू वाले खेल में खेल दिखाने वाला मदारी पैसे इकट्ठे करके छू मंतर हो जाता है पर आदमी नहीं उड़ पाता।इसी खेल का नाम सियासत में मुफ्त की रेवड़ी रखा गया।जनता खुद उड़ने का प्रयास करती है पर हर चुनाव में वह जमीन पर पड़ी की पड़ी नजर जाती है।जब आप खुद जमीन से नहीं उठ पाते तो अगला आप के लिए कैसे चांद तारे तोड़ सकता है?पर जनता फिर से चांद तारे तोड़ने वाले वादे पर विश्वास कर चुकी थी।यह बात दीगर है यह वादा अब दूसरी पार्टी ने किया था।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>


# विद्युत बिलों में भारी बढ़ोतरी से उपभोक्ता परेशान

## उपभोक्ताओं की हर समस्या का होगा समाधान :उपखण्ड अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**समस्या बढ़ी**

**उपभोक्ताओं ने लगाया हेराफेरी का आरोप**



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र फूलपुर के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ता मीटर रीडरों के मनमानी घर बैठे विद्युत बिलिंग के कारण बिलो।में भारी बढ़ोतरी से गरीब बिद्युत उपभोक्ता परेशान हैं। विद्युत बिलो को सुधार करने के नाम पर विद्युत मीटर रीडर अधिकारियों की मिली भगत से आर्थिक व मानसिक रूप से शोषण किया जा रहा हैं।

सुदनीपुर के चकनुरी ग्राम वासी अनिता मोदनवाल पत्नी राजकुमार ने बताया कि एक किलोवाट का कनेक्शन है पहले दो माह का पाँच सौ बिल आती थी अब ग्यारह सौ आ रही है मीटर रीडिंग से वर्तमान में साठ हजार बिल हो गयी है मीटर रीडर से बात करने पर साठ हजार बिल को सही करने के लिए बाईस हजार रुपये माग रहे हैं। इसी प्रकार पूरा गड़ेरिया इटकोहिया निवासी अनुसूचित महिला मीना पत्नी स्वगीय इंद्रजीत ने बताया कि एक किलोवाट कनेक्शन है पहले चार सौ पचास जमा होता था अब करीब ग्यारह सौ रुपये बिल आ रही है उन्नीस हजार बिल हो गयी मीटर रीडर आधे पर सही कराने की बात कह रहे हैं। उपकेन्द्र विद्युत जाने पर अधिकारी द्वारा पूछा जाता है क्या क्या प्रयोग कर रहे हैं बताने में कहते है सही है बिल इतनी यूनिट चला रहे है जमा करिए। वही उपकेंद्र पर कुछ लोग आधा पैसा लेकर बिलो को संशोधित करा रहे है जिसका सही हो जा रहा है वह बताने को तैयार नही हैं। इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी विद्युत फूलपुर भूप सिह बताया कि उपभोक्ता कहीं किसी बाहरी ब्यक्ति से सम्पर्क न करें सीधे आफिस में आकर मील सकता है फोन द्वारा सूचित करें। विद्युत केंद्र के अगल बगल खड़े ब्यक्तियों से सम्पर्क न करें। उपभोक्ताओं की हर समस्या का समाधान किया जायेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह मुंडियार गांव निवासी 40 वर्षीय सोहन लाल राजभर पुत्र छोटू राजभर की मंगलवार को तबियत खराब हो गयी। परिजन उसे सीएचसी लेकर आए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पातल भेज दिया। मृतक की पत्नी ने बताया कि पति सोहन लाल शराब पीने के आदि थे। वे काफी दिनो से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे घर से सुबह मुंडियार ईदगाह अंबेडकर मूर्ति के पास किसी कार्य से गए हुए थे। कुछ देर बाद सूचना मिली कि वे जमीन पर गिरकर बेहोश पड़े हुए है। मौके पर लोग पहुंचे तो वे बेहोशी की हालत में पड़े थे। परिजन व स्थानीय लोग फूलपुर सीएचसी में लाये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल सच्चिदानंद यादव ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी। इस मामले में पत्नी ने थाने में तहरीर दी है।

# ऑनलाइन खसरा पड़ताल लेखपालों के लिए बनी मुसीबत

जनसंदेश न्यूज

**परेशानी**

**विभाग से इतर भी करना पड़ रहा है कार्य**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** शासन के निर्देश पर फूलपुर तहसील क्षेत्र के 397 ग्राम पंचायतों में आनलाइन खसरा की पड़ताल लेखपालों द्वारा किया जा रहा है। लेखपाल की संख्या कम होने के कारण कई गांव को मिलाकर पूर्व में बनाये गए 135 लेखपाल मंडल में मात्र सब 93 लेखपाल फूलपुर तहसील में नियुक्त हैं। उसमें भी 34 नव नियुक्ति प्राप्त लेखपालों की तैनाती की गई है। नव नियुक्त 34 लेखपाल में 17 ट्रेनिंग पर हैं। ऐसे में जहां लेखपालों की सख्या कम है वहीं खसरा पड़ताल में बगैर गाटा संख्या तक पहुंचे आनलाइन पड़ताल नहीं हो सकती।

लेखपाल के मुसीबत का आलम यह है कि लेखपाल अकेले नदी नाले आबादी से दूर पड़ताल कर रहा है जहां जंगली जानवर निराश्रित पशु जंगली सुअर आदि से सदैव भय बना रहता है। ऊपर से ग्रामीणों से अनजान लेखपाल के फोटो खींचने पर खेत खलिहान के पास अपनी खेती गृहस्थी का कार्य कर रही महिलाओं के दुर्व्यवहार भी लेखपाल को सहन करना पड़ रहा है।

लेखपाल महेन्द्र कुमार, अखिलेश विन्द, यशपाल चौहान, पारितोष पांडेय, अनिल यादव, सुखबीर सिंह, सबेनूर, शिवानी, चंद्रकांता आदि ने बताया कि आबादी सेकई किलोमीटर दूर सुनसान क्षेत्र में अकेले पड़ताल करने जाने में असुरक्षा महसूस होती है। महिला लेखपाल के लिए सबसे बड़ी समस्या है। सुबह से शाम तक क्षेत्र पड़ताल के बाद आनलाइन शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी करना पड़ता है। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य बोझ बन गया है। इस सम्बंध में तहसीलदार फूलपुर कमल कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में उच्चाधिकारियों का आदेश है जिसे कराना ही है।

# चौरसिया दंपति के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**नाराजगी**

**सीएम को नामित डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**बलिया जिले में हुई हत्या से आक्रोश**

**आजमगढ़।** भाजपा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा मिथिलेश चौरसिया तिवारी के नेतृत्व में चौरसिया समाज के लोगों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को नामित ज्ञापन सौंपा। मिथिलेश चौरसिया ने कहा कि बीते रविवार की रात बेखौफ अज्ञात हत्यारों द्वारा बलिया खेजुरी, थाना क्षेत्र के मासूमपुर (बहेरी) गांव में शिक्षक श्यामलाल चौरसिया 60 वर्ष और उनकी पत्नी बासमती देवी 55 वर्ष की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गयी।



डीएम को ज्ञापन देने जाते चौरसिया समाज के लोग।

परन्तु अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतक चौरसिया दम्पत्ति घर से 200 मीटर की दूरी पर एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे। दोनों के शव घर के दरवाजे के बाहर मिले। घर से 500 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी है। यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने कहा कि उक्त घटना में शामिल लोगों को अगर 48 घंटे के अंदर पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है, तो पूरे उत्तर प्रदेश में सड़क पर उतरकर एक बडा आनेलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर मृगांक शेखर सिन्हा, डॉ.अरुण चौरसिया, नीरज सिंह, विनीत चौरसिया, कृष्णा चौरसिया, जगपाल चौरसिया, बालकृष्ण चौरसिया, योगेंद्र यादव, अजय मौर्य, सूरज सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

जनसंदेश न्यूज



पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते रमाकान्त मिश्र।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया याद।

बता दे कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, अंत्योदय एवं श्एकात्म मानववादश के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर पंचायत स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत मिश्र के आवास पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, ततपश्चात उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके विचारों को सुना और समर्पण दिवस के रूप में उन्हें याद किया।


करोड़ों कार्यकताओं में अंतिम व्यक्ति के कल्याण की भावना को पोषित करने वाले एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में उन्हें लोगो ने नमन किया। रमाकांत मिश्र ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जिन्हें पंडितजी के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के समर्थक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्ववर्ती राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के नेता थे। जन समुदाय को सशक्त बनाने का विचार था। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थे। पंडित दीनदयाल की जयंती हर साल अंत्योदय दिवस के दिन मनाई जाती है। इस मौके पर सुनील पांडेय,राणा प्रताप सिंह,धर्मेंद्र निषाद, संतराम निषाद, सुभाष निषाद, अशफाक, पिंटू मिश्र, धीरज मिश्र, समेत लोग मौजूद रहे।

**मार्टिनगंज प्रतिनिधि** के अनुसार- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार फूल माला चढ़ाकर एवं उनके पद पर चलने के लिए शपथ लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक जब तक हर योजना का लाभ नहीं पहुंच जाएगा तब तक हम लोग आराम नहीं करेंगे यह पंडित दीनदयाल का सपना था। पुण्यतिथि में उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेश राय मंडल अध्यक्ष शरद राय हेमंत तिवारी अम्बरीष कुमार तिवारी, अनिल राय, सुनील सिंह, नवीन राय, अमरीश राय, अमित बिंद राजेश विश्वकर्मा, चंद्रबली सरोज, अशोक राय आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बरदह शरद राय का स्वागत भी किया गया स्वागत में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश सरोज ने स्वागत किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर पंडित दीनदयाल के कदमों पर चलने के लिए शपथ लिया।

# अंतिम व्यक्ति के विकास हेतु कृत संकल्पित थे पं.दीनदयाल उपाध्याय



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।



पं.दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते भाजपा कार्यकर्ता।

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी लालगंज के रेतवां चंद्रभानपुर में बूथ संख्या 264 पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रजनीकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी तथा संचालन मंडल महामंत्री संतोष तिवारी ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रजनीकांत त्रिपाठी ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्तोदय सोच डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में आज साकार हो रही है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। उपाध्याय जी अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए सदैव कृत संकल्पित थे। इस अवसर पर चंद्रभूषण तिवारी, राम दरस, राम भूषण, शैलेश पाठक, अभिषेक, सत्यम, अजीत, पीयूष, सौरभ, अनिल चौहान, हर्ष, सौरभ, प्रसून, आशीष तिवारी, गोलू, मेवा राजभर, मिश्री राजभर इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसी क्रम में भाजपा लालगंज विधान सभा अतरौलिया के मंडल कौड़िया में मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया तदुपरांत सभी कार्यकर्ताओं से समर्पण करवाया। एकात्म मानव दर्शन एवं अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल के शाश्वत विचारों पर आधारित एकात्म मानव दर्शन की प्रासंगिकता सदैव रहेगी और उनका बहुआयामी व्यक्तित्व व कृतित्व हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला मंत्री अजय यादव,पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रतन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बिंदु सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आशुतोष चौबे, मनीष सिंह लहरपार जिला आईटी प्रमुख लालगंज उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर पं.दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**माहुल (आजमगढ़)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार दोपहर को अहरौला मंडल अध्यक्ष अर्पित मौर्य और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेक्टर अहरौला के बूथ संख्या 359 पर सेक्टर संयोजक ओमप्रकाश यादव एवं सभी बूथ अध्यक्षों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गयी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अमन अग्रहरि, सर्वेश तिवारी, रामजनम गुप्ता, सूबेदार गिरी, श्लोक सिंह, रामउग्रह गिरी, विमला यादव, अनिल निषाद, रामअजोर मौर्या, कमलेश पांडेय, महावीर उपाध्याय आदि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला समस्याओं की सुनवाई कल

## मोबाइल नम्बर 6393397509 पर कर सकते हैं सम्पर्क

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या 13 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे पुलिस लाइन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में संबंधित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला आयोग की सदस्यों द्वारा जन सुनवाई की जायेगी। किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की कोई भी समस्या है और उसकी सुनवाई कहीं भी नही हो रही है, तो वह 13 फरवरी को पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में प्रारम्भ होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकती हैं, जिससे उसका उचित निराकरण किया जायेगा।

तत्पश्चात महिला बंदी गृह, बालिका, महिला गृहों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। उक्त जन सुनवाई में सम्मिलित होने के लिए वन स्टाप सेन्टर की केन्द्र व्यवस्थापक सरिता पाल के मोबाईल नम्बर 6393397509 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# संक्षेप

## महिलाओं, छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक



**आजमगढ़।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-5 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में पुलिस ने महिलाओं, छात्राओं को जागरूक किया। घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। साथ ही महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण विभिन्न नम्बरों की भी जानकारी दी गयी। जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला, चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।

## मुस्तफाबाद पिपरी पिच मार्ग गढ्ढो में तब्दील



**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर बाजार से ग्राम मुस्तफाबाद से शेखपुर पिपरी तक लगभग दो किलोमीटर पिच मार्ग वर्षो से गढ्ढो में तब्दील हो गया है। इस मार्ग के किनारे मुस्तफाबाद में गया प्रसाद राजकीय महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय स्थित जहां फूलपुर तहसील क्षेत्र के गावों से हजारों की सख्या में छात्राएं पैदल व साइकिल से पढ़ने आती हैं। छात्र-छात्राएं व ग्रामीण जब भी इस रास्ते से जाते हैं तो अक्सर लोग गीर कर घायल हो जाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों का इस रास्ते से आवागमन करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने टूटी सड़क को बनवाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन यह सड़क अभी तक नहीं बन पायी है। क्षेत्रवासी मो. असलम, राजकुमार, रिजवान, संजय यादव, संजय कुमार, हनुमान यादव, कमलेश सहित अन्य ग्रामीणों ने सासन प्रसासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस पिच मार्ग को मरम्मत कराने की मांग की है।

## अवैध असलहा के साथ एक गिरफ्तार



**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष निहार नन्दन कुमार ने अवैध असलहा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। दरोगा सौरभ सिंह कस्बा मुबारकपुर में सोमवार की रात्रि 10.30 बजे रोडवेज के पास गस्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध असलहा के साथ जामियाबाद इस्लामपुरा में खड़ा है। अगर इसकी तलाशी लिया जाय तो अवैध असलहा के साथ पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर चौकी की पुलिस ने दरोगा सौरभ सिंह के नेतृत्व में उक्त स्थान की घेराबंदी कर एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम बाशिद पुत्र इरशाद अहमद निवासी शहीदनगर मुबारकपुर बताया। उसके कब्जे से एक अवैध असलहा बरामद हुआ।पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

## मृतक युवती की हुई पहचान

**आजमगढ़।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कप्तानगंज-अहरौला मार्ग पर रविवार की शाम एक 25 वर्षीय अज्ञात युवती अचेतावस्था में मिली थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवती की हालत गंभीर देख पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आज मंगलवार को परिजनों ने उसकी पहचान की। कंधरापुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी खुशनुमा (17) पुत्री सरफुद्दीन की मां सबनम ने बताया कि 5 फरवरी बुधवार की दोपहर लगभग 2 बजे उसकी बेटी घर से निकली थी। हम लोगों द्वारा खोजबीन की जा रही थी, मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि रविवार की रात लगभग 7 बजे कप्तानगंज बाजार अहिरौला रोड पर अचेत अवस्था में मिली है, पुलिस जिला अस्पताल ले आई जहां इलाज के दौरान रविवार की रात लगभग 8 बजे मौत हो गई। आशंकावश हम लोगों द्वारा जिला अस्पताल जाकर उसकी पहचान की गयी तो वह खुशनुमा निकली। बता दें कि मृतका एक भाई चार बहन में तीसरे नंबर पर थी।

## बरदह में लगा एनएसएस शिविर

**मार्टीनगंज (आजमगढ़)।** गांधी स्मारक त्रिवेणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरदहमें मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर डॉ.अजीत प्रसाद राय ने किया। मुख्य अतिथि मनोविज्ञान विभाग के डॉ. सुनील मिश्र और विशिष्ट अतिथि संस्कृत के प्राध्यापक डॉ. दीपक प्रेमी थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अवनीश विश्वकर्मा, डॉ.राजेश यादव सोमी राय एवं शिवशंकर यादव, अश्वनी राय,श्रवण कुमार गौतम ने सहभागिता की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी ने स्वागत वक्तव्य दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवेंद्र पांडेय ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## उद्यमिता विकास केन्द्र में साक्षात्कार 15 को

**आजमगढ़।** उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया कि जनपद में औद्योगिक विकास में तेजी लाने तथा जन समान्य में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए जिला उद्योग केन्द्र, आजमगढ़ द्वारा जनपद में दो सप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 45 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रशिक्षण हेतु 15 को पूर्वाह्न 11 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में साक्षात्कार प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रशिक्षण में जनपद के इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष के भीतर हो, अनुसूचित जाति, महिला वर्ग एवं विकलांग भूतपूर्व सैनिकों के लिए 45 वर्ष अधिकतम है, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 पास हो, वे सभी अपने मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड फोटो के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग लेने का कष्ट करें जिससे चयनित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिलाया जा सके।

# साइबर स्वच्छता के लिए फोन में डालें मजबूत पासवर्ड

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आयोजित हुई जागरूकता कार्यशाला

जनसंदेश न्यूज



कार्यशाला में उपस्थित डीएम सहित अन्य अधिकारी।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गयी।

डीआईओ एनआईसी चन्दन यादव एवं साइबर क्राइम से ओम प्रकाश जायसवाल ने बताया कि एक डिजिटल युग में सिर्फ एक क्लिक से अवसरों के अथवा खतरों के दरवाजे खुल सकते हैं। सुरक्षित इंटरनेट दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैश्विक रूप से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अच्छी साइबर स्वच्छता से फिशिंग, हैकिंग और मैलवेयर जैसी चीजों से आपके व्यक्तिगत खातों और उपकरणों को प्रभावित होने से रोका जा सकता है। साइबर स्वच्छता के लिए फोन में आसान पासवर्ड का उपयोग करने से बचें, इसके बजाय अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों का मिश्रण करके मजबूत पासवर्ड बनायें। इसके साथ ही कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें।

विषय विशेषज्ञ साइबर सेल एक्सपर्ट हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर ऐसा कोई वीडियो कॉल या फोन कॉल आता है तो आप अलर्ट हो जाएं, क्योंकि ये लोग साइबर अपराधी होते हैं और झांसा देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर आप अपना पॉसवर्ड बहुत ही सिंपल न रखें, उसे स्पेशल कैरेक्टर का यूज करते हुए बनाएं, ताकि वह स्ट्रांग रहे और कोई हैक न कर सके।

कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, मो.अबूशाद अहमद (एसआई) सहित संबंधित अधिकारीएवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# तीन स्वर्ण व दो रजत पदक जीतकर बनाया कीर्तिमान



पदक के साथ विजेता खिलाड़ी।

जनसंदेश न्यूज

**खेलकूद**

**लखनऊ में आयोजित की गयी थी प्रतियोगिता**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** तीसरी आर्म बाक्सिंग नेशनल चैम्पियनशिप 7 फरवरी से 9 फरवरी तक इंटरनेशनल स्कूल सीतापुर रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित हुआ। उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोशियशन आर्म बाक्सिंग नेशनल चैम्पियनशिप में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सब जूनियर और जूनियर वर्ग में तीन स्वर्ण पदक व दो रजत पदक उत्तर प्रदेश के लिए जीते। सब जूनियर वर्ग में इशाक अहमद-32 वर्ग में स्वर्ण पदक, प्रत्युष गुप्ता, रजत पदक, और जूनियर वर्ग में अथर्व राजपूत 46 वर्ग में स्वर्ण पदक, उत्कृष्ट तिवारी रजत पदक और विश्वजीत प्रताप सिंह 64 वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत को हासिल कर बच्चों ने जिले में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल में अपना परचम लहराया। इस उपलब्धि पर मैनेजर जीतेन्द्र कुमार सिंह, डायरेक्टर हर्षित सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर रविप्रताप सिंह, प्रधानाचार्य बलवन्त सिंह, खेल अध्यापक संतोष कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आने वाले वर्षों में विद्यालय के बच्चे और भी प्रगति का कार्य करेंगे।



खिलाड़ियों से परिचय करते हाजी राशिद।

## खेलकूद से होता है मानसिक विकासः राशिद

**फरिहा (आजमगढ़)।** फरिहा में क्रिकेट टूर्नामेंट-2 का आयोजन किया जिसमें 16 टीमें भाग ले रही हैं। आदिल खान ने बताया कि सब अच्छी टीमें आयी हुई है। क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन फरिहा चौक के बगल में स्थित मैदान में किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि हाजी राशिद ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद भी जरुरी है। खेलकूद से मानसिक विकास होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। नौजवानो को खेलकूद में भाग लेना चाहिए। यही बच्चे आगे चल कर भारत और दुनिया का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर मोहम्मद कैफ, सैफ, अबु बकर खान फरिहा प्रधान, डॉ.इमरान, शाह आलम फराही आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कार ट्रक में घुसी, बालक समेत दो लोगों की मौत

## कार में सवार अन्य पांच लोग घायल, वाराणसी के लिए रेफर

जनसंदेश न्यूज




**मीरजापुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के शाहपुर चौसा के सामने मंगलवार की भोर में हाइवे पर खड़ी ट्रक में पीछे से कार घुस गई। हादसे में एक बालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। अन्य घायलों को मंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद ट्रामा सेण्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया। कार सवार रेयोडण्डा थाना अलीबाग रायगढ़ मुंम्बई के बताये गए हैं। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई मे जुटीं हैं।

मुंबई निवासी सियाज कार में सवार होकर श्याम जायसवाल पुत्र नन्दलाल जायसवाल उम्र करीब 35 वर्ष व सनी जायसवाल पुत्र केदार जायसवाल उम्र करीब 35 वर्ष अपनी-अपनी पत्नियों व 3 बच्चों के साथ निकले थे। जिसमे एक बालक का नाम श्रेयांश उम्र करीब 5 हैं।

कार सवार वाराणसी से मीरजापुर होते हुए मुंम्बई के लिए निकले थे। जिले के बरकछा रोड़ पर सड़क किनारे खडें ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे सनी जायसवाल व श्रेयांश की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। अन्य लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना देहात पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को कब्जें में लेकर विधिक कार्यवाही में लग गाय। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। परिवार के लोगों को हादसे की सूचना दे दिया गया है।

# विंध्याचल में भक्तों की उमड़ रही भीड़

जनसंदेश न्यूज

**आस्था**

**प्रति घंटा 21 हजार आ रहे वाहन**

**भक्तों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कराया गया दर्शन-पूजन**



**मीरजापुर।** महाकुम्भ से लौट रहे यात्रियों की भीड़ का अनुमान इसी से लगाया जा सकता हैं कि प्रति घंटा 21 हजार वाहनों का आवागमन हो रहा है। आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी के दरबार में दर्शन पूजन करने पहुंच रहे भक्तों की सुविधा का ध्यान रखते हुए दर्शन पूजन कराया जा रहा है। यात्री भी मां के धाम में पहुंच कर व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये।

यात्रियों की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी दल बल के साथ धाम में विराजमान हैं। बताया कि धाम में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था किया गया है। विंध्याचल धाम में मंगलवार को सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हैं। धाम में माँ का दर्शन करने के लिए न्यू वीआईपी और पुरानी वीआईपी के साथ ही सदर बाजार मार्ग से भक्त मां के धाम में पहुंच रहे हैं। कुम्भ मेला में स्नान कर भक्त मां के दरबार में दर्शन पूजन कर रहे है। देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे भक्तों ने नारियल, पत्र पुष्प अर्पित कर जगत जननी से मंगल कामना किया। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि प्रति घंटा 21 हजार वाहन आ रहे हैं। धाम में भक्तों के साथ ही उनके वाहनों की लंबी कतार लगी है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए धाम में समुचित व्यवस्था किया गया है। यात्री सकुशल दर्शन पूजन कर अपने घरों को हर्षित मन से लौट सके। राजस्थान से मां के धाम पहुंची अमिता गुप्ता ने बताया कि वाराणसी में दर्शन और प्रयागराज संगम में स्नान करने के बाद वह विंध्याचल पहुंची है। व्यवस्था को उन्होंने सराहा। जाम के बारे में कहा कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। देवताओं को ने भी तपस्या किया है। हम सब तो इंसान हैं। उन्होंने योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को जिस तरह से लोगों को परिचित कराया जा रहा है वह बहुत ही अच्छा है। हमारे बच्चे जो मंदिर नहीं जाते थे, अब वह मंदिर जाने लगे हैं।

# सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : प्रभारी निरीक्षक

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न



पीस कमेटी की बैठक करते प्रभारी निरीक्षक।

**चुनार।** कोतवाली में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य की अध्यक्षता में संत रविदास जयंती एवं महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य ने आगामी त्योहारों को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी को दिशा निर्देश दिए।

सभी से शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की। बैठक के पश्चात कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने पूजा स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान श्री प्रभात भजन बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र साहू, श्यामसुंदर शाह, गंगेश्वर नाथ स्थित शिव मंदिर के महंत लल्लन गिरी, रामाश्रय गिरी, मनीष राय, उदय नारायण कुशवाहा, भानु प्रताप सिंह सहित संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक पुलिस की भूमिका निभा रहे राजस्व कर्मी

## डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर ने तैनात किए कर्मचारी

जनसंदेश न्यूज

**सहयोग**

**चौराहों व तिराहों पर राजस्व कर्मी करेंगे ट्रैफिक पुलिस का सहयोग**



एसडीएम सदर गुलाब चन्द्र

**मीरजापुर।** महाकुंभ से स्नान करके विंध्य धाम दर्शन को आने वाली भीड़ के मद्देनजर राजस्व कर्मियों को ट्रैफिक व्यवस्था के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एसडीएम गुलाब चन्द्र ने अमीनों व उनके सहकर्मियों को तिराहों व चौराहों पर तैनात कर दिया है जिससे दूर-दराज से आने वाले दर्शनार्थियों को जाम का झाम न झेलना पड़े और ये याातायात पुलिस के साथ मिलकर आवागमन को सुगम बनाने काम करेंगे।

यह जानकारी देते हुए उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र ने बताया कि 36 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अग्रिम आदेश तक अपने निर्धारित प्वांइट ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करेंगे। यह ड्यूटी कई शिफ्ट में लगाई गई है। माघ पूर्णिमा पर विंध्याचल धाम में आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए राजस्व कर्मियों की तैनाती किया गया है। नगर के साथ ही सदर तहसील क्षेत्र के तिराहा एवं चौराहा पर कर्मियों को यातायात व्यवस्था के लिए तैनात किया गया है। यह जानकारी उप जिलाधिकारी गुलाब चंद्र ने दी। उन्होने बताया कि तैनात कर्मियों को चक्रवार सहायक के साथ 6 घंटे की तैनाती की गई है, ताकि विभिन्न प्रदेशों से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बताया कि सोनभद्र तिराहा पर सूरज कुमार सोनकर, विंध्यवासिनी तिवारी, संजय कुमार, प्रवेश त्रिपाठी को क्रमवार तैनात किया गया है। इसी प्रकार शीतला धाम मंदिर बथुआ तिराहा पर में विजय शंकर दुबे, सुरेंद्र तिवारी, चंद्रमणि तिवारी, रवींद्र प्रताप सिंह की डियूटी लगाई गई है। जबकि नटवा तिराहा पर देवेंद्र दत्त शुक्ला, चंद्रपाल सिंह, लक्ष्मीकांत, अनिल कुमार सोनकर, शमशेर अली, सुनील कुमार, मधुकर शुक्ला, राकेश कुमार, इंद्र मोहन दुबे, विजय श्याम पांडेय, प्रेमप्रकाश तिवारी, चील्ह तिराहा पर महेश कुमार, भैया राम, मुकेश कुमार, अनिल दुबे, शास्त्री पुल पर प्रदीप कुमार दुबे, हरेंद्र दुबे, महबूब आलम, इश्तियाक, अमरावती चौराहा पर राजकुमार सिंह, सुभाष चंद्र शुक्ला, चंद्रशेखर यादव, विजय विश्वकर्मा, कैलाश नाथ यादव, लव कुश तिवारी, दूधनाथ तिराहा पर ज्ञानेंद्र कुमार पाठक, धर्मवीर यादव, शिवकुमार चौरसिया एवं सूर्य मोहन दुबे की तैनाती की गई है। राजस्व कर्मियों को अपने निर्धारित बिंदु पर उपस्थित होकर ट्रैफिक एवं शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। विंध्याचल धाम में उमड़ रही भीड़ को नियन्त्रित करने में राजस्व कर्मी यातायात पुलिस के साथ यात्रियों की सहूलियत के लिए अपनी भूमिका अदा करेंगे।

### विवाहिता ने पति के खिलाफ दी तहरीर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक विवाहिता ने मंगलवार को हलिया थाने में तहरीर देकर पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी वंदना माता पिता के साथ पहुंच कर हलिया थाने में तहरीर देकर बताया कि 3 वर्ष पूर्व शादी परसिया गांव में विपिन कोल के साथ हुई थी। दो बच्चे भी हैं। लेकिन पति एक वर्ष से घर से निकाल दिया है। नगद दहेज की मांग कर रहे हैं। पिता बुधीराम कोल निवासी करौंदहा में रहकर जीवन यापन कर रही हूं। मंगलवार को हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जाम में उतरा विदेशी पर्यटक लापता

## जाम में कार फंसने पर उतरा था, गाड़ी की तलाश में 3 किमी चला पैदल, पुलिस ने तलाश कर वाराणसी किया रवाना

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** महाकुंभ प्रयागराज से वाराणसी जाते समय कटरा कोतवाली क्षेत्र में जाम के दौरान गाड़ी छोड़कर लघु शंका के लिए उतरा विदेशी यात्री लापता हो गया। उसके मित्र की शिकायत पर पुलिस महकमें के जवानों ने करीब 3 घंटे बाद चील्ह थाना इलाके में सड़क किनारे बैठे यात्री को ढूंढ कर मिलाया। दोनों विदेशी महाकुंभ से वाराणसी एयरपोर्ट जा रहे थे।

पुलिस के जवान उनकी भाषा नहीं समझ पाए लेकिन इशारों में हुई वार्ता के बाद उनकी मदद कर दोनों को वाराणसी के लिए रवाना किया। भाषा समझ के परे होने के चलते उनका नाम पता नहीं नोट किया गया। रिजर्व कार से विदेशी पर्यटक वाराणसी जा रहे थे। जाम में गाड़ी फंसने पर एक साथी टॉयलेट के लिए उतर गया। इसी बीच जगह मिलने पर कार आगे बढ़ गई। टॉयलेट से वापस आने पर गाड़ी नहीं दिखी। इस पर विदेशी कार की तलाश करता हुआ करीब 3 किलोमीटर आगे पैदल ही चला गया। गंगा नदी पर बने शास्त्री सेतु को पार कर रात में चील्ह तिराहे पर बैठ गया। कार में सवार उसके साथी ने इसकी जानकारी चौकी इंचार्ज नटवां के अनिल कुमार सिंह व हेड कांस्टेबल हरिकेश यादव को दी। भाषा न समझ कर उसकी व्यथा समझ पुलिस ने रात में तलाश कर उसके साथी को मिलाया। रात में हो रही परेशानी के बीच विदेशी सैलानियों का मिलन कराने में यूपी पुलिस सफल रही। दोनों को कार में बैठाकर वाराणसी के लिए रवाना किया गया। नटवा चौकी प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र के सेमफोर्ड स्कूल के पास एक विदेशी उतरा था, जो अपने साथी से बिछुड़ गया था। पुलिस ने गंगा उसे चील्ह तिराहे के पास ढूंढ निकाला। दोनों सैलानियों को मिला कर वाराणसी एयरपोर्ट के लिए रवाना कराया गया।

### जमीन के विवाद में हुई मारपीट, एक घायल

**चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को विपक्षी चार लोग मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिये भेज दिया है। क्षेत्र के मनिगढा गांव निवासी लक्षिमन की पत्नी नन्हकी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि सोमवार को हमारे जमीन पर विपक्षी कब्जा कर रहे थे कि मना करने पर गांव निवासी बंदना, ममता, राजकुमार, शम्भू चारों लोग मिलकर गाली गलौज देने लगे गाली देने से मना करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल में जुट गयी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल की जा रही है।

### बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रान्तव्यापी प्रदर्शन जारी

**मीरजापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के लिए आगे बढ़ने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा के निजीकरण का श्वेत पत्र जारी किया जाए। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण पूरे देश में एक विफल प्रयोग है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो उत्तर प्रदेश में 1993 में ग्रेटर नोएडा का निजीकरण किया गया था और 2010 में आगरा शहर का निजीकरण किया गयाथा। इन दोनों शहरों के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को कितना घाटा हुआ और आम जनता को कितनी तकलीफ हुई इसका खुलासा श्वेत पत्र द्वारा पावर कारपोरेशन को आम जनता के सामने जारी करना चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि यह नुकसान महंगी दर पर बिजली खरीद कर निजी कंपनी टोरेंट को सस्ती दर पर बचने के कारण हो रहा है। असली घाटा कई हजार करोड रुपए का है। सभा मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने इंजीनियर दीपक सिंह, इंजीनियर विनीत मिश्रा, बृजेश कुमार, शंभू कुमार, राजेश गौतम, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार, विनय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वर्कशॉप पर विद्यार्थियों को दिया जायेगा मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण

## शैक्षणिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में एम.ए. अर्थशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा बी.कॉम के कुल 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। फील्ड विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने चुनार स्टेशन रोड स्थित 'हीरा पॉटरी स्टोर वर्कशॉप' का दौरा किया।

उन्होंने प्लास्टर ऑफ पेरिस से मूर्तियां बनाने की प्रक्रिया को गहराई से समझा। इस दौरान हीरा पॉटरी के मालिक अवधेश वर्मा ने विद्यार्थियों को प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके वर्कशॉप पर विद्यार्थियों को बिना किसी फीस के मूर्ती बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. शेफालिका राय, अर्थशास्त्र विभाग के सहप्रभारी डॉ. चंदन कुमार द्विवेदी तथा वाणिज्य विभाग की सह प्रभारी डॉ. मंजुला शुक्ला ने बताया कि यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बेहद शैक्षिक और व्यावहारिक ज्ञानवर्धक रहा, जिससे उन्हें कुटीर उद्योगों, श्रम बाजार और उत्पादन लागत को समझने का अवसर मिला।

भ्रमण में वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. देव कुमार भी उपस्थित रहे। भ्रमण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में विकास विश्वकर्मा, विशाल त्रिपाठी, प्राची, खुशबू, अनुज, शैलेन्द्र, प्रिया, सूफिया बानो, आंचल सोनकर, अभिजीत, शिवम, सरिता, रणविजय, काजल, साक्षी दुबे, निखिल, गौरव सिंह, दीपचंद, साक्षी आदि शामिल थे।

# आयुक्त को पत्रक देकर किसानों ने की मुआवजा तय करने की मांग



आयुक्त को पत्रक देते किसान।

**अहरौरा।** जिलाधिकारी द्वारा अहरौरा लालगंज मार्ग चौड़ीकारण में क्षेत्र के किसानों की जा रही भूमि का दर निर्धारित करने के लिए 11 फरवरी को शेखवां गांव में लगाएं जानें वाले चौपाल का बिना किसी पूर्व सूचना के स्थगित कर देने के बाद शेखवां सहित आसपास के गांवों के किसानों ने मगंलवार को मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल से मुलाकात कर उनसे गांव में और तहसील मुख्यालय चुनार पर अलग-अलग चौपाल लगाकर सड़क मार्ग चौड़ीकरण में जा रही भूमि का दर निर्धारित करने की मांग किया। शेखवा गांव के किसान जयशंकर सिंह, ओमप्रकाश यादव, संतोष सिंह, सतीश कुमार सहित ने दर्जन भर किसानों के साथ सैंकड़ों किसानों के हस्ताक्षर युक्त पत्रक मंडलायुक्त को देकर अनुरोध किया कि अहरौरा लालगंज मार्ग के चौड़ी करण में पट्टी कला, शेखवा, ममनिया, बैरमपुर, सगहा, बरही सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसानों की भूमि अहरौरा लालगंज मार्ग के चौड़ी करण में जा रही है। किसानों का कहना था कि भूमि की दर निर्धारित करने के लिए 11 फरवरी को तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन उस तिथि को कोई मौके पर नहीं पहुंचा जिससे किसान परेशान हुए। किसानों ने मंडलायुक्त से मांग किया कि किसानों की भूमि का दर निर्धारित करने के लिए गाव में ही चौपाल लगाकर समस्या का निदान किया जाय।


# इनक्लोजर समेत सभी व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त

**बोले आयुक्त**

**ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था में लगे सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को दिया दिशा निर्देश**

**महाकुम्भ के दृष्टिगत 28 फरवरी तक अधिकारी अनवरत रहेंगे ड्यूटीरतः डीएम**

जनसंदेश न्यूज



अधिकारियों को निर्देशित करते आयुक्त।

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं आने वाले दर्शनार्थियों को सुगतमापूर्वक दर्शन कराने के दृष्टिगत सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर समीक्षा की गई।

बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि दर्शन करने आले वाले श्रद्धालुओं के साथ ड्यूटी तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी मधुर व्यवहार रखते उन्हें दर्शन पूजन करने में अपने सहयोग प्रदान करे और लोगो में अच्छा संदेश जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं से ड्यूटीरत मजिस्ट्रेट वार्ता करे और यदि उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या बताई जाती है तो तत्काल उसका समाधान भी करें।

उन्होंने कहा कि आने वाले वाहनों को पार्किंग स्थल में खड़ा कराया जाए। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारी निरंतर पेट्रोलिंग करते रहे एवं सेक्टर जोनल पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहें ताकि जाम कि स्थिति न बनने पाए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत 28 फरवरी 2025 अनवरत ड्यूटीरत रहेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि मन्दिर परिसर में लगे अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हो रही हो तो डायवर्जन करते दर्शन कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लगाए कैम्प अनवरत 28 फरवरी 2025 तक चलते रहेंगे तथा कैम्पों यह भी सुनिश्चित कि पर्याप्त मात्रा आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के दृष्टिगत काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आने सम्भावना है अतएव सभी अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### विदाई समारोह में भावुक हुई आंखें



**अदलहाट।** क्षेत्र के कौड़ियांकला स्थित विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों को भींगी पलकों से अपने सीनियर्स को बिदाई दी, जिसमें आदर्श मौर्या मिस्टर फेयरवेल व साक्षी सावन मिस फेयरवेल चुनी गई। प्रत्युष सिंह मिस्टर और अंशिका द्विवेदी मिस विद्या संस्कार चुनी गईं। वहीं सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को बयां किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैंन डॉ. नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में चेयरमैंन डॉ. नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि जीवन में सफलता का मूल मंत्र है अपने उद्देश्य को निर्धारित कर उसे पाने हेतु सतत प्रयत्न रहना। कक्षा 11वीं के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग कार्यक्रम और सुंदर विदाई गीत प्रस्तुत किए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल तिवारी ने बच्चों के सुखद भविष्य की कामना की। 11वीं के छात्र अंकित कुमार सिंह व खुशी शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर आलोक सिंह, बिक्कू बरनवाल, प्रवीण कुमार सिंह, निशा सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, अश्विनी मिश्र, महिमा जायसवाल, सरिता गुप्ता, किशन पांडेय सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### सेफर इंटरनेट डे कार्यशाला का किया गया आयोजन



**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सैफर इंटरनेट डे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे मंगलवार को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक डिटेल्स शेयर न करें, अनजान इंटरनेट कॉल से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम की शिकायत 1930 पर फोन करके भी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के पासवर्ड को नियमित रूप से बदलते रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, बब्बन मौर्य, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रभात कुमार, नितिन कुमार श्रीवास्तव, नेटवर्क इंजीनियर राजन यादव एवं विशाल गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

### मधुमक्खियों के हमले से दो महिलाएं घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तुलसी गांव में सरसों की फसल काटने जा रही दो महिलाओं पर मंगलवार को मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों को जानकारी होने पर कंबल व धुएं की मदद से मधुमक्खियों से बचाकर दोनों महिलाओं को गंभीरावस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहंगपुर में भर्ती कराया। लालगंज क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी छांगुर मौर्य ने बताया कि स्वर्गीय जग्गू प्रसाद मौर्य की 65 वषीर्या पत्नी शांति देवी व सुरेश की 35 वषीर्या पत्नी रानी अपने खेत में बोई सरसों की फसल काटने जा रही थी। उसी दौरान पीपल के पेड़ पर लगे छत्ते से मधुमक्खियां अचानक उड़कर हमला कर दिया। जिससे दोनों महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गई। जानकारी होने पर घर से कंबल व धुएं के सहारे दोनों महिलाओं को मधुमक्खियों से बचाते हुए निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दोनों महिलाओं को बचाने में कई लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया, लेकिन दोनों महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पर एएनएम पूनम पाठक ने बताया कि दोनों महिलाओं का उपचार किया जा रहा है हालात सामान्य है।

### घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केड़वर गांव निवासी एक व्यक्ति सोमवार की शाम हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के छतरिहा महूगढ़ गांव के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया जिससे घायल हो गया। घायल बाइक सवार को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। स्थानीय थाना क्षेत्र के केड़वर गांव निवासी बाबूलाल 35 वर्ष किसी कार्यवश बाइक से छतरिहा महूगढ़ गांव में गया था। सोमवार को शाम वापस लौटते समय जैसे ही कुछ दूर आगे गया कि अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे सूखे पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस सेवा से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजवाया। चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जहां पर देर रात मंडली चिकित्सालय में मौत हो गई। मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची हलिया पुलिस पीएम कार्रवाई में जुट गई। मृतक के पास तीन बेटियां अविवाहित हैं। मृतक की पत्नी ललिता तथा पिता जागीलाल का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

### दो अलग-अलग स्थानों पर मिला अज्ञात वृद्ध व युवक का शव

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों के रेलवे ट्रैक पर शव मिला। पुलिस शव का शिनाख्त कराने में जुट गई है। दिल्ली हावड़ा रूट के अप लाइन लाइन पर मंगलवार को सुबह समसपुर स्थित रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 707/17 पर 35 वर्षीय युवक एवं भगल कि मड़ई स्थित रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 149/11प र 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पाया गया। चुनार पुलिस ने दोनों मृत व्यक्ति के शव का पहचान कराने का प्रयास किया। जिसकी पहचान नहीं हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर दो अज्ञात शव मिला है, पहचान कराने के लिए मोर्चरी में रखा गया है।

### कार चालक ने दर्जनों गाड़ियों में टक्कर मारते हुए किया क्षतिग्रस्त

**पड़री।** थाना क्षेत्र के पड़री बाजार स्थित दाढ़ीराम रोड स्थित मार्केट में मंगलवार को एक कार चालक ने अपने कार से लगभग एक दर्जन बाइक समेत कार व एक ऑटो को जोरदार टक्कर मारते हुए सभी गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में तीन बाइक सवार घायल भी हो गए। घटना के विषय मे बताया गया कि मड़िहान थाना क्षेत्र के शिस्टाकला गांव निवासी पंकज सिंह 32 वर्ष पुत्र हौसला प्रसाद सिंह उर्फ कल्लू सिंह अपने कार से घर जा रहा था। नशे में धुत कार चालक जैसे ही पड़री बाजार के दाढ़ीराम रोड पर कार लेकर पहुंचा, जहां गाड़ियों में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। टक्कर में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में रवि उम्र 24 वर्ष पुत्र छविनाथ निवासी पटिया थानां पड़री, धरमू पुत्र भाईलाल उम्र 24 वर्ष निवास लक्षापट्टी देहात कोतवाली, प्रवीण कुमार मिश्र उम्र 32 वर्ष पुत्र प्रमोद मिश्र निवासी चाँदलेवा थानां पड़री घायल हो गए। रवि को मण्डलीय अस्पताल पीएचसी प्रभारी पड़री डा0 आनंद कुमार सिंह ने रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक दो का उपचार अन्य हॉस्पिटलों में चल रहा था। घटना से मार्केट निवासी काफी हतप्रभ है। संयोग ही था कि घटना में किसी की मौत नही हुई।

### बहू ने सास ससुर के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवयी खुर्द गांव में जमीनी विवाद को लेकर बहू ने सास, ससुर के विरुद्ध मारपीट तथा जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार को मवयी खुर्द गांव निवासी मीला ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार शाम हमारे ससुर त्रिलोकी व सास अनारकली जमीनी विवाद को लेकर गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये पति राजेश को भी मार कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के पहुंचने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सास व ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल में जुट गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### दुर्घटना के बाद कार चालक को अन्य कार सवार लेकर भागे

**गैपुरा।** मांडा थाना क्षेत्र के मुसाही बारी गांव में बाइक चालक को धक्का मारकर भाग रही कार का पीछा कर रहे दूसरी कार सवारों ने चालक को जबरन कब्जे में लेकर भाग निकले। लावारिस हालत में कार पंप पर खड़ी है। कार का सीसा टूटा हुआ था। थाना क्षेत्र के काशी सरपती गांव निवासी 48 वर्षीय मोहम्मद नियाज अपनी पत्नी सितारा बेगम व एक बच्ची को साथ लेकर बाइक से मंगलवार को प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र के मुसाही बारी गांव में एक महिला रिश्तेदार की मिट्टी में गए थे?। तीन बजे दिन में वापसी के दौरान मीरजापुर प्रयागराज मार्ग पर जैसे ही पहुंचे प्रयागराज की ओर से आ रही अनियंत्रित कार ने धक्का मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के बेटे आसिफ अली ने बताया कि गंभीर हालत में भदोही जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

# रोजगारपरक पत्रावलियों के निस्तारण में बैंकर्स न बरतें लापरवाही: निदेशक

**निर्देश**

**वित्तीय सेवाएं विभाग निदेशक ने बैंक प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ की बैठक**

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते वित्तीय सेवाएं निदेशक

**सोनभद्र।** वित्तीय सेवाएं विभाग भारत सरकार निदेशक सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वित्त मंत्रालय द्वारा वित्तीय समावेशन पैरामीटर के तहत छह पैरामीटर्स की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बचत व चालू खाता की स्थिति जनपदवार एवं शाखावार तथा खातों में आधार सीडिंग की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। इस दौरान पाया गया कि जनपद में बैंकों द्वारा आधार सीडिंग की स्थिति 83 प्रतिशत है, जो निर्धारित औसत से कम है और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना जो कई विभागों द्वारा बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने व उद्योग स्थापित करने सम्बन्धी पत्रावली बैंक में पेंडिंग है की समीक्षा की गयी। निदेशक ने बैंकों को निर्देशित किया कि जनपद में लोगों को रोजगार से जुड़ने के लिए सम्बन्धित विभाग द्वारा जो भी पत्रावलियां बैंक को भेजी गयी हैं उसका निस्तारण हर हाल में निर्धारित समय सीमा के अन्दर कराया जाये, जिससे लोग उद्योग धंधे करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें। बैंक में जो पत्रावली पेंडिंग है, उसका परीक्षण कर पात्र लाभार्थियों का चयन कर ऋण उपलब्ध कराया जाये। पत्रावली में जो भी प्रपत्र में कमी है, सम्बन्धित विभाग के माध्यम से लाभार्थी को भी अवगत कराया जाये, जिससे प्रपत्रों में सुधार किया जा सके।

उन्होंने मैनेजरों को निर्देशित किया कि बेवजह पात्र लाभार्थियों को परेशान न किया जाये, पत्रावली में जो भी समस्या है, उसकी सही जानकारी देते हुए उनका सकारात्मक सहयोग किया जाये। उन्होंने एनआरएलएम समूह की महिलाओं को सीसीएल ऋण वितरण की समीक्षा की तो डीसीएनआरएल ने जानकारी दी कि कई विभागों में काफी संख्या में पत्रावलियां पेंडिंग हैं, जिसका निस्तारण अभी तक नहीं किया गया है। निदेशक ने सम्बन्धित बैंकों को निर्देशित किया कि समूह की महिलाओं को ऋण देने सम्बन्धित पत्रावली निस्तारण में तेजी लायी जाये। अन्यथा की दशा में विधित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने सुझाव देते हुए कहा कि समूह की महिलाओं को ऋण देना केन्द्र सरकार व प्रदेश शासन की प्राथमिकता में है, बावजूद इसके बैंक में इनकी पत्रावलियों को पेंडिंग रखना एक शिथिल कार्य को दर्शाता है। दूर-दराज के गांवों में बैंक कैम्प के माध्यम से पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए ऋण देने में सकारात्मक सहयोग करने का काम करें। इस मौके पर सीडीओ जागृति अवस्थी, कमलेश कुमार सिंह, गंगा सिंह चौधरी, संजीव कुमार, दीपक गुप्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# राम-सुग्रीव मित्रता की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर


रामकथा सुनाती कथावाचिका

**रामगढ़।** चतरा ब्लॉक के जलखोरी ग्राम में हनुमान मंदिर पर चल रहे मानस यज्ञ एवं राम कथा में सातवें दिन पूजन किया गया। रामकथा में कथा वाचिका मानस माधुरी सुनीता पांडे ने भगवान राम सुग्रीव मित्रता एवं सुंदरकांड की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि माता सीता की खोज करते हुए भगवान राम की भेंट बजरंग बली से होती है। हनुमान द्वारा उनकी भेंट महाराज सुग्रीव से कराई जाती है तथा भगवान राम की मित्रता सुग्रीव से होती है। उनके द्वारा बालि का वध कर सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाया जाता है। इसके बाद सीता की खोज में भगवान राम हनुमान को अपनी मुद्रिका देकर लंका भेजते हैं।

लंका के गेट पर पहरेदारी कर रही लंकिनी का वध कर हनुमान लंका के अंदर माता सीता की खोज करते हुए पहुंचते हैं और जहां उनकी भेंट महाराज विभीषण से होती है। उनके द्वारा माता सीता का अशोक वाटिका में होने का पता चलता है। इसके बाद हनुमान अशोक वाटिका में पहुंचकर अशोक वृक्ष के नीचे रह रही माता-सीता के सामने ऊपर से अंगूठी गिराते हैं और नीचे आकर माता सीता को भगवान राम के बारे में सब कुछ बताते हैं। अशोक वाटिका में कंदमूल फल खाते हैं और समस्त वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। इस मौके पर कृष्ण कुमार द्विवेदी, विजय राम पाठक, श्रीकांत पाठक, विजेंद्र नाथ तिवारी, राजेंद्र पाठक, कल्पना पाठक, दिलीप सिंह, जयचंद सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, वीरेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, रामकुमार पटेल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### महिला सहायता प्रकोष्ठ का एसपी ने किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस कार्यालय के डीसीआरबी, महिला सहायता प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ व शिकायत प्रकोष्ठ का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों की गहनता से चेकिंग की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं कार्यालय की साफ-सफाई व अभिलेखों का रखरखाव सन्तोषजनक पाया। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारीगण से वार्ता कर उनको आवश्यक निर्देश दिए। कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारीगणों को समय से कार्यालय में उपस्थित होने की हिदायत दी। इस मौके पर हरिकेश सिंह समेत शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### चोपन को हराकर ओबरा टीम बनी विजेता

**ओबरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे खेलो भारत खेल कुंभ के अंतर्गत मंगलवार को स्थानीय अंबेडकर स्टेडियम में पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनमोल सेठ के नेतृत्व में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी मणि शंकर राय ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान श्री राय ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया। विद्यार्थी परिषद के सह संयोजक सौरभ सिंह पंकज ने कहा कि खेल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक छात्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप विद्यार्थी परिषद ने खेलो भारत राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किया है। मैच ओबरा बनाम चोपन के बीच खेला गया। इसमें ओबरा की टीम ने 2=0 से जीत दर्ज किया। इस दौरान प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिखर सोनी, नगर मंत्री ऋषभ राज ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर अनिकेत सिंह, नील प्रताप सिंह, प्रियांशु सिंह, अनुज भारती, खलील अंसारी, मोहित यादव, प्रियांशु सोनकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन मुजफ्फर अली ने किया।

### पीएम आवास सर्वे के लिए प्रधानों ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**सोनभद्र।** सदर ब्लाक के ग्राम पंचायतों में पीएम आवास का सर्वे शुरू न होने से प्रधानों में आक्रोश है। प्रधानों ने सर्वे शुरू कराने की मांग को लेकर मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे के आवास पर पहुंचकर संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग किया कि प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे नहीं किया जा रहा है। सर्वे में लगे अधिकारी व कर्मचारी सर्वे करने के लिए नहीं जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। अगर तत्काल सर्वे आरम्भ नहीं किया जाता है तो गरीब पात्र आवास से वंचित रह जायेंगे, जिसकी पुरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। संघ अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे कार्य चल रहा है, उसमें पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा अन्य विभागों द्वारा जो कर्मचारी सर्वे में लगाए गए हैं वह अपना कार्य नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को भी अवगत कराया गया है, परंतु अभी तक सर्वे शुरू नहीं हुआ। जिससे वे सामूहिक रूप से ऐसी किसी भी बैठक व सरकारी कार्यों में सम्मिलित नहीं होंगे। कहा कि जनपद में जिस तरह से आवास सर्वे में लापरवाही बरती जा रही है, इससे यह स्पष्ट होता है कि यहां के अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के विपरीत कार्य करे रहे हैं। इस पर तत्काल कार्यवाही की जाए। इस मौके पर विमलेश पाण्डेय, मीना देवी, कृष्णावती देवी, राजेन्द्र, चन्द्र किशोर पाण्डेय, विजय बहादुर सिंह, विजय शंकर, नीलम त्रिपाठी, गणेश प्रसाद, शशिकला, अनुपम तिवारी समेत तमाम लोग उपरिस्थ रहे।

### सेफर इण्टरनेट डे मनाने को हुई कार्यशाला, किया जागरूक

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेफर इण्टरनेट डे मनाये जाने के मकसद से जनपद स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारी की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी ने पीपीटी व छोटे वीडियो क्लीप के माध्यम से साइबर जागरूकता की जानकारी देते हुए बताया कि इन्टरनेट को सावधानी व जिम्मेदारी से प्रयोग कर सुरक्षित रहें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इन्टरनेट को बहुत सतर्क होकर प्रयोग करें। अनजान फोन या ईमेल के माध्यम से कोई बैंक सम्बंधित जानकारी मांगता है तो न दें। फेक साफ्टवेयर के इस्तेमाल से बचें। इसी तरह आईटीआई दुद्धी व राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में भी सेफर इण्टरनेट डे मनाने हेतु कार्यशाला आयोजित की गयी। इस दौरान इण्टरनेट से जुड़े पीपीटी व वीडियो क्लीप के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में उपजिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, ई-डिस्ट्रक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा, रामलाल यादव समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### तकनीकी गड़बड़ी से 9वीं इकाई बंद, लुढ़का विद्युत उत्पादन

**ओबरा।** स्थानीय ब ताप विद्युत गृह की 200 मेगावाट की 9 वीं इकाई तकनीकी गड़बड़ी आ जाने से मंगलवार की सुबह बंद हो गई। इस इकाई के बंद हो जाने से बिजली उत्पादन में कमी आई है। वहीं तकनीकी गड़बड़ी को ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक 200 मेगावाट 10 वीं इकाई से 164 मेगावाट, 11वीं इकाई से 96 मेगावाट, 12 वीं इकाई से 173 मेगावाट तथा 13 वीं इकाई से 163 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था। बंद इकाई को लेकर मुख्य महाप्रबंधक आर के अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10.40 पर 9 वीं इकाई में तकनीकी गड़बड़ी आ जाने से इकाई बंद हो गई। उन्होंने बुधवार तक इकाई के चालू होने की संभावना जताई है।

### दर्शन करने गया वृद्ध लापता

**डाला।** कुंभ स्नान करके लौट रहे वृद्ध स्थानीय चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर से मंगलवार की सुबह गुम हो गया। जीवन राम पुत्र प्रेम लाल निवासी कटगोड़ी सोनहत जिला कोरिया छत्तीसगढ़ ने चोपन थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरा फुफेरा भाई 70 वर्षीय चुन्नीलाल पुत्र रामदीन निवासी कटगोड़ी, सोनहत, कोरिया छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। कुंभ स्नान से घर वापसी के दौरान वैष्णो मंदिर पर दर्शन हेतु गए थे, जो वापस अपने गाड़ी पर नहीं आए। चौकी प्रभारी आशीष पटेल ने बताया कि चुन्नीलाल के गुम होने की सूचना मिली है, तलाश की जा रही है, तहरीर मिलते ही गुमशुदगी दर्ज की जाएगी।

## रोजगार मेला आज

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 12 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से रघुवीर राम निजी आईटीआई, पसहीं खुर्द, बभनौली परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 14 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। जिसमें विजन इण्डिया सर्विसेज प्रालि हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, रेनूकुट, राज्य सड़क परिवहन निगम सोनभद्र डिपो में संविदा पर चालक की भर्ती, एनआर मैन पॉवर सोल्यूशन, गुड़गांव, हरियाणा, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण, जीएमआर स्मार्ट इलेक्ट्रीकल डिस्ट्रीव्यूशन, नोएडा, डीसेट्स, फरीदाबाद, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, एसबीआई कार्ड, वाराणसी, भीडलैण्ड माइक्रोफीन, कामाख्या टीवीएस, एलआईसी, इन्टीग्रेटेड सर्विस, जोमैटो वाराणसी कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएंगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा रघुवीर राम निजी आईटीआई परिसर में लिया जायेगा।

# महाकुंभ के श्रद्धालुओं का सेवा भाव ही सर्वोपरि: भूपेश चौबे

**सम्मान कार्यक्रम**

**हिंदुआरी तिराहे पर श्रद्धालुओं का किया गया सम्मान, बांटी गयी खाद्य सामग्री**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवाहन पर सदर ब्लाक के हिंदुआरी तिराहे पर मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल मौर्य, सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में महाकुंभ जाने-आने वाले श्रद्धालुओं का सेवा भाव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सदर विधायक ने बताया कि कार्यकर्ता सहित प्रतिनिधियों द्वारा महाकुंभ जाने वाले व वापस आने वाले श्रद्धालुओं का सेवा भाव समर्पण के तहत लोगों का सहयोग किया गया। उन्होंने बताया कि जिले व जिले से सटे अन्य जनपदों से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से कोई असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की गयी। इस मौके पर जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, पुष्पा सिंह, रामबली, सुरेंद्र मौर्य, विकास मिश्रा, ज्योति खरवार, रितु अग्रहरि, अनूप तिवारी, आलोक रावत, शिवम राजपूत, विमलेश पटेल, राज बहादुर सिंह, पप्पू दुबे, ओम प्रकाश चौबे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


श्रद्धालुओं को खाद्य सामग्री बांटते सदर विधायक भूपेश चौबे

### दुद्धी में भाजपाजनों ने तीर्थ यात्रियों को बांटी खाद्य सामग्री

**दुद्धी।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाकुंभ जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में फल, बिस्किट व पानी बांटकर यात्रा को सफल बनाया। जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने बताया कि जिले के हिन्दूआरी मोड़, चोपन, अनपरा, मुर्धवा, दुद्धी में श्रद्धालुओं को फल, बिस्कुट, नाश्ता व पानी दिया जा रहा है। लोगों की भीड़ को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने सार्थक पहल किया है। महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले वाहनों की कतार तेज गति से बढ़ी है। इसलिए स्टाल लगाकर और श्रद्धालुओं के पास जाकर उनको पानी की बोतल और लंच पैकेट दिए जा रहे हैं। झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व प्रदेश से जाने वाले श्रद्धालुओं से सहयोग करने की अपील की जा रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया कि वे सुगम आवागमन व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर दीपक शाह, राजन चौधरी, चेयरमैन कमलेश मोहन, मनोज मिश्रा, सुरेन्द्र अग्रहरि, प्रेम नारायण सिंह मोनू, दिलीप पांडेय, मनीष, अवधेश जौहरी, पीयूष समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पं. दीनदयाल, किया गया नमन

**श्रद्धांजलि सभा**

**आरएसएम इंटर कॉलेज में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा**

जनसंदेश न्यूज


पं. दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

**सोनभद्र।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मंगलवार को रॉबर्ट्सगंज स्थित आरएसएम इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनायी गयी। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। पं. उपाध्याय का यह मत था कि किसी भी देश की प्रगति का मापदंड ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति की समृद्धि से नहीं बल्कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर से किया जाना चाहिए। उनकी इसी सोच को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया। प्रधानाचार्य डा. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि पंडित उपाध्याय अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का आज असर दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को अपनाकर इसी सोच को धरातल पर उतारा है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, अनुपम तिवारी, राजबहादुर सिंह, समर सिंह, संजय गुप्ता, आलोक रावत, बंटी सिंह, रोहित, रवि, शशिकला, मनोरमा, बैजन्ती, चमेली, गुड़िया समेत तमाम लोग मौजूद रहे

# सर्वर फेल होने से कार्डधारकों को नहीं मिल रहा खाद्यान्न, आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा बीजपुर पुनर्वास स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर तीन दिन से सर्वर की गड़बड़ी होने से कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। जिससे उनमें आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित कार्डधारकों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर जल्द राशन वितरण कराने की मांग किया है। गीता विश्वकर्मा, कमलेश गुप्ता, आनंद सिंह समेत दर्जनों कार्डधारकों ने बताया कि हम लोग तीन दिन से राशन दुकान पर गल्ला लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। दुकानदार द्वारा कहा जा रहा है कि सर्वर की खराबी की वजह से मशीन नहीं काम कर रहा है। जिससे वितरण नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को उपभोक्ताओं ने दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन कर राशन लेने के लिए बवाल काटा। कहा कि उच्चाधिकारियों को इस समस्या का समाधान कराना चाहिए। वे आवश्यक कार्य छोड़कर राशन लेने आते हैं तो यहां सर्वर खराब है बताकर वापस कर दिया जा रहा है। कार्डधारकों ने चेताया कि खाद्यान्न वितरण नहीं कराया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने लिए बाध्य होंगे। पूर्ति निरीक्षक संदीप बाबू ने बताया कि सर्वर में तकनीकी समस्याएं आ गई हैं, जिसकी जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी को दी गयी है, जल्द ठीक करा लिया जाएगा।



### नाली तोड़कर घर में घुसा अनियंत्रित ट्रक

**दुद्धी।** स्थानीय नगर के अमवार मोड़ पर सोमवार की रात एक अनियंत्रित ट्रक नाली तोड़कर घर में घुस गया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि विंढमगंज से दुद्धी आ रहा ट्रक अमवार तिराहे पर अनियंत्रित हो गया। जिससे नाली तोड़कर सुभाष अग्रहरि के घर में घुस गया। इस हादसे से किसी तरह की कोई अनहोनी नही हुई है, लेकिन मकान स्वामी का दीवाल, दरवाजा, शटर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि कोई तहरीर नही मिली है। चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# खान अधिकारी से गाली गलौज करने वाला धराया


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**चोपन।** स्थानीय पुलिस ने खनिज अधिकारी के वाहन को घेरकर धमकी देने वाले वाहन चालक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी मुलायम यादव पुत्र भोला यादव निवासी ग्राम बोदलपुर, नौगढ़, चन्दौली ने वाहन चालान करते समय खान अधिकारी को फोटो खींचने से मना करने तथा फोन कर-के 10-15 व्यक्तियों की भीड़ इकट्ठा करके सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए खनिज अधिकारी के वाहन को घेरकर गाली गलौज करते हुए चालान करने पर धमकी दी थी। जिसे वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग गुरमा मोड़, मारकुण्डी से गिरफ्तार कर बीएनएस, 7 सीएलए एक्ट व धारा 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अशोक पासवान, नीरज पासवान पुत्रगण अज्ञात व सभी वांछितों की तलाश की जा रही है। टीम में सुरेश चन्द्र द्विवेदी चौकी प्रभारी गुरमा, सूरज कुमार शामिल रहे।

# पॉक्सो ऐक्ट के दोषी प्रभात को 10 वर्ष की कैद, 45 हजार जुर्माना

**सोनभद्र।** साढ़े 6 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रभात कुमार गौतम को 10 वर्ष की कठोर कैद एवं 45 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

वहीं अर्थदंड की धनराशि 45 हजार रुपये में से 35 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने 3 अप्रैल 2018 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को प्रभात कुमार गौतम पुत्र स्व. शिवराम दरोगा निवासी वर्तमान पता लंका कम्पाउंड, थाना लंका, जिला वाराणसी मूल निवासी कुआटी, थाना सादात, जिला गाजीपुर व उनके परिवार के लोग भगाकर ले गए हैं। इसके पूर्व भी कई बार भगाने का प्रयास किया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी थी। इसलिए पूर्ण विश्वास है कि प्रभात कुमार गौतम ही उसकी बेटी को भगाकर ले गया है और उसके साथ गलत सम्बंध भी बना रहा होगा और उसे जान से मार देगा।

वह उल्टा ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# आदर्श रिहंद शिक्षा एकेडमी में बारहवीं के छात्रों को दी गयी विदाई



**बीजपुर।** आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी पुनर्वास प्रथम बीजपुर में मंगलवार को बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में सरस्वती पूजन एवं हवन किया गया। पुरोहित भोलानाथ पांडेय ने विधि विधान पूर्वक से माता सरस्वती की पूजा अर्चना करवा कर सर्व मंगलकामना की। शिक्षकों व छात्रों ने हवन में आहुतियां देकर परीक्षा में सफलता की कामना की। इसके बाद 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों को विदाई दी। सीनियर छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया। जूनियरों ने सीनियर छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वाद प्रदान कर उनकी सफलता की कामना की। प्रधानाचार्य ताड़क नाथ दुबे ने कहा कि मन लगाकर अध्ययन करें, बिना किसी तनाव के निर्भीक होकर परीक्षा में जाएं और मेहनत व लगन से पढ़ाई करें, निश्चित ही सफलता आपके कदमों में होगी। वहीं बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन कर दिया। जूनियरों ने सीनियर छात्रों को तिलक लगाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, शिवधारी गुप्ता, श्रीराम यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बैंकों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर चला चेकिंग अभियान

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद पुलिस ने मंगलवार को बैंकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भ्रमण किया। एसपी आदित्य लांग्हे के निर्देश पर पुलिस ने बैंकों व उसके आसपास सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के क्रम में समस्त थानों व चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक, पोस्ट ऑफिस व ग्राहक सेवा केंद्र व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व सरार्फा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान बैंकों में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया कि सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं या नही, शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख प्वाइंटों पर संदिग्धों को चिन्हित करते हुए बैरियर लगाकर संदिग्ध बाइक सवारों व वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है। बिना नंबर व गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।


एसपी के निर्देश पर बैंकों की सुरक्षा की जांच करती पुलिस।

# चकिया में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

सम्मान समारोह

**समय-समय पर प्रतियोगी परीक्षा कराने से छात्र छात्राओं के शिक्षा स्तर को मिलता है बढ़ावा**

**चकिया।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में परिषदीय 25 शिक्षकों द्वारा आयोजित की गई सुपर टेन ऑफ चकिया की परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को मंगलवार को समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया गया। विधायक कैलाश आचार्य, चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव और मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बच्चों को साइकिल और प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस तरह की समय-समय पर प्रतियोगी परीक्षा करना छात्र-छात्राओं के शिक्षा के स्तर को परखना होता है जिससे उन्हें और अच्छी शिक्षा दी जा सके जिससे वह समाज मैं अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सके।

चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि आज आपके द्वारा कराई गई प्रतियोगी परीक्षा अपने आप में काबिले तारीफ है इस परीक्षा से होनहार बच्चे आगे बढ़ेंगे और जो कमजोर वर्ग के बच्चे हैं उन्हें भी आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक अजय गुप्ता ने कहा कि हम और हमारी टीम का यह मानना है कि पर प्राइमरी और पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं की शिक्षा के स्तर को पहचानना और उन्हें उसे काबिल बनना जिससे वह समाज और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें उन्होंने कहा कि हम और हमारी टीम उन मेधावी छात्रों के लिए डेढ़ संकल्पित है जो छात्र आगे पढ़ना चाहेंगे।

प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय जमुआ की छात्रा अमृता कुमारी ने 44 अंक पाकर प्रथम स्थान पर साइकिल प्राप्त की। इसी तरह क्रमशः अमन यादव,अमर, हरिओम ,अमित कुमार व करन ने अपने-अपने विद्यालयों से प्रतिभाग कर द्वितीय ,तृतीय ,चतुर्थ ,पंचम स्थान पर साइकिल विजेता बने। वही उच्च प्राथमिक स्तर की कक्षा 8 की परीक्षा में गनेशपुर के आकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं क्रमशः अन्य स्थानों पर आदित्य कुमार, एंजेल मौर्य,आंचल यादव, सुमित कुमार साइकिल विजेता बने।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राम टहल, डॉक्टर प्रदीप मौर्य, मुख्य प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया राकेश मौर्य, सत्य प्रकाश गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता , मंडल अध्यक्ष आशु गुप्ता ,राजेश पटेल, बाबूलाल, अनिल यादव , अजीत पटेल, ख्याल चंद मौर्य ,कृष्णा, महेंद्र सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।


परीक्षा के सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते विधायक व अन्य।

## महिलाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई 13 को

**चंदौली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद 13 फरवरी को जनपद दौरे पर होंगी। इस दौरान पीडब्लूडी गेस्ट हाउस पर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई करेंगी। चन्दौली गेस्ट हाउसे में किसी भी प्रकार की पीड़ित महिलाएं एवं बालिकाएं पाक्सो एक्ट, लैंगिक असमानता, जमीन सम्बन्धित विवाद, घरेलू हिंसा, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि से सम्बन्धित अपनी शिकायत को स्वयं एक सादे कागज पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है।

## संक्षेप

### पुण्यतिथि पर डीआरएम ने दीन दयाल को दी श्रद्धांजलि



दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित करते डीआरएम।

**डीडीयू नगर।** एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता प दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के कॉनकोर्स एरिया में पंडित के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका नमन किया गया। वहां इस अवसर पर डीडीयू मंडल के अन्य अधिकारियों तथा कर्मियों द्वारा भी दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एडीआरएम दिलीप कुमार, सूरज कुमार, जेथिन बी राज, सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन, सीनियर डीओएम मोहम्मद इकबाल आदि मंडल के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषमुक्त हुए आरोपी

**चंदौली।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह की अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति समेत ससुराल पक्ष के चार आरोपियों को संदेश का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने छह फरवरी को जारी आदेश में उल्लेख किया है कि धारा-306 के आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। सभी अभियुक्त जमानत पर हैं उनके व्यक्तिगत बन्धपत्र एवं जमानतनामें निरस्त करने के साथ ही उनके प्रतिभुओं को दायित्व से मुक्त किया जाता है। उक्त मामले में बचाव पक्ष की ओर से राकेश रत्न तिवारी ने किया। न्यायालय में दाखिल वाद के अनुसार अभियुक्त बलुआ थाना क्षेत्र के नदेसर निवासी सुरेंद्र यादव की शादी सलेमपुर कला निवासी अनिता यादव से 2014 में हुई थी। आरोप था कि शादी के बाद पैसों की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग अनिता को प्रताड़ित करते थे तथा उक्त प्रताड़ना के कारण अनिता एक अप्रैल 2023 की रात्रि घर में फांसी से झूल गयी। अनिता के आत्महत्या करने में अभियुक्तगण दोषी है। मृतका के भाई प्रिंस यादव द्वारा तहरीर देकर बलुआ थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या-69/2023, अंतर्गत धारा-306 आईपीसी में अभियुक्त नदेसर निवासी मंगनू यादव, दुर्गा देवी, सुरेन्द्र यादव, महेंद्र यादव के खिलाफ दर्ज कराया। उक्त मामले में परीक्षण के दौरान कई गवाह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुए। न्यायालय से गवाहों को सुनने के बाद पाया कि उक्त मामले में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

### शिक्षक का हृदय गति रुकने से निधन

**कंदवा।** क्षेत्र के भुआलपुर निवासी शिक्षक रामनिवास राय 41 वर्ष की हृदय गति रुकने से मौत हो गयी। सोमवार को शिक्षक ने बीएचयू वाराणसी मे अंतिम सांस ली। जमानियां घाट पर अंतिम संस्कार हुआ मुखाग्नि छोटे भाई अशोक द्वारा गया। रामनिवास राय बतौर शिक्षक पिपरी मे तैनात परिजनों के मुताबिक तबियत बिगड़ने पर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत से पत्नी गुणवंती देवी का रो रोकर बुरा हाल है वहीं परिजन भी मर्माहत है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा है।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर हुआ स्वागत

**डीडीयू नगर।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल के नेतृत्व में अखबार सेंटर पर केरल कोझिकोड न्यूजपेपर एजेंट एसोसिएशन अधिवेशन से वापस आने पर संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। लोगों ने न्यूजपेपर एजेंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर प्रशंसा व्यक्त किया। संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि जब तक आप लोग संगठित नहीं होंगे, तब तक कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिलेगी। स्वागत करने वालों में कमलेश विश्वकर्मा, कयामुद्दीन अंसारी, मदन यादव, संजय सिंह, सुभाष भारती, बच्चन राम, कुलवंत विश्वकर्मा, नीरज पांडे, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश सिंह, त्रिपुरारी यादव, रमेश पटेल मौजूद रहे।

### साइबर फ्रॉड से जुड़े मामलों पर सुनवाई आज

**चंदौली।** पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में 12 फरवरी को साइबर फ्राड़ से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का जनपदीय साइबर विशेषज्ञ की टीम द्वारा साईबर फ्राड़ से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण कराया जायेगा। जनपद में घटित साइबर फ्राड़ से पीडित फरियादी दिन बुधवार को शिविर पुलिस लाइन चन्दौली के नवीन सभागार में फ्राड़ से सम्बन्धित पूर्ण विवरण व प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होकर अपने समस्या का समाधान करा सकेगें।

### कुष्ठ रोग से बचाव व ईलाज के बारे में दी जानकारी

**नियामताबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के गुवाश ग्राम पंचायत के प्राथमिक स्कूल में एनएलआर इंडिया फाउंडेशन की तरफ से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025 के अंतर्गत जागरुकता रैली निकाली गई, जिसमें एनएमए आनंद नियामताबाद और एनएलआर इंडिया फाउंडेशन पेप प्लस प्लस के जिला पर्यवेक्षक अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं रिसर्च कंसलटेंट अनीता सिंह, ज्योति सिंह अनिल सिंह, राजीव सिंह भी मौजूद रहे। रैली में स्कूल के सभी बच्चों को कुष्ठ रोग के लक्षण कुष्ठ रोग से बचाव और कुष्ठ रोग की दवा के बारे में जानकारी दी गई।

### सर्पदंश से भैंस की मौत

**इलिया।** शहाबगंज विकास खण्ड के धन्नीपुर गांव में देर रात एक भैंस की सर्प दंश से मौत हो गई है। सोमवार रात को धन्नीपुर के गांव निवासी चंदा देवी की भैंस मड़ई में बंधी थी। बताया जाता है कि इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक सर्प ने भैंस को डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। भैंस की मौत से किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है।

### हवन-पूजन 14 को

**नियामताबाद।** क्षेत्र के मटकुट्टा गांव स्थित काली मंदिर का वार्षिक श्रृंगार 14 फरवरी को हवन पूजन व कीर्तन व भंडारे के साथ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनाया जाएगा। यह जानकारी गोपाल चौहान ने दी है।

# इंटरनेट को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने को किया जागरूक

**चंदौली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वाईके राय एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मोहम्मद सोराका की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य मकसद लोगों को इंटरनेट के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर उपस्थित साइबर एक्सपर्ट ने बताया कि लगातार इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग से साइबर अपराधी भी भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसे में हम सभी को इंटरनेट का प्रयोग करते समय बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है, जिससे कि किसी तरह के नुकसान से बचाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित साइबर एक्सपर्ट ने अधिकारियों और आमजन को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी ओटीपी न शेयर करें। इसके साथ ही अनजान नंबरों से आने वाली कॉल से सावधान रहे। किसी भी तरीके का अपना पासवर्ड एटीएम कार्ड नंबर पिन नंबर ना शेयर करें। बताया कि लगातार बढ़ते इंटरनेट के प्रयोग को देखते हुए साइबर ठग रोज नया-नया प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में कभी किसी के परिवार के गायब होने कभी किसी की बीमारी का बहाना बनाकर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है।

ऐसे में सभी को सावधान रहने की नसीहत दी जाती है जिससे कि किसी तरह के जानमाल के नुकसान से बचाया जा सके और इंटरनेट सक्योरिटी, कॉमन साइबर थॉट, फेक ऐप, स्ट्रांग पासवर्ड बनाने की जानकारी प्रदान की गयी और यूपीआई क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड को सुरक्षित तरीके से उपयोग करना, डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचा जाये, इन्टरनेट के फायदे और नुकसान एवं व्हाट्सएप सिक्योरिटी, फिशिंग वेबसाइट के बारे में संछिप्त जानकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा दी गयी। यह कार्यशाला कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल एवं आईटीआई रेवसा चन्दौली में किया गया।


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

## मुथाई इंडिया ने शालिनी को बनाया वूमेन कमीशन का चेयरमैन



**डीडीयू नगर।** डब्लूबीसी एमच्योर मुथाई इंडिया ने जनपद की वरिष्ठ खिलाड़ी व कोच नगर निवासी शालिनी सिंह को वुमेन कमीशन की चेयरपर्सन बनाया है। जिसकी जानकारी होने पर जनपद की महिला खिलाड़ियों सहित विभिन्न खेलों से जुड़े एसोसिएशन, खिलाड़ी व कोच आदि ने शालिनी को बधाई दी। इस दौरान शालिनी ने कहा कि मातृ शक्ति को खेल के अवसर प्रदान हो रहे हैं। हमें इसका नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। कहा कि संस्थान के इस दिए गए जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए समाज में एक मिसाल खड़ी करने की कोशिश करूंगी। डब्लूबीसीएएमटीआई के डायरेक्टर संजीव कुमार व चेयरमैन दया चंद भोला का आभार प्रकट किया। उन्होंने मुझे ऐसी जिम्मेदारी के लायक समझा। मेरा लक्ष्य होगा कि इस खेल में महिलाओं की भूमिका को अधिक से अधिक तय करते हुए मुथाई को खेल जगत में एक अलग पहचान दिलाने की कोशिश करूंगी।

# मार्ग निर्माण की धीमी गति से लग रहा है रोज जाम

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** कस्बा में हाइवे की आधी अधूरी निर्माण से आये दिन जाम लग रहा है। कस्बा में मनलवार को पुनः भीषण जाम लग गया, जो लोग करीब एक घण्टे जाम में फंसे रहे। कस्बावासियों ने निर्माण में लगे कर्मियों को लापरवाही बताया। किसी प्रकार से पुलिस को सूचना होने पर आकर पुलिस व जनता के सहयोग से जाम से निजात मिला। चहनियां कस्बा में चौराहे से दो सौ मीटर सकलडीहा मार्ग व दो सौ मीटर सैदपुर मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ हाइवे निर्माण वाले गड्ढा करके छोड़कर चले गये है, जो विगत नौ माह से लोग परेशान है।

आधी-अधूरी सड़क निर्माण से आये दिन चहनियां कस्बा में जाम लग रहा है। लोगों को जाम में घण्टो परेशान होना पड़ा। किसी प्रकार से सूचना मिलने पर चहनियां चौराहे पर पुलिस पहुँची तो जनता व पुलिस के सहयोग से जाम हटाया गया। कस्बावासियों व्यापार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव,पूर्व प्रधान सरिद्वार यादव,कन्हैया चौहान,राजेन्द्र रस्तोगी आदि का कहना है कि सड़क निर्माण में लगे कर्मियों की लापरवाही और धीमी गति कार्य से कस्बा में रोज जाम लग रहा है । चौराहे पर दोनो तरफ गड्ढा छोड़ दिया गया है । कई बार शिकायत के बाद भी सुनने को तैयार नही है । कस्बा के लोग परेशान है ।


चहनियां चौराहे पर लगा जाम।

# पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**डीडीयू नगर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पं दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि पर नगर के परमार कटरा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता गुड्डू ने कहा कि दीनदयाल एक सच्चे देशभक्त, गहन विचारक और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे।नगर अध्यक्ष कुंदन सिंह ने कहा कि उनके एकात्म मानवतावाद और अंत्योदय के सिद्धांतों ने कई लोगों को देश तथा वंचितों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और वह सभी के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। वरिष्ठ नेता सुधीर घोष ने कहा साल 1951 में भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी और इस पार्टी को बनाने का पूरा कार्य दीनदयाल उपाध्याय ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर किया था। पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा सौरभ चंद्रा ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित रहा। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया की कई समस्याओं का समाधान देने में सक्षम है।इस अवसर पर आशीष गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, रंजन शाह, गीता रानी गुप्ता, प्रियंका तिवारी, मालती गुप्ता,चंद्रेश्वर जायसवाल, राजीव गुप्ता, जयकिशन,पंकज शर्मा, चंद्रकांत तिवारी,इकबाल अहमद राजू, सुरेंद्र चौहान, चंद्रप्रकाश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

वही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने भी रेलवे स्टेशन स्थित खंभा संख्या 1278 पर पहुँच कर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान नगर कार्यवाहक भुवनेश्वर, रोहित, निखिल कपाही, राजेश आदि लोग मौजूद रहे।

## खेल के साथ कम्प्यूटर बेस्ड शिक्षा हासिल करेंगे बच्चे

**डीडीयू नगर।** नगर के कसाब महाल में लिटिल चैम्प प्ले स्कूल का उद्घाटन विद्यालय के संरक्षक मुख्तार अहमद और हुस्ना बानो ने फीता काटकर किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक जुबैर अहमद ने बताया कि जिले में पहली बार प्ले ग्रुप स्कूल का शुभारंभ किया गया है। इसमें शिक्षा के साथ ही बच्चों को कम्प्यूटर बेस्ड शिक्षा भी दी जाएगी। कहा कि कंप्यूटर युग में बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा देने के बाद अब संस्थान छोटे बच्चों को शिक्षा देने लिए कदम बढ़ाई है। इसी कड़ी में एमआईआईटी की नई पहल लिटिल चैम्प प्ले स्कूल की नींव पड़ी है। स्कूल का मुख्य आकर्षण कंप्यूटर बेस्ड एजुकेशन है। इससे छोटे छोटे बच्चों को मार्डर्न युग में कंप्यूटर बेस्ड बुनियाद तैयार की जा सकेगी।संस्थान के 14 वर्ष के कंप्यूटर शिक्षा का अनुभव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बच्चों की शिक्षा का स्लैब इस प्रकार तैयार किया गया है कि बच्चे खेल-खेल में कंप्यूटर की शिक्षा ग्रहण कर सकें।स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। इसमें नन्हें मुन्नों को कंप्यूटर बेस्ड शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा।

# आरक्षण व समान अवसर नीतियों की विरोधी है भाजपाः जितेंद्र यादव

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पर भाजपा की संविधान विरोधी सोच एवं पीडीए के हक और अधिकारों की रक्षा पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को मुगलसराय में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद मौजूद सपा नेताओ जमकर भाजपा सरकार के नीतियों का जमकर विरोध किया। सपा नेता जितेन्द्र सिंह यादव जीतू ने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी है क्योंकि वह एक असमान समाज चाहती है। यह आरक्षण और समान अवसर की नीतियों का विरोध करती है।

यही कारण है कि यह संविधान को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने और आजादी के बाद से समतावादी राज्य बनाने के प्रयासों को खत्म करने की कोशिश कर रही है। कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से पीडीए समाज के अधिकारों को सुरक्षित किया था, जिसे भाजपा खत्म करना चाहती है।

लेकिन समाजवादी पार्टी पीडीए समाज को उनके हक एवं अधिकार के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रही है। ऐसे पंचायत आयोजन कर लोगों को उनके हक एवं अधिकार के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक तरीके से लड़ सके। इस मौके पर बाबूलाल यादव, आनन्द सिंह, चंद्रभान यादव, सिद्धांत जायसवाल, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव, गुलशेर अरशद सिद्दीकी, अमरनाथ जायसवाल, विकास चौबे, तस्लीम अंसारी, आनन्द सिंह, मुरारी बियार, अजीत सिंह आयोजनकर्ता, सुदामा यादव, वीरेंद्र यादव, रमेश यादव रहे।


मुगलसराय में आयोजित पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम में उपस्थित सपा नेता।

# बेटा-बेटी में फर्क ना करें समाजः कैलाश खरवार

जनसंदेश न्यूज

**शहाबगंज।** कम्पोजिट विद्यालय बड़ौरा पर मंगलवार को शिक्षोन्नयन व मीना मंच समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। सोशल मीडिया, यमराज की अदालत, बेटियां, मेरी आवाज सुनो, डेडिया डांस, फोक डांस, लोक रंग झूमर, बेटी का करुणमिलाप, झिझिया डांस जैसे नाटक प्रस्तुत कर बच्चों ने लोगों में चेतना जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक कैलाश खरवार ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चे किसी भी मामले में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से कम नहीं है बस जरूरत है उन्हें एक उचित माहौल व प्लेटफार्म देने की, जिससे उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को समाज के सामने लाकर प्रदर्शित किया जा सके। जो अपने परिश्रम के बल पर अपने गांव, समाज व देश का नाम रोशन कर सके। कहा कि बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं है। समाज के सभी लोगों को बेटा या बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए। बल्कि बेटियां एक परिवार के साथ दूसरे परिवार की जोड़ने की कड़ी होती है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी जोड़ना चाहिए क्योंकि हर एक बच्चे के अंदर एक अलग तरह की प्रतिभा छूपी रहती है।जो ऐसे आयोजनों से ही निखर कर सामने आता है। वहीं उपस्थित अभिभावकों ने ताली बजाकर बच्चों का हौसला अफजाई किया।इस अवसर पर राजेश पटेल, चंद्रभान सिंह, आनंद पांडेय, प्रधानाध्यापक रवि प्रकाश सिंह, मुसाफिर सिंह मौर्य, सुजीत पटेल,आशुतोष कुशवाहा, केशरीनंदन जायसवाल, सपना, अभिषेक सहित अध्यापक और छात्र छात्राएं शामिल रहे। संचालन राम अवतार सिंह कवल ने किया।



शिक्षोन्नयन व मीना मंच समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# संगठन को मजबूत बनाएं अपना दल के कार्यकर्ताः गुरुपूरन



अपना दल की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**नियामताबाद।** अपना दल कमेरावादी जिला इकाई की मासिक बैठक सोमवार को जिला कार्यालय ओड़वार मालगोदाम पोखरा में सम्पन्न हुआ। इसमें अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने पर बल दिया गया।

जिलाध्यक्ष गुरु पूरन पटेल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को एकजुट होकर अधिक से अधिक सदस्य बना कर पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है। इसके लिए कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत कर गांव गांव घर-घर पहुंचकर पार्टी का सदस्यता ग्रहण करने का काम करें। कहा कि किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता ही संगठन को मजबूत बना सकता है। इस मौके पर जिला महासचिव रमेश सिंह पटेल, जिला सचिव भीम खरवार, नरोत्तम प्रसाद गुप्ता, नरेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स



चीन में चीन के निंग जोनगियान पुरुषों के 1000 मीटर स्पीड स्केटिंग मुकाबले में भाग लेते हुए।

# भारतीय टीम की नजर इंग्लैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप पर

## आज तीसरे एकदिवसीय सीरीज पर भिड़ंत विराट के प्रदर्शन पर रहेंगी सबकी नजरें

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भी इंग्लैंड को हराकर 3-0 से सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनो ही मैचों में जीत से भारतीय टीम को मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे इस मैच में मिलेगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी दूसरे एकदिवसीय में आक्रामक शतक लगाकर लय में आ गये हैं जिसका लाभ भी भारतीय टीम को मिलेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले होने वाले इस मैच में सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। विराट पहले दोनो ही मैच में असफल रहे हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम ने पहले दोनो मैचों के साथ ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में इस मैच में बदलाव भी हो सकता है। ऐसे में पहले दोनो ही मैचों में विफल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की जगह पर ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। कप्तान रोहित ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। ऐसे में विराट भी इस बार बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली के पास इस मैच में अपने 14000 रन परे करने का भी अवसर है। उन्हें इसके लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारतीय टीम ने का प्रदर्शन अब तक इस सीरीज में सभी क्षेत्रों में अच्छा रहा है। नये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी



प्रभावित किया है हालांकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दूसरे एकदिवसीय में लय में नहीं दिखे और उनकी गेंदों पर काफी रन गये। ऐसे में वह भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस एकदिवसीय से वापसी करनी थी पर वह अभी तक बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। वहीं मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर भी अच्छी पारी खेलना चाहेंगे। ऑलराउंडर अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी पांचवें नंबर पर अच्छा रहा है। वहीं गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक सीरीज में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों के सहायक विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के पास ये जीत दर्ज करने का अंतिम अवसर है। उसने दूसरे एकदिवसीय में जोस बटलर की कप्तानी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और 300 से ज्यादा रन बनाये थे पर इसके बाद भी उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाये थे। उसे इस मैच में जीत के लिए सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी संभावनाओं को झटका लगा है। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत दिलाई थी इस बार भी से ऐसा ही करना चाहेंग। जो रूट भी बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद के साथ ही मार्क वुड ओर जोफ्रा आर्चर को भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड** : जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

## बॉलीवुड न्यूज

### मोहब्बत का नया एहसास कराएगा 'फुल ऑन इश्क' फिल्म फेस्टिवल




मुंबई । इस प्यार भरे मौसम में, एंड पिक्चर्स आपके लिए लेकर आया है 'फुल ऑन इश्क' एक खास फिल्मी सफर, जो 9 से 14 फरवरी तक हर दोपहर मोहब्बत का नया एहसास कराएगा। हर दिन आपको देखने को मिलेंगी ऐसी कहानियां, जो इश्क के हर रंग को महसूस कराएंगी। इस रोमांटिक सफर का बेहतरीन अंजाम होगा 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे किसको था पता के चैनल प्रीमियर के साथ। यह एक ऐसी फिल्म है, जो प्यार की अनजानी, जुनूनी और हैरतअंगेज परिभाषा को सामने लाती है। वैलेंटाइन्स डे पर इससे बेहतर फिल्म और क्या होगी। किसको था पता एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जिसका निर्देशन रत्ना सिन्हा ने किया है। फिल्म की कहानी रायपुर की खूबसूरत गलियों में घूमती है और इसमें मोहब्बत, जुनून और दर्द का दिलचस्प ताना-बाना बुना गया है। फिल्म में अशनूर कौर, अक्षय ओबेरॉय और आदिल खान अहम किरदारों में हैं। यह कहानी श्रेया (अशनूर कौर) पर आधारित है, जो प्यार और जज्बातों के मुश्किल सफर से गुजरती है। देवांश (अक्षय ओबेरॉय) का किरदार दिल टूटने की तकलीफ और उससे उबरने की जद्दोजहद दिखाता है, वहीं धैर्य (आदिल खान) एक बिंदास बाइकर है, जो प्यार को अपने ही अंदाज में जीता है। फिल्म मोहब्बत, तकदीर और ज़िंदगी के फैसलों की दिलचस्प दास्तान पेश करती है।

डायरेक्टर रत्ना सिन्हा कहती हैं, किसको था पता, प्यार की अनिश्चितता में डूबती-उतरती एक गहरी कहानी है। यह जज्बात, फैसलों और तकदीर के उस खेल के बारे में बात करती है, जो हमारे रिश्तों को आकार देते हैं। प्यार हमेशा आसान नहीं होता, और यह फिल्म उसके अनछुए पहलुओं को खूबसूरती से दिखाती है। मुझे खुशी है कि दर्शक इस कहानी को वैलेंटाइन्स डे पर एंड पिक्चर्स पर देखेंगे, क्योंकि यही वह दिन है, जब हम इस एहसास का जश्न मनाते हैं। अशनूर कौर कहती हैं, श्रेया की कहानी खुद को समझने, दिल टूटने और मजबूत बनने की है। यह किरदार हर किसी को अपनी मोहब्बत की किसी न किसी याद से जोड़ देगा, चाहे वह पहली बार दिल लगाने की खुशी हो या फिर उसे खोने का दर्द। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जज्बाती सफर था, और मैं चाहती हूँ कि दर्शक इससे उसी गहराई से जुड़ें, जैसे मैंने किया। एंड पिक्चर्स हमेशा शानदार कहानियां लाता है, और ह्यकिसको था पताह्ल ऐसी ही एक फिल्म है, जो लोगों के दिलों में बस जाएगी। आदिल खान कहते हैं, धैर्य का किरदार फिल्म में एक नई ताजगी लेकर आता है। वह प्यार को बंधनों से परे देखता है, बिना किसी उम्मीद या शर्तों के। उसकी कहानी उम्मीद, खुशी और हर लम्हे को खुलकर जीने की सीख देती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक उसके जोश और जज्बे को पसंद करेंगे।

### कलाकारों ने वेलेंटाइन डे पर बताया प्यार का असली मतलब



मुंबई । इस वेलेंटाइन डे पर, सोनी सब के प्रतिभाशाली कलाकारों– नवीन पंडिता, परिवा प्रणति, दर्शन गुर्जर, चिन्मयी सालवी और आदित्य रेडिज– ने प्यार के असली मतलब पर अपने विचार साझा किए हैं। इन कलाकारों के लिए प्यार सिर्फ रोमांटिक रिश्तों तक सीमित नहीं है – इसमें वे गहरे संबंध भी शामिल हैं जो वे अपने परिवार, दोस्तों और यहां तक कि पालतू जानवरों के साथ साझा करते हैं। ये कलाकार प्यार के बारे में अपने विचार साझा कर रहे हैं, चाहे वह किसी के साथ कठिन समय में खड़ा होना हो या अपनों के साथ बिना शर्त के बंधन की सराहना करना हो। वे इस अवसर के लिए अपने खास प्लान बता रहे हैं, जो वे प्यार का जश्न मनाने के लिए अपने अनूठे तरीकों से बनाते हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल में अश्विन पटेल का किरदार निभाने वाले नवीन पंडिता ने कहा, "मेरे लिए प्यार यह है कि आप किसी के लिए प्रयास करें, साथ रहें और जब समय कठिन हो, तो पीछे मजबूती से खड़ा रहें। सच्चा प्यार सिर्फ अच्छे समय का नहीं होता–यह चुनौतियों, संघर्षों और अनिश्चितताओं के बीच वहां होने का नाम है। जब सब कुछ सही होता है तो प्यार करना आसान होता है, लेकिन असली प्यार कठिन समय में परखा जाता है। जब चीजें कठिन हो जाती हैं तो आप किसी व्यक्ति, पालतू, साथी या दोस्त से दूर नहीं होते। प्यार मेरे लिए यह है कि आप बने रहें, चाहे जो भी हो। यही इसे वास्तव में अर्थपूर्ण बनाता है। पुष्पा इम्पॉसिबल में चिराग का किरदार निभाने वाले दर्शन गुर्जर ने कहा, "साल 2025 मेरे लिए बहुत सारी सकारात्मकता, प्यार और व्यक्तिगत विकास के साथ शुरू हुआ है। इस वेलेंटाइन वीक में मैं एक ऐसे दोस्त के साथ समय बिता रहा हू जो मेरे सबसे कठिन समय में मेरे साथ खड़ा रहा है, जब से मैं जूनियर कॉलेज में था। उसकी सराहना के तौर पर, मैं उसे कुछ खास देने का प्लान कर रहा हू क्योंकि वह एक अद्भुत और विचारशील दोस्त है और हमेशा मेरे साथ खड़ा रहा है। वागले की दुनिया में वंदना का किरदार निभाने वाली परिवा प्रणति ने कहा, "मेरे लिए प्यार यह है कि आप दया, समझ और विचारशीलता दिखाएं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं सच में मानती हूं कि खुद से प्यार बहुत जरूरी है। वागले की दुनिया में सखी का किरदार निभाने वाली चिन्मयी सालवी ने कहा, "प्यार सिर्फ एक भावना नहीं है; यह एक यात्रा है, जो दया, क्षमा और निःस्वार्थता से भरी होती है। यह उपस्थित होने, वहां होने और उन पलों के बारे में है जो वास्तव में महत्वपूर्ण होते हैं।

## संक्षेप

### खेलकूद से निखरती है बच्चों की प्रतिभा: संजय सिंह



**चंदौली।** सदर विकास खंड बबुरी में मंगलवार को नेशनल पब्लिक स्कूल एवं नेशनल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ सदर ब्लाक प्रमुख संजय सिंह बबलू ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नाटक मंचन व नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख संजय सिंह बबलू ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ गीत संगीत व खेलकूद भी जरूरी है, जिससे बच्चे मानसिक तनाव से दूर होकर अपने विकास के बारे में मन लगाए। नृत्य व खेलकूद से बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आई है। जिससे आगे चलकर वो आने माता पिता से साथ अपने जिले व देश का नाम रौशन करते हैं। स्कूलों में ऐसे आयोजन होना चाहिए जिससे बच्चों की प्रतिभा को पहचाना जा सकें। इस दौरान अरुण पाठक, आनंद प्रकाश सिंह, बलिराम तिवारी, राजन सिंह, आलोक सिंह, विकास तिवारी, शंभु गोंड, विकास तिवारी मौजूद रहें।

### रोवर्स रेंजर्स व जांच शिविर का शुभारंभ



**मड़ियाहूं।** पीजी कॉलेज मड़ियाहूं में चल रहे पांच दिवसीय प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण से बच्चों में संस्कार एवं अनुशासन आ जाता है उनमें देश प्रेम की भावना समाज सेवा की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय वर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने आचरण में प्रशिक्षण में सिखाई गई बातों को उतारना चाहिए। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष ने प्रो. सुमन सिंह ने कहा कि सेवा ही परम धर्म है। इस अवसर पर डॉ. उमेश राव डॉ. मनोज शुक्ला डॉ. अमिताभ पांडे डॉ. देवेंद्र उपाध्याय डॉ. विवेक सिंह डॉ. दया सिंधु डॉ. प्रणव डॉ. आशुतोष शर्मा डॉ. विवेक प्रजापति डॉ. सुशील मिश्रा उपस्थित रहे। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ. योगेश कुमार साहू ने इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद किया। इसके अतिरिक्त राकेश कुमार मिश्र डीओसी मनोज विश्वकर्मा ट्रेनिंग काउंसलर उपस्थित रहे।

### शब-ए-बारात को लेकर कब्रिस्तान की साफ-सफाई

**डीडीयू नगर।** मुस्लिम समुदाय का त्योहार शब-ए-बारात को लेकर कब्रिस्तान को मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा साफ-सफाई किया गया। शब-ए-बरात को मगफेरत की रात कहा जाता है। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गुनाहों को माफ कराने के लिए रात भर अल्लाह की इबादत करते है और कब्र में जाकर मरहूम मरहूमातो के लिए दुवाएं मगफेरत करते हैं। साथ ही अपने गुनाहों का अल्लाह से माफी मांगते हैं। शब-ए-बारात से पहले नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में मुस्लिम कब्रिस्तानों की सफाई शुरू कर दी गयी है। नगर के कसाब महाल, हनुमानपुर, अलीनगर, इस्लामपुर, नई बस्ती, धरना, दुलहीपुर, सतपोखरी, कुंडा सहीत सभी जगहो पर कब्रिस्तानों सफाई, उगी झाड़ियों को काटने और यार्ड के कोनों में कचरा साफ करने के साथ-साथ आगंतुकों के लिए रोशनी, झालर बत्तियों से सजावट किया गया हैं। शब-ए-बारात का औपचारिक इस्लामी त्योहार, जिसे ह्यजगने की रातह्ल के रूप में भी जाना जाता है, गुरुवार की रात को मनाया जाएगा। हजारों मुस्लिम अपने प्रियजनों की सलामती के लिए दुआ करने के लिए कब्रिस्तान जाएंगे। कब्रों की साफ सफाई के साथ-साथ अपने-अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं। अपने परिवार के साथ साथ देश दुनिया के लिए अमन चौन, खुशहाली व भाईचारगी के लिए दुआ करते हैं। मुस्लिम समुदाय बडे ही सादगी के साथ इस पर्व को मनाते हैं। इस संबंध में कसाब महाल कब्रिस्तान का कई सालो से देख रेख करने वाले वार्ड नं. 23 के सभासद आफताब अहमद पप्पू ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कसाब महाल कब्रिस्तान की पूरी तरह सफाई कर दी गयी है और कब्रिस्तान के चारो तरफ झालर बत्ती, हाई मार्क से रोशनी कर दी गयी हैं ताकि जायरिनो को किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो सके।

## किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं डॉ. अंबेडकर का अपमान: जितेंद्र कुमार

**शहाबगंज।** क्षेत्र के राममाड़ो गांव में मंगलवार को समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए सभी समाज का सम्मान करती है और उनके हक के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि संविधान और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जनता इन सभी समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने समाज के उत्थान और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट रहने की अपील भी किया। कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यकों का हक एवं अधिकार छीन रही है।उनके साथ लगातार अन्याय हो रहा है। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष जमील अहमद ने कहा कि प्रदेश में लगातार मंहगाई बढ़ती जा रही है। सरकार महंगाई को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। भाजपा केवल देश प्रदेश में धर्म के नाम पर राजनीति करने का काम कर रही है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रहा है। इस दौरान लोहिया वाहिनी के जिला प्रभारी मुन्ना भास्कर प्रधान, टोनी खरवार, दशरथ सोनकर, सीपी खरवार, रामसहारे यादव, प्रेम यादव, नौशाद मंसूरी, अन्तिम चौहान, असद अहमद, तनवीर खां आदि मौजूद थे।




राममाड़ो में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार।

## एनएसएस के तहत महाविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**धानापुर।** कस्बा स्थित शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। महाविद्यालय स्थित वनस्पति उद्यान में स्वयंसेवकों ने फावड़ा, खुरपी और झाड़ू से गहन साफ सफाई किया। स्वयंसेवकों ने उद्यान में लगे हुए अमरूद, जामुन, अनार और करौंदा के पौधों को मिट्टी लगाने के साथ साथ पानी भी दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राएं न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। स्वच्छ महाविद्यालय परिसर बनाए रखना सभी छात्रों के साथ साथ सभी प्राध्यापकों की भी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों सहित कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

## यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक के कमरे में किया हंगामा

**जंघई।** काशी एक्सप्रेस में एसी में यात्रा कर रहे यात्रियों को आरपीएफ टीम के जवानों द्वारा बाहर निकालने से नाराज यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में जाकर हंगामा काटा। एसएस के समझाने के बाद लोग शान्त हुए।

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के थाना पिपरई के आकेत गाँव निवासी दिनेश लोधी अपने साथियों के साथ अयोध्या गये थे वहां से वाराणसी पहुंचने के बाद प्रयागराज के लिए काशी एक्सप्रेस में 20 लोगों के साथ सवार हो गये। उनका आरोप है कि वहां आरपीएफ पुलिस के लोगों ने जबरदस्ती एसी में बैठा दिया और जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचने पर यहां पुलिस के लोगों ने उन्हे चलती ट्रेन से उतार दिया जिसके कारण चार छोटे बच्चे और एक दादी और सारा सामना ट्रेन में छूट गया और ट्रेन चली गई। ट्रेन जाने के बाद दिनेश लोधी के साथ चल रही महिलाओं ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर हंगामा कर पुलिस के उपर ट्रेन से उतारने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि वाराणसी में पुलिस ने बैठा दिया और जंघई जंक्शन स्टेशन पर पुलिस ने उन्हें उतार दिया जिससे उनके बच्चे और सामान बिछड़ गया। जिस पर स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह ने लोगो को समझाया कि आपके बच्चो को और सामान को फूलपुर में उतरवा कर आप लोगो को मेला स्पेशल से फूलपुर में मिला दिया जायेगा तब महिलाएं शान्त हुई।

## नवग्रह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए हुआ भूमि पूजन

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** नगर के ऐतिहासिक पक्का पोखरा स्थित काली चौरा मन्दिर परिसर में नव निर्मित भगवान शिव परिवार, नव ग्रह, श्री विष्णु लक्ष्मी जी, संतोषी माता, पंच मुखी हनुमान जी, राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, अन्नपूर्णा माता, अर्धनारीश्वर, भैरव जी, शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा हेतु भूमि पूजन आयोजित हुआ।

मन्दिर संस्थापक अध्यक्ष अशोक कुमार मोदनवाल बाबा, दिनेश मोदनवाल, राममिलन कनौजिया, गंगाराम केसरवानी, राजेश कुमार जायसवाल खन्ना, महेश जायसवाल आदि ने भूमि पूजन करा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारम्भ कराया। मालूम रहे पूरे सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बुधवार को जपारम्भ, गुरुवार देवस्नापन जलाधिवास, शुक्रवार अन्नाधिवास शैयामचाधिवास, शनिवार वस्त्राधिवास जलाधिवास न्यास मूर्ति प्रतिष्ठा, रविवार सज्जाधिवास रथयात्रा, सोमवार को अचल प्राण प्रतिष्ठा, प्रसादाधिवास, पिंद्र पूजन, शिखर पूजन, ध्वजारोहण, हवन एवं पूणाहुति एवं मंगलवार को महाप्रसाद भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया है। जनता के सहयोग से करोड़ों की लागत से बनने वाले भव्य मन्दिर में धर्मशाला भी बनाया गया है। भक्तों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

## फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं ने मचाया धमाल

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट कक्षा के छात्र-छात्राओं की फेयरवेल का आयोजन किया गया। फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं में जमकर धमाल मचाया। छात्रों ने जमकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। लक्ष्मी शुक्ला व आकांक्षा ने शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत कर संस्कृति का परिचय दिया।

सोवांशी, सोनाक्षी, आकांक्षा, विनायक व हर्षित ने पुराने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी। मानसी, आर्या, शिवानी, शीतल, अनु, तृषा, सृष्टि व माही के पंजाबी डांस ने सभी को झूमने को



मजबूर कर दिया। इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं में करिश्मा, राशि, करन, मयंक, सोनाक्षी, प्रियांशी, ओशिका, स्वप्निल व महक जायसवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक बनने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है तथा हम भाग्यशाली हैं कि हमें अच्छे शिक्षकों के सानिध्य में शिक्षक प्रशिक्षण लेने का अवसर मिला। फेयरवेल समारोह में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मिस ब्यूटीफुल सोमांशी जायसवाल, मिस फेयरवेल सृष्टि गुप्ता, मिस आकर्षण तृषा गुप्ता, मिस फनी अलीमा व मिस सीपीएस आकांक्षा चौरसिया आदि ने अवार्ड से नवाजे गए। विदाई समारोह दौरान प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता व प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्र छात्राओं को डायरी एव पेन देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रज्ञा सिंह व अभिषेक तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवचंद तिवारी व रमेश चंद मिश्रा, प्रभात, कमलेश्वर मिश्रा, नेहा सिंह, आनंद चौहान, सुशील पांडे, सुभाष मिश्रा, नीरज मिश्रा, शोभा मिश्रा, अजीत सिंह, पवन कुमार, किरण मौर्य, रंजीत गुप्ता व आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्र-पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण में छात्राओं ने सीखी बारीकियां

**चहनियां।** लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ़ में छात्र-पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण की शुरूआत मंगलवार को हुई। भारत सरकार द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चलाए जा रहे इस अभियान की शुरूआत बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष कुमार मिश्रा ने फीता काट कर किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय और उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के सभी जनपदों में छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। संस्थापक व प्रबंधक धनंजय सिंह के नेतृत्व में लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा के द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डेढ़ सौ छात्रों को पुलिस प्रशिक्षण दिया गया। इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने कहा कि छात्र-पुलिस अनुभवात्मक इंटर्नशिप 120 घंटे की अवधि का प्रशिक्षण 30 कार्य दिवसों में दिया जाना है। ट्रेनर ने वालिंटियर को पुलिस प्रशासन, लॉ एंड आर्डर, भारतीय न्याय संहिता आईपीसी सीआरपीसी, एफआईआर प्रकिया, तहरीर लिखने, अनियंत्रित भीड़ नियंत्रण करने, पुलिस पेट्रोलिंग, महिला सुरक्षा, अपराध, गिरफ्तारी की प्रक्रिया, हेल्पलाइन नंबर, मादक पदार्थ, मानव तस्करी, डिजिटल अरेस्ट, साइबर अपराध आदि की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किसी भी तरह की महिला सुरक्षा पाने के लिए 1090 पर संपर्क करें। इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार शर्मा, महिला सुरक्षा अधिकारी शालिनी चौधरी, वाहिद अंसारी, अभय यादव, अखिलेश यादव, डॉ गोविंद नारायण,रफत जहां,मुकेश साहनी तथा समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों व तीमारदारों से जानकारी लेतीं मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर

# जौनपुर



# सब्जी बेचकर वापस लौट रहे युवक को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली



घटना के बारे में जानकारी लेते एसपी सिटी व सीओ शाहगंज



अस्पताल में उपचारार्थ गोली से घायल सचिन

**घटना**

**कमर में फंसी है गोली वाराणसी में चल रहा उपचार**

जनसंदेश टाइम्स

**खुटहन।** पटैला मार्ग पर तबेला मैदान के पास सेंवई नाला पुल पर मंगलवार की सुबह लगभग दस बजे खुटहन मंडी में सब्जी बेचकर वापस घर लौट रहे साईकिल सवार युवक को निशाना कर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फायर झोंक दिया। गोली उसकी कमर में लगने से वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। बदमाश अपनी बाइक से पटैला बाजार की तरफ भाग गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। घायल को उपचार हेतु सीएससी लाया गया जहां देखते ही चिकित्सकों ने उसे वाराणसी भेज दिया। घायल के चाचा ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मूल रूप से ख्वाजापुर गांव निवासी मुन्नीलाल मौर्या गत लगभग छह वर्षों से रसूलपुर गांव में आवास बनाकर रह रहे हैं। वे सूरत शहर में कपड़े की मील में मजदूरी करते हैं।

घर पर उनकी पत्नी लालपरी पुत्र सचिन व सौरभ रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेतीबाड़ी करते हैं। सचिन स्नातक के बाद आईटीआई कर रहा है। वह खेत में सब्जियां उगाकर उसे मंडी में बेच फीस किताब के पैसे का जुगाड़ कर लेता है।

मंगलवार को सचिन खेत से चुकंदर उखाड़ उसे बेचने साइकिल से खुटहन सब्जी मंडी आया था। जहां से सुबह लगभग दस बजे वापस घर जा रहा था। उक्त नाले के पुल के बीचोबीच ज्यों पहुंचा तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया। वह कुछ समझ पाता कि तभी बाइक पर पीछे बैठा बदमाश तमंचा निकाल उस पर फायर झोंक दिया। गोली सचिन की कमर में लगी। वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया।

घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश पटैला बाजार की तरफ भाग गए। घटनास्थल पर पहुंचे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। एसपी सिटी अरविंद और सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान घटनास्थल पर पहुंच निरीक्षण के बाद घायल के घर जाकर स्वजनो से पूछताछ की। घायल के चाचा चुन्नीलाल मौर्या ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामला अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। छानबीन के साथ-साथ सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। बहुत जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षेप

### कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान किया पार

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के चौकी पिलखुआ गांव के कंपोजिट विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान पार कर दिया। चोरी की सूचना पर पुलिस छानबीन में जुटी। थाना क्षेत्र के चौकी पिलखुआ गांव के कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीरा देवी मंगलवार को सुबह जब विद्यालय पहुंची तो उन्होंने देखा कि विद्यालय के स्टोर रूम के कमरे का ताला टूटा हुआ है। प्रधानाध्यापिका ने जब अंदर जाकर देखा तो उसमें रखा 1 रेडियो, दो दरी, 5 फाइबर की कुर्सी, 6 बाल्टी, 1 स्पीकर साउंड, बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कीट में 6 बैट, 3 कैरम बोर्ड, 3 चेस, 7 बाल टेनिस, 12 रबड़ के बाल, 3 बॉल पंप, 6 फुटबॉल और चोरों द्वारा चुरा लिया गया था। प्रधानाध्यापिका ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर चोरी की सूचना दिया तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर को भी अवगत कराया। सूचना पर पुलिस विद्यालय पहुंची और जांच पड़ताल की।

### ब्लॉक प्रमुख ने तीन व चिकित्सकों ने टीबी के एक-एक मरीज को लिया गोद



**खुटहन।** टीबी मनुष्य के लिए घातक व खतरनाक रोग है। इसे जड़ से भगाने के लिए सावधानी बरतनी होगी। समय पर बलगम की जांच व उपचार कराते रहने से इस रोग से बचाव के साथ इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उक्त बातें सीएससी पर सघन टीबी अभियान अंतर्गत इससे बचाव व जागरुकता गोष्ठी में तीन मरीजों को गोद लेते हुए ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव ने कही। उन्होंने कहा कि गोंद लिए गए तीनों मरीजों के उपचार से लेकर उसके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में जो भी शारीरिक जरूरतें होगी उसे पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। यहां तैनात चिकित्सकों ने भी एक एक मरीज को गोद लिया। प्रमुख के अलावा सीएससी अधीक्षक डाक्टर आरिफ खान, डाक्टर अमित कुमार और डाक्टर अतिया कुद्सी द्वारा एक एक मरीजों को गोद लिया गया।

### हैंडपंप पर पानी भरने गई महिला गिरी, मौत

**सुइथाकला।** क्षेत्र के रामनगर गांव में मंगलवार को हैंडपंप पर पानी भरने गई एक महिला की एकाएक गिरकर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि उक्त गांव निवासिनी महिला महिमा सिंह 48 पत्नी हरिपाल सिंह मंगलवार सुबह हैंडपंप पर पानी भरने गई थीं। इसी बीच हैंडपंप चलाते समय एकाएक गिर पड़ी। आनन-फानन में परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले गए, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। मौत हो जाने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका दो बेटियों समेत एक बेटे की मां थी। मौत होने के पीछे हृदयाघात को कारण माना जा रहा है।

### मां बेटी अभिभावक मेले में माताओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

**जफराबाद।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कादीपुर में मंगलवार को एक दिवसीय माँ बेटी अभिभावक मेले का आयोजन किया गया जिसमें माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बी.ई.ओ. सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बालिका शिक्षा को लेकर समाज में जो भी भ्रान्तियां फैली हैं वह दूर हो जाती हैं। प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कार्यक्रम में आये हुए सभी माताओं और अभिभावकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में बच्चियों द्वारा मां-बेटी के रिश्तों से सम्बन्धित अपने अपने प्रोजक्ट भी बनाये जिनका निरीक्षण बी.ई.ओ. और प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अजय कुमार चौहान, योगेन्द्र कुमार यादव, अमर बहादुर यादव, रामकृष्ण विश्वकर्मा सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

## आरोपी को छोड़ने को लेकर महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**जफराबाद।** क्षेत्र के वशीरपुर गांव में दो फरवरी को हुए गोलीकाण्ड के आरोपी प्रधान प्रतिनिधि को छोड़ने की मांग को लेकर प्रधान प्रतिनिधि की पत्नी निर्मला निषाद द्वारा मंगलवार को भारी संख्या में महिला समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सूचना पर थाना प्रभारी लाइन बाजार सतीश सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने महिलाओं से बात कर उन्हें शान्त कराया। ज्ञात हो कि आवास के लाभार्थियों के चयन को लेकर बीते 2 फरवरी दिन रविवार को गांव के प्रधान के परिजनों तथा बीडीसी के बीच गम्भीर विवाद हुआ था और गोली चली थी जिसमे एक पक्ष के दो लोगो को गोली लगी थी तथा एक युवक चाकू से घायल हुआ था। इस मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें से पुलिस द्वारा अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उक्त घटना के बाद दूसरे दिन कुछ लोगों ने देशी शराब की दुकान में आगजनी किया था जिसमे शराब ठे-के के अनुज्ञापी द्वारा हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने गांव के दोनों पक्षों के हालात को देखते हुए एक पक्ष के 69 और दूसरे पक्ष से 63 अर्थात कुल 132 लोग जिसमें रामजस निषाद एवं अमर बहादुर एवं उनके परिवार के सदस्य व अन्य ग्रामीणजन शामिल हैं, को शांतिभंग की धारा एवं एक लाख रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र पर पाबंद कर चुके हैं।

## 161 दिव्यांग बच्चों को वितरित हुआ उपकरण

**नेक कार्य**

**हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव आयोजित, निपुण बच्चे हुए सम्मानित**

**ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हुआ आयोजन**



कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ करते विधायक रमेश सिंह

**शाहगंज।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह रहे।

इस मौके पर उन्होंने कहाकि परिषदीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केद्रों में दी जा रही शैक्षिक सुविधाओं और बच्चों के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बाल वाटिका के सृजन और उसकी उपयोगिता को बढ़ावा देना सरकार का उद्देश्य है। इसी हेतु कार्यक्रम आयोजित कर विभाग ने बेहतरीन कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल एवं उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया रहे। अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सुगम बनाने के लिए दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के 16 न्याय पंचायतों से चयनित 80 निपुण बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया तथा 161 दिव्यांग बच्चों को उपकरण सामग्री वितरित किया गया। जिसमे 28 ट्राईसाईकिल, 38 व्हील चेयर, 16 बैसाखी, 2 सीपी चेयर, 12 रोलेटर, 59 एमआर किट व 46 कान की मशीन वितरित की गई। विशिष्ट अतिथि डा. गोरखनाथ पटेल ने सभी प्रतिभागी बच्चों की सराहना की। कार्यक्रम को एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान बालिका शिक्षा विषय पर सुभाष चंद्र यादव, शैक्षिक गतिविधियों पर प्रशांत मिश्रा प्रदेश संगठन मंत्री एआरपी संघ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सुजीत सोनकर, सामुदायिक शिक्षा पर अखिलेश यादव व अभिषेक सिंह जिला सह संयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भी सम्बोधित किया। बच्चों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर डा. अभिषेक सिंह ने अनुरोध पर विधायक रमेश सिंह ने पच्चीस हजार की प्रोत्साहन राशि कास्टयूम के लिए प्रदान किया। संचालन सैयद मोहम्मद मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। आभार रचना जायसवाल ने किया। इस दौरान शशिधर उपाध्याय, अखिलेश चन्द्र मिश्र, विंध्यवासिनी उपाध्याय, अशोक वर्मा, अशोक कुमार मौर्य, वीरेन्द्र कुमार, सजल सिंह, ओम प्रकाश यादव, डा. अरविन्द प्रकाश सिंह, वीरेंद्र यादव, ज्योति श्रीवास्तव, शिवानी मौर्य आदि शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## असहाय व गरीबों की मददगार है एनएसएस : राज बहादुर यादव

जनसंदेश टाइम्स

**जौनपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय का समापन नूरुद्दीन गर्ल्स पीजी कॉलेज अफलेपुर मल्हनी बाजार के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर प्राथमिक विद्यालय उत्तरपट्टी में लगाया गया। इस शिविर के समापन अवसर की अध्यक्षता संरक्षक डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव रहे।

सात दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने गांवों के असहायों, वृद्ध एवं जरूरतमंदों की मदद एवं बच्चों को शिक्षा, स्वच्छता के प्रति जागरुक संदेश दिया। मुख्य अतिथि राज बहादुर यादव ने कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना हम सबको एक दूसरे से जोड़ती है इससे सब मिलकर असहाय की मदद एवं समस्याओं में उनके साथ खड़े रहते हैं एवं प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए भी जागरुक करते हैं। डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा के साथ-साथ हम सब को समाज में शिक्षा का भी संदेश देती है जिससे हम सब मिलकर ग्रामीण परिवेश में बच्चियों को हर क्षेत्र की शिक्षा के प्रति जागरुक करते हैं जीवन में सेवा ही सर्वोपरि होना चाहिए। इस मौके पर पूर्व प्रधान एहतेशामुद्दीन, ग्राम प्रधान मोहम्मद सलमान, प्रधानाध्यापिका जियानाज, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार, डॉ. चंद्रभान यादव, डॉ. सैफी अनवर, डॉ. सिकंदर यादव, साबिर खान, मोहम्मद सद्दाम, जय सिंह, एहरार अहमद महाविद्यालय परिवार एवं स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते डॉ. अब्दुल कादिर खां

## सेम व लाल पेटी ईंट से प्रधान बनवा रहा खड़ंजा, ग्रामीणों ने किया विरोध

**जफराबाद।** सिरकोनी विकास खण्ड के जगदीशपुर गांव में गांव का प्रधान मानकों की अनदेखी करते हुए खड़ंजा सड़क बनवा रहा है। खड़ंजा में ईंट सहित अन्य घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया।



उक्त गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि खड़ंजा के निर्माण में अधिक मात्रा में सेम ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं गुणवत्ता के मानकों को दरकिनार करते हुए सफेद बालू और पटिया के चूर का भी अत्यधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि मोरन बालू और सीमेंट से खड़ंजे के साइड की दीवार बनना चाहिये। इस मामले की जानकारी होने पर खंड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल ने त्वरित कार्यवाही किया। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि इस मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सरकारी धन के दुरुपयोग का है। इससे सरकारी धन का नुकसान हो रहा है। बीडीओ श्री जायसवाल ने मामले की जांच के लिए जेई आरईएस को नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि दोषी पर कार्यवाही तय है।

## ज्वेलरी शॉप से आभूषण से भरा डब्बा लेकर उचक्के फरार

**दुस्साहस**

**पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी**

जनसंदेश टाइम्स



लूट के बाद मामले की छानबीन करती पुलिस

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के काली नगर नयनसंड में स्वर्ण आभूषण की दुकान पर पहुंचे उचक्के आभूषण देखने के बहाने सोने के आभूषणों से भरा हुआ डिब्बा लेकर मोटरसाइकिल से चंपत हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी रही।

नगर पंचायत के मैरा के रहने वाले लालजी सेठ की काली नगर नयनसंड में स्वर्ण आभूषण की दुकान है। उनकी दुकान पर लगभग 3 बजे काले कलर की हंक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। एक ने चांदी का जंतर खरीदा जिसका उन्होंने 190 रुपए नकद भुगतान कर दिया।

तत्पश्चात उन्होंने लालजी सेठ से कान का सोने का आभूषण दिखाने के लिए कहा। लाल जी सेठ ने जैसे ही आभूषण का डिब्बा काउंटर पर रखा पहले से ही बाइक स्टार्ट कर छोड़े बदमाश डिब्बा लेकर सेवई नाला की तरफ फरार हो गए। भुक्तभोगी के अनुसार चोरी गए आभूषणों की कीमत लगभग 6 लाख रुपए है। सूचना पर पहुंचकर पुलिस देर तक जांच पड़ताल तथा नाकेबंदी में जुटी रही परंतु बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया। घटना के संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष फूलचंद पांडे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में दुकान होने तथा दुकान में सीसीटीवी कैमरा न होने के कारण तत्काल उचक्कों की पहचान नहीं हो पा रही, परंतु कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

## दुकान का शटर काटकर 50 हजार की चोरी

**खेतासराय।** पुलिस बूथ से चंद कदम दूर स्थित गुलशन मार्केट में चोरों ने सोमवार की रात एक किराना की दुकान का शटर काटकर 50 हजार रुपए चुरा लिया। मौके पर शटर काटने का ग्राइंडर मशीन व अन्य उपकरण मिला है। दुकानदार ने थाने में तहरीर दी है। आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थानांतर्गत फुलेश गांव निवासी संजय कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू की खेतासराय बाजार गुलशन मार्केट में किराना की दुकान है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा मिला। मौके से शटर काटने वाली ग्राइंडर मशीन व अन्य उपकरण मिले। दुकान के अंदर रखा लगभग 50 हजार रुपए गायब था। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि वह कुंभ मेला ड्यूटी से लौट रहे हैं। चोरी की सूचना मिली है।

## समाज को नई दिशा देने वाले विचारक थे पं. दीनदयाल उपाध्याय : कुलपति



जनसंदेश टाइम्स

**पुण्यतिथि**

**पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कुलपति समेत शिक्षकों और छात्रों ने किया नमन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांत को याद किया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहाकि ₹पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति और समाज को एक नई दिशा देने वाले महान विचारक थे। उन्होंने अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प लिया था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए।₹ शोधपीठ के संयोजक एवं अध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद केवल एक विचार नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के सर्वांगीण विकास का व्यापक दर्शन है। उनके विचार हमें समाज में समरसता एवं राष्ट्रवाद को सशक्त करने की प्रेरणा देते हैं।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा, ₹आज के दौर में हमें दीनदयाल के सिद्धांतों को अपनाकर देश के समग्र विकास की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उनका दर्शन न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।₹ परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा, ₹दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन हमें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमें शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनके विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए।₹ कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. राजन तिवारी समेत विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल एक व्यक्ति मात्र नहीं, बल्कि मानवतावादी विचार की प्रतिमूर्ति थे : सुशील मिश्र



**जौनपुर।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष दिव्यांशु सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीहीपुर स्थित भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुई कहा कि पंडित दीनदयाल मां भारती के सच्चे सपूत थे। वे एक व्यक्ति मात्र नहीं, बल्कि मानवतावादी विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार और चितन के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रखर राष्ट्रवादी, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भाजपा कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल की विचारधारा को अपनाते हुए भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना, पंडित दीनदयाल महामानव थे, जिनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी और विचारों की गहराई भी थी। जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सन 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किया। भाजयुमो अध्यक्ष दिव्यांशु सिंह ने कहा कि दीनदयाल में संगठन का अद्वितीय और अद्भुत कौशल था। समय बीतने के साथ भारतीय जनसंघ की विकास यात्रा में वह ऐतिहासिक दिन भी आया जब सन 1968 में विनम्रता की मूर्ति इस महान नेता को दल के अध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया गया। 11 फरवरी 1968 का दिन देश के राजनीतिक इतिहास में एक बेहद दुःखद और काला दिन है। इसी दिन अचानक पंडित दीनदयाल की आकस्मिक मृत्यु हुई। वे मुगलसराय रेलवे स्टेशन के निकट चलती रेलगाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गयी। उक्त अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, रविंद्र दुबे, शशांक सिंह शानू, शुभम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार भ्रमण कर एसपी ने दिया निर्देश

निरीक्षण

## माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा के किये गए व्यापक प्रबन्ध



राष्ट्रीय राजमार्ग पर भ्रमणशील रहकर संबंधित लोगों को निर्देश देते एसपी अभिमन्यु मांगलिक

**भदोही।** महाकुम्भ-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सहूलियत व सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग भींटी-प्रयागराज बॉर्डर व औराई-मिजार्पुर मार्ग पर लगातार भ्रमणशील रहकर रूट व्यवस्था का निरीक्षण किया। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को एसपी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल का व्यवस्थापन किया गया। पीआरवी 112 वाहनों द्वारा लगातार चक्रमणशील रहकर सर्विस लेन एवं होटल व ढाबों के आस-पास खड़े वाहनों को हटवाया जा रहा है।

वाराणसी-प्रयागराज नेशनल हाईवे 19 से महाकुंभ के वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चला सोमवार की रात मिजार्पुर में वाहनों का भारी ट्रैफिक होने के कारण नेशनल हाईवे 19 से मिजार्पुर की तरफ जाने वाले भदोही के स्थित मार्ग पर बैरिकेड लगाकर वाहनों को रोका गया और कुछ घंटे बाद ट्रैफिक पर काबू पाया गया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि महाकुंभ रूट पर ट्रैफिक सही से चल रहा है और कहीं जाम की स्थिति नहीं है। सोमवार की रात 12 बजे से सुबह 10 बजे तक 20 हजार वाहनों का आवागमन दोनों तरफ से हुआ है।

# जल जीवन मिशन की बैठक कर सीडीओ ने की समीक्षा



विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी

**ज्ञानपुर।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सहायक अभियंता जल निगम एवं कार्यदाई संस्था वेलस्पन एवं जीए इंफ्रा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान सीडीओ ने पाया कि जीए इन्फ्रा द्वारा 137 स्कीम के सापेक्ष 85 स्थलों पर टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। माह अप्रैल तक सभी स्कीम को पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। वेलस्पन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि संस्था को 263 स्कीम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 37 टैंक पूर्ण किए गए हैं। संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त स्कीम को सितंबर 2025 तक पूर्ण कर दिया जाएगा। सीडीओ ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## संक्षेप

### चार दिनों तक प्रतिदिन सात घंटे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** विद्युत विभाग के अभोली ब्लाक के उपकेन्द्र से सम्बंधित अभोली फीडर एवं मिश्राइनपुर फीडर से जुडे गाँव की विद्युत अपूर्ति अगले चार दिन 12 फरवरी से 15 फरवी (बुधवार, बुहस्पतिवार, शुकवार एवं शनिवार) को सात घण्टे सुबह दस बजे से सांय पांच बजे शाम तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत 33 के0वी0 मिश्राइनपुर फीडर के अन्तर्गत लम्बे स्पेन होने के कारण बीच में पोल लगाने का कार्य एवं तारो के बीच तार ढीले होने के कारण उनके बीच में खम्भा लगाया जाना है। जिससे कि अभोली फीडर एवं मिश्राइनपुर फीडर तकनीकी कार्य से विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ठप रहेगी।

### खड़े कंटेनर में घुसे बाइक सवार, दो युवकों सहित एक महिला गंभीर रूप से घायल



**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के लालानगर टॉलप्लाजा के पास मंगलवार को प्रातः लगभग 7 बजे बाईक पर सवार दो युवक और एक महिला खड़ी कंटेनर में जा घुसे, जिससे वे गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों को तत्काल नेशनल हाइवे के एम्बुलेंस 1033 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर वाराणसी को रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि भगवानपुर चौथार थाना गोपीगंज निवासी सुभम पुत्र रामचरण 17, शाहिल पुत्र नंदलाल 18 ग्राम गवैया थाना सुरियावां, शकुंतला पत्नी चैतु 25 ग्राम भगवानपुर चौथर थाना गोपीगंज भगवानपुर से वाराणसी स्टेशन पर आए ट्रेन पार्शल से बाईक लेने जा रहे थे। जैसे ही लालानगर टोल प्लाजा के पास पहुंचे ही थे कि अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जा घुसे और गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें हाइवे के एम्बुलेंस से गोपीगंज अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताते चले कि सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य कल सुनेंगी महिलाओं की फरियाद

**भदोही।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जिले में आगमन 13 फरवरी को होगा। महिला आयोग की सदस्य राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर की सभागार में सुबह ग्यारह बजे पीड़ित महिलाओं की फरियाद सुनेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का आगमन गेस्ट हाउस में 13 फरवरी को होगा। सभागार में आयोग सदस्य अधिकारियों संग महिलाओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का आदेश देंगी।

### जिला बदर अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ज्ञानपुर।** आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जारही है। पुलिस की तत्परता से जिला बदर अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया। थाना सुरियावां पुलिस टीम को सफलता मिली है। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी व वांछित, वारंटी व जिला बदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्त निवासी पाली थाना सुरियावां जनपद भदोही को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए जनपद में लुक-छुपकर निवास करने के दौरान त्रिमुहानी ज्ञानपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं-41/2025 धारा-10 उप्र गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

### मारपीट की अलग-अलग हुई घटनाओं मे पंद्रह लोगों के खिलाफ मुकदमा

**गोपीगंज।** नगर व थाना क्षेत्र के चार अन्य गांव मे आपसी विवाद व पुरानी रंजिश मे अलग अलग हुई मारपीट की घटना में 15 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा कायम किया गया है। सराय जगदीश गांव मे मारपीट के मामले में कुश तिवारी की तहरीर पर गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। कारीगांव मे सास बहू के बीच हुए विवाद मे बहू ने सास की पिटाई कर दी। सास की तहरीर पर बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। बिरनई गांव मे धर्मराज बिन्द की तहरीर पर गांव के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। जोगिनका गांव निवासी बृजेश सिंह की तहरीर पर नगर के तीन लोगों के खिलाफ व घाटमपुर निवासी विजय कुमार गौड़ की तहरीर पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा कायम किया गया है।

# धूमधाम से मनाया गया कम्पोजिट विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह



कार्यक्रम के दौरान कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

जनसंदेश न्यूज

**औराई।** विकास खण्ड औराई के कंपोजिट विद्यालय मटकीपुर में मंगलवार को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव समारोह बहुत ही धूमधाम पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सूर्यमणि दुबे उर्फ बत्तियाई गुरु के द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को बहुत ही उत्साह पूर्वक किया गया। इससे बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के द्वारा अंग्रेजी भाषा में एवं हिंदी भाषा में धारा प्रवाह ढंग से स्पीच दिया गया एवं कुछ बच्चों ने विज्ञान का प्रयोग किया एवं अपने स्तर से चंद्रयान एवं डीजे का मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। जिससे अतिथि गण एवं अभिभावक गण बहुत प्रभावित हुए। कार्यक्रम में हर कक्षा से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया। विद्यालय का सबसे उत्कृष्ट पुरस्कार कक्षा 8 की छात्रा अनन्या दुबे को दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंपोजिट विद्यालय है मटकीपुर के प्रधानाध्यापक श्याम चंद्र दुबे, एवं संचालन जगत लाल सहायक अध्यापक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास सिंह, दिनेश कुमार, अनुपम कछवाह, सुनील सिंह, बिंदु श्रीवास्तव, नायला, राधा एवं सरिता दुबे एवं गणमान्य अभिभावक गण मौजूद रहे।

## पशु चिकित्सा अधिकारी से सीवीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**बदलापुर।** विकास खंड के घनश्यामपुर बाजार स्थित पशु अस्पताल में तैनात पशु चिकित्साधिकारी से सीवीओ ने स्पष्टीकरण मांगा है। बताते चले कि पशुपालकों द्वारा शिकायत किया गया था कि घनश्यामपुर अस्पताल में तैनात पशु चिकित्साधिकारी डॉ. त्रिलोकीनाथ अक्सर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते जहां मंगलवार को भी वह 11 बजे तक अस्पताल नहीं पहुंचने पर ड्यूटी में लापरवाही को देखते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा डॉ. त्रिलोकी नाथ से स्पष्टीकरण मांगते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिए हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प का हुआ समापन

**नेवढ़िया।** हिमताज महाविद्यालय में मंगलवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का समापन प्राथमिक विद्यालय तिलंगा में हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओपी सिंह एवं मुख्य अतिथि जगदीश पांडे प्रबंधक प्रतिनिधि रहे। कार्यक्रम में सभी हिमताज महाविद्यालय के छात्र पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में बाजार से होते हुए दलित बस्ती तिलंगा में जन जागरूकता अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इससे कार्यक्रम में पौधरोपण, मतदान महादान, मतदाता जागरूकता अभियान, रक्तदान महादान आदि पर विशेष चर्चा किया गया।

# आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की एसएचओ ने की अपील



सुरियावां कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में खाली पड़ी कुर्सियां

## समय से सूचना न दिए जाने से खाली रह गई कुर्सियां

**ज्ञानपुर।** सुरियावां कोतवाली परिसर में मंगलवार को की गई पीस कमेटी की बैठक की सम्भ्रान्त जनों को समय से सूचना न दिए जाने की वजह से सिर्फ औपचारिकता ही पूरी की गई। बैठक में नगरीय क्षेत्र के सम्भ्रान्त जन ही उपस्थित हो पाए। सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए बनाए गए ग्रुप डिजिटल वालंटियर्स सुरियावां में भी साढ़े तीन बजे की आयोजित बैठक की सूचना तीन बजकर बीस मिनट पर दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्र के सम्भ्रांत जनों की उपस्थिति नही हो पाई।

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** सुरियावां थाना परिसर में आगामी शब ए बारात, संत रविदास जयंती एवं महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसएचओ ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।

थानाध्यक्ष ने विभिन्न समुदाय के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गई और उनसे सुझाव भी मांगे गए। उपस्थित लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में जुड़कर आपसी सदभावना व भाईचारे के साथ अपना अपना त्यौहार मनाए। असामाजिक व आराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, यदि किसी भी व्यक्ति के संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं, जिस की कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया, गोरेलाल कनौजिया, अवधेश कुमार उमर वैश्य, मैनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद तौफीक, दीपक उपाध्याय, चंद्रेश यादव, अशरफ अली आदि बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शादी व जमीन के नाम पर पांच लाख से अधिक की धोखाधड़ी

तहरीर

## थाने से नहीं मिला न्याय तो पीड़िता पहुंची एसपी कार्यालय

## एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी का दर्ज हुआ मुकदमा

जनसंदेश टाइम्स

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अक्खीपुर गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके रिश्तेदार के साथ आये एक युवक ने अपने आपको प्राथमिक विद्यालय का अध्यापक बताकर उसकी लड़की की शादी की बात बताकर बहला-फुसलाकर महाबीरन में जमीनी खरीदने के नाम पर पांच लाख 83 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। जब महिला ने इसकी शिकायत थाने पर की तो वहां से न्याय नहीं मिला। जिससे परेशान महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

क्षेत्र के अक्खीपुर गांव निवासी उर्मिला पत्नी सुरेन्द्र ने पुलिस अधीक्षक डाक्टर कौस्तुभ को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके रिश्तेदार विकास यादव के साथ एक और व्यक्ति रजनीश उर्फ पिंटू उसके घर आते जाते रहते थे। उसके रिश्तेदार विकास ने बताया था कि उसका साथी प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक है जिससे उसकी लड़की की शादी की बात भी चलाई थी। लेकिन कुछ दिन बीत जाने के बाद उसके रिश्तेदार की एक सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी। उसके बाद भी रजनीश उर्फ पिंटू उसके घर पर आता जाता रहता था। जब पीड़िता ने अपनी पुत्री की शादी की बात उक्त युवक से कही तो आरोपी ने सूरापुर स्थित बिजेथुआ रोड पर दो बिस्वा जमीन सस्ते कीमत पर बिकने की बात कहकर कहाकि एक बिस्वा जमीन खरीद लेने की बात कहकर पीड़िता से पांच लाख 83 हजार रुपये हड़प लिया। पैसा लेने के बाद एक माह तक आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। उसके बाद जब पीड़िता ने आरोपी के बताए गए पते पर जाकर पता किया तो उसको ज्ञात हुआ कि उक्त नाम का युवक उस पते पर नहीं रहता है। जिससे परेशान 20 जनवरी 2025 को स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। पुलिस ने उक्त युवक को फोन करके थाने बुलाया तो आरोपी ने थाने के अंदर आकर महिला को पहचानने से इंकार कर दिया और आरोपी को थाने से छोड़ दिया गया। थाने से न्याय नहीं मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने सरपतहां थाना क्षेत्र के सारी जहाँगीर पट्टी निवासी रजनीश यादव उर्फ पिंटू, व राजन पुत्र राम चेत व एक अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष ने कराया ग्रामीणों को महाकुम्भ स्नान

**केराकत।** विकास क्षेत्र के ग्राम भीतरी के प्रधान और ब्लॉक ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने सैकड़ों ग्रामीणों को प्रयागराज ले जाकर महाकुंभ स्नान करवाया। विवरण देते हुए विपिन कुमार सिंह ने बताया कि पूरे गांव से तीन बसों की व्यवस्था की गई थी जिस में डेढ़ सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा किया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण यात्रा 36 घण्टों की थी। प्रयागराज पहुंचने पर श्रद्धालुओं का जो सैलाब देखने को मिला उस से एक बार तो हिम्मत जवाब देने लगी क्योंकि बस में वृद्ध, महिलाएं और बच्चे भी थे किन्तु आस्था और श्रद्धा ने जोर पकड़ा और सारे लोग स्नान कर सकुशल लौट आए। साथ गए युवा साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके सहयोग और साहस का परिणाम ही है जो सारा कार्यक्रम बहुत ही कुशलतापूर्वक संपन्न हो गया। अपना तजुर्बा बयान करते हुए कहा कि यदि आस्था वास्तव में आस्था हो तो वह सारी बाधाओं पर भारी पड़ती है।

## नाबालिग को भगाने का लगा आरोप, मुकदमा दर्ज

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में रविवार की रात एक किशोरी को घर से भगा ले जाने का परिजनों ने आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। किशोरी के पिता ने अपनी शिकायत दर्ज कराया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को चौरा गांव निवासी सूरज मौर्या बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। मामले की जानकारी होते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई। वहीं मामले में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने बताया कि तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की एवं परिजनों को आश्वासन दिया कि लड़की को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# महाकुम्भ में जाने वाले स्नानार्थियों को नगर पालिका ने बांटा फल और नाश्ता

नेक कार्य

## सतहरिया में बने स्वागत शिविर में हुआ वितरण

## डीएम ने मौके पर पहुंच कर किया औचक निरीक्षण



जनसंदेश टाइम्स

**मुंगराबादशाहपुर।** महाकुंभ के दौरान पूर्णिमा पर्व के एक दिन पूर्व मंगलवार को स्नान करने प्रयागराज जा रहे स्नानार्थियों को नगर पालिका चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने नाश्ता और फल आदि का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी दिनेश चंद्र दोपहर में निःशुल्क स्वागत शिविर में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जानकारी ली।

पूर्णिमा पर्व के एक दिन पहले मंगलवार को प्रयागराज जौनपुर मार्ग पर स्थित सतहरिया में बने स्वागत शिविर में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने नगर पालिका की ओर से निःशुल्क नाश्ता के साथ ही फल आदि का वितरण कराया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य ने बताया कि सुबह से ही सभी नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी लगे हैं। जिससे महाकुंभ प्रयागराज में जाने और आने वाले किसी भी स्नानार्थियों को कोई भी परेशानी न होने पाए। इस दौरान नाश्ता के अलावा भरपूर मात्रा में फलों का भी वितरण कराया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी दिनेश चंद्र भी दोपहर करीब 12 बजे मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिए और इसके साथ ही प्रयागराज बार्डर तक भ्रमण कर जायजा लिया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य, अधिशाषी अधिकारी अखिलेश तिवारी, जलकल अभियंता शिवानंद वास्को, राजस्व निरीक्षक रामानुज शुक्ला, कर अधीक्षक अवधेश सिंह, अवर अभियंता सिविल प्रशांत कुमार समेत बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छप्पर बनाने के लिये रखी सामग्री जलकर खाक

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम नरहन चकरारेत ढाबे में मंगलवार को पूर्वांह लगभग दस बजे अज्ञात कारणों से लगी आग में गरीब का मड़हा बनाने के लिये रखी सामग्री जलकर खाक हो गया। गौरतलब हो कि गाँव निवासी बनारसी निषाद अपने परिजनों के साथ गरीबी में गुजर बसर करने को मजबूर है, वहीं अपने घर के नाम पर महज घास फुस का छप्पर ही उक्त पीड़ित परिवार के पास है, जो पूरी तरह सड़ चूका था। जिसे नया बनाने के लिये बनारसी के परिवार की पायल नामक महिला ने बहुत मेहनत से सरपत, काश, कुस और बॉस काटकर अपने घर के पास रखी थी। अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते मड़हा बनाने के लिये रखी गयी सभी सामग्री जलकर खाक हो गयी। गनीमत रही की पायल का एक मात्र रिहायशी जर्जर मड़हा बच गया। सामग्री जल जाने से गरीब परिवार के सामने ठण्ड और धुप से बचने का सभी विकल्प खत्म हो गया।

### रासेयो के समापन पर छात्राओं ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय प्रोफेसर रामनाथ पांडेय महिला पीजी कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय योजना शिविर के समापन अवसर पर स्वयं



सेविकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कमलेश पांडेय ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं लक्ष्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा शक्तिकरण योजना के तहत उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के लिए स्मार्टफोन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू लता सिंह द्वारा वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अंत में कार्यक्रम अधिकारी बिंदु पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की शपथ दिलाते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान दीपक मणि तिवारी, रवि शंकर शुक्ला, गौरव यादव, ज्ञान शंकर, जन्मेजय यादव, अल्पना सिंह, लक्ष्मी मौर्य, संजू मिश्रा, उपासना सिंह, धीरज गुप्ता समेत बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा रैली निकाल कर किया जागरूक



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध समरजीत (एसजे) पीजी कॉलेज बीरभानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को सुरक्षित रहने के तौर तरीके बताए गए। इस दौरान नुक्कड़ नाटक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को वाहन चलाने और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। रंगबिरंगी कलाकृतियां से भी लोगों को जानकारी दी। इसके अलावा नुक्कड़ सभाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जानकारी दी। वाहन चलाने से पहले प्रशिक्षण लेने पर जोर दिया। बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें और बड़े वाहन चलाते हुए सीट बेल्ट जरूर लगाए। यातायात नियमों पर पूरा ध्यान दें। अध्यक्षता प्रवक्ता जयप्रकाश पांडे ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुन्नी सिंह, प्रधानाचार्य आनंद सिंह, प्रबंधक पृथ्वीराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वयंसेवक सेविकाओं के आयोजन की सराहना की और सीखने के लिए जोर दिया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर डा. सुरजीत प्रताप सिंह, डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. धर्मेंद्र पाल, डॉ. अनिता पाल, संजू यादव, रत्नाकर सिंह, अनिल सिंह, कमलेश सिंह व अंकुश सिंह, नेहा, साफिया, अंजली उपाध्याय, सौम्या मौजूद रही।

# महाकुंभ भारत के धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक : कलराज



**मड़ियाहूं।** महाकुंभ 2025 भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार शाम को अपने भतीजे भाजपा नेता ब्रह्मदेव मिश्रा के आवास पर अपने बड़े भाई की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महाकुंभ का आयोजन 12 वर्षों के अंतराल में होता है, और यह संयोग 144 वर्षों बाद आया है। यह अवसर किसी भी व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि इस बार महाकुंभ के आयोजन के लिए सरकार ने व्यापक प्रबंध किए हैं, ताकि हर एक श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद आकर महाकुंभ के पूजन की प्रक्रिया को संपन्न किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में भाग लेने के लिए आ रहे हैं और ऐसे में करोड़ों लोगों के आगमन के साथ व्यवस्थाओं का सही तरीके से संचालन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने महाकुंभ को शास्त्रीय और सामाजिक दृष्टि से भारत की सनातन परंपरा का एक अद्वितीय अवसर बताया। उनका कहना था कि यह आयोजन भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इसे लेकर सभी श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए इस पर्व का सही तरीके से लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया कि वह शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से महाकुंभ के दौरान अपनी धार्मिक क्रियाएं संपन्न करें और प्रशासन के साथ सहयोग करें ताकि यह ऐतिहासिक अवसर सभी के लिए सुखद और स्मरणीय बन सके। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि आम जनता बदलाव चाहती थी। जिस प्रकार का वादा सरकार द्वारा किया गया था वह जमीन पर साकार नहीं हुआ। प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार की योजनाओं को लागू नहीं किया गया जैसे आयुष्मान योजना जल जीवन मिशन आदि योजनाएं लागू नहीं हुई जिससे जनता में आक्रोश पैदा हुआ और लोगों ने बदलाव कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुना। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी द्वारा चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए जाने की बात पर उन्होंने कहा कि हारजीत तो लगी रहती है।

निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाना गलत है। संविधान के विरुद्ध है। चुनाव आयोग के काम में कोई दोष नहीं देखा गया। कोई मतदान से वंचित न रहे उसके लिए चुनाव आयोग द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी। चुनाव आयोग पर कोई आरोप लगाना मानसिक दीवालियेपन का प्रतीक है। उन्होंने बजट को लेकर कहा कि मध्यम वर्ग व आम जनता को लाभान्वित करने वाला बजट है। गरीबों किसानों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान की गई है। इस अवसर पर श्याम दत्त दुबे, सुरेश गुप्ता,संतोष कुमार दुबे प्रधानाचार्य, विनय सिंह, अजय मिश्रा मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# गृहमंत्री अमित शाह हम सभी के प्रेरणास्त्रोत : विनय वर्मा



**वाराणसी।** देश के गृहमंत्री अमित शाह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके विचारों में देश की विकास गाथा सुनाई देती है। यह कहना था उत्तर प्रदेश शोहरतगढ़ के विधानसभा सदस्य विनय वर्मा का जो हाल ही में दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर लौटे थे। उन्होंने बताया कि यह मेरे लिए एक विशेष और गौरवशाली दिन रहा, जब मैने उनसे मुलाकात किया। बताया कि गृहमंत्री से हुई यह भेंट अत्यंत प्रेरणादायक रही। उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार, गहन मार्गदर्शन और दूरदर्शी दृष्टिकोण सदैव देश व समाज के प्रति मेरी सेवा भावना को और अधिक प्रबल करता है। बताया कि जितनी देर उनके साथ बिताया सिर्फ देश के विकास की बात होती रही। उनके दूरदर्शी विचार और नीतिगत निर्णयों ने देश को आगे बढ़ाया है। उनकी ऊर्जा, साहसिक निर्णय क्षमता और राष्ट्र की एकता व अखंडता के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा, विकास और सुशासन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनकी प्रतिबद्धता और नीतियों से देश का प्रत्येक नागरिक गौरवान्वित महसूस करता है। इस आत्मीय मुलाकात से मुझे अपार प्रेरणा और ऊर्जा मिली है।

## संत निरंजन दास ने यात्री निवास में केक काटकर मनाई खुशियां

**वाराणसी।** संत निरंजन दास ने मंगलवार को जयंती की तैयारी और पंडाल की व्यवस्था देखने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार दोपहर बाद निकले थे। संत निरंजन दास सबसे पहले टेंट की तरफ काफिला गया। जहां महिला पुरुष सेवादार अपने टेंट से निकलकर गुरु का अभिनन्दन किए।लंगर हाल के पास बने नवनिर्मित भवन में सेवादारों से बातचीत कर उनका हाल चाल लेने के साथ ही पूर्व संध्या पर केक काटक खुशियां मनाई। इसके बाद सत्संग हाल और निमार्णाधीन पार्क गए जहां संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वापस लंगर छकने के बाद मंदिर में चले गए। इस दौरान संत मनदीप दास, ट्रस्टी के एल सरोए , निरजंन चीमा , पख चन्द्र सहित सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवान और सेवादार रहे। इस दौरान महिला पुरुष सेवादार गुरु की जय जय कार कर रहे थे।

### रविदास जयंती के पूर्व संध्या पर 'साईत शगुन' नाटक का मंचन

**रोहनिया।** विश्व ज्योति जनसंचार समिति के तत्वावधान में खुलासपुर में मंगलवार को रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित सद्गति नाटक पर आधारित ₹साइत शगुन₹ मंचीय नाटक का मंचन प्रेरणा कला मंच के कलाकारों द्वारा किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, एकता और शांति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह व विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी रोहनिया विवेक शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मनीष कुमार सिंह द्वारा की गई और संचालन फूलकुमारी ने किया।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दयाकर पामाशेट्टी (सह निदेशक, विश्व ज्योति जनसंचार समिति) द्वारा दिया गया। इस आयोजन में सैकड़ों महिलाओं, किशोरियों, युवाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# काशी तमिल संगमम का आगाज आज से

**आयोजन**

### सीपी, डीएम और अपर सीपी ने किया ओंकार नाथ ठाकुर प्रेक्षागृह का निरीक्षण

### मंडलायुक्त ने नमो घाट का किया स्थलीय निरीक्षण

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने काशी-तमिल समागम 3.0 के आयोजन के संदर्भ में नमो घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग को आयोजन की खातिर बनने वाले स्टेज, सेफ हॉउस, मोबाइल टॉयलेट, फूड कोर्ट, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट के स्टाल लगाने समेत दुकानों की उचित व्यवस्था करने का दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी आलोक वर्मा, एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव समेत पर्यटन, लोक निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित रहे।



**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 का आगाज बुधवार से होगा। इस आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस चिनप्पा ने मंगलवार को डॉ. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार व अन्य अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दरअसल, बाबा विश्वनाथ और तमिलनाडु के रामेश्वरम के बीच की कड़ी को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के लिए 2022 में शुरू हुए काशी तमिल संगमम का आयोजन इस बार 12 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह संगमम का तीसरा संस्करण है। 2022 में केंद्र सरकार ने इसकी नींव काशी में रखी और खुद प्रधानमंत्री ने इसका उद्घाटन किया। समापन पर गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे थे। काशी में दशाश्वमेध घाट से शिवाला घाट तक करीब 50 हजार दक्षिण भारतीय रहते हैं। काशी तमिल संगम का एक बड़ा उद्देश्य काशी के बाबा विश्वनाथ और तमिलनाडु के रामेश्वरम के बीच की कड़ी को दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है। यह संबंध सदियों पुराना है लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थ भी हैं।

# सीर के 5 किमी क्षेत्र में बसा पंजाब का बेगमपुरा





**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

**दिखी आस्था**

### गुरु चरणों में हाजिरी लगाने देश भर से पहुंचे शिष्य सुबह शाम चल रही गुरुवाणी से हो रहे सराबोर

### कई देशों से भी पहुंचे शिष्य रोटी सेकनें, सेवा करने के साथ लोगों का कर रहे सहयोग

**वाराणसी।** रविदास जयंती पर लाखों श्रद्धालु सीर गोवर्धनपुर खींचे चले आते हैं। देश के साथी विदेश से भी लोग यहां पर दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। हजारों की संख्या में एनआरआई भी पहुंचते हैं। बेगमपुर से संत निरंजन दास के साथ भी लाखों की संख्या में अनुयाई पहुंचते हैं। 12 फरवरी को रविदास जयंती पर भारत सहित 10 देशों के रैदासी संत रविदास का आशीर्वाद लेने के लिए काशी पहुंचेंगे। पांच किलोमीटर के दायरे में लगने वाले इस जन्मोत्सव की तैयारी पूरी हो गयी है। रैदासियों की सेवा करने के लिए पंजाब से दो सौ से अधिक सेवादारों का जत्था बनारस पहुंच गया। वहीं, सीर गोवर्धनपुर मेले का रंग दिखने लगा है। रैदासी दर्शन के लिए आने लगे हैं।

### बिजली-पानी की भरपूर व्यवस्था

सीर गोवर्धन में संत रविदास की जयंती के अवसर पर मेला सजने को लेकर मेला क्षेत्र में बिजली और पानी की व्यवस्था कर दी गयी है ताकि किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े, संत रविदास जन्मस्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पूरी तैयारियां कर दी गयी है।

### 10 दिनों तक चलेगा प्राकट्योत्सव

संत रविदास के प्राकट्योत्सव पर 10 दिनों तक उत्सव रहेगा। रविदास मंदिर से लेकर सीरगोवर्धन का पूरा इलाका मेले में तब्दील हो जाएगा। श्रीगुरु रविदास जन्म स्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी केएल सरोवा ने बताया कि सेवादारों का पहला जत्था पहुंचा गया है। वहां से तीन ट्रक गेहूं, चावल व अन्य खाद्य सामग्री आ चुकी है।

### हर राज्य का अलग टेंट

बेगमपुरा में सौ से भी ज्यादा अलग-अलग टेंट में भारत के एकाग्र होने की तस्वीर नजर आने लगी है। यहां बाकायदा अलग-अलग टेंट में अलग-अलग राज्यों के लोग निवास करेंगे, इससे लघु भारत की परिकल्पना साकार हो गयी है। सीर गोवर्धनपुर में संत रविदास मंदिर के आसपास टेंट सिटी सज रही है। एक टेंट में लगभग 150 से 200 श्रद्धालु ठहरेंगे। पंजाब से जत्थेदार भी सीर में पहुंच गये हैं। इसमें हर राज्यों के अलग-अलग ठहरने के लिए टेंट बने हैं। इसके अलावा लंगर,सामग्री रखने आदि के लिए भी टेंट बने हैं। इसके साथ ही पांच किलोमीटर के दायरे में छोटे-छोटे लंगर ने एक छोटे से गांव के रूप में सीर को तब्दील कर दिया है।

### जैसा रूम वैसा दाम

सीर में रैदासियों को ठहरने के लिए एक हफ्ता पहले से ही लोग अपने मकानों को खाली करना शुरू कर देते है। कई तो ऐसे रहते हैं, जो अपने बच्चों को रिश्तेदार के यहां एक हफ्ता के लिए भेज देते है। अपने रूम को एक हफ्ते के लिए भाड़े पर उठा देते हैं। एक-एक रूम को चार से पांच हजार रुपए में देते है। बड़ा बरामदा दो से तीन हजार रुपए में देते हैं।

# दीपों की रोशनी से जगमगाया संत रविदास पार्क और घाट

**आयोजन**

### संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर हुए आयोजन



**वाराणसी।** संत रविदास जयंती की पूर्वसंध्या पर रविदास सोसाइटी की तरफ से मंगलवार को नगवां स्थित संत रविदास पार्क में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से संत की बगिया और घाट जगमग हुआ। जगह जगह संत की वाणी से दीपक सजाया गया था।

संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रविदास सोसाइटी की ओर से नगवां स्थित संत रविदास पार्क में दीप माला सजाई गई। श्रीगुरु रविदास जन्मस्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन संत निरंजनदास के प्रतिनिधि के दौर पर संत मनदीप दास ने संत प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके साथ ही बाग से लेकर घाट तक रोशन हो उठे। इससे जगह-जगह संत वाणी उकेरी गई। विभोर मन श्रद्धालु गीत-भजनों पर झूमे और स्वर मिलाया।

देश भर से आए भक्तों ने स्वयं दीप व मोमबत्ती सजाया। आज जयंती पर सत्संग प्रवचन और देश भर से नेताओं की जुटान बुधवार सुबह रविदासिया ध्वज फहराकर मुख्य उत्सव का आरंभ होगा। हजारों दीपों से सजा पार्क व घाट की छटा अद्भूत दिखी। हर ओर गुरूवाणी को वर्षा हुई। संत रविदास सोसायटी क अध्यक्ष निरंजन देव भारतीय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जयंती की पूर्व संध्या पर इस तरह के आयोजन किये जाते हैं।

### समाचार पत्र विक्रेता समिति का भी दीपोत्सव

22वें वार्षिक उत्सव पर समाचार पत्र विक्रेता समिति एवं जन उद्धार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित संत रविदास पार्क नगवाँ में दीप महोत्सव में भक्तों का सैलाब पार्क एवं घाटों तक उमड़ा रहा। जिसमें देश-विदेश से आये भक्त संत के संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा तथा समता, प्रेम और भाई-चारा अदि वाणी पर दीपों को सजाकर उसमें दीपों में बत्ती एवं तेल अपने हाथों से डाल रहे थे। प्रभु तुम दीया हम बाती, जरें दिन-राति को साकार कर रहे थे। पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और अनेक राज्यों से आये भक्तगण पटाखों, नगाणें, बाजे, आकाशदीपों से पुरा पार्करोशनी से जगमगा रहा था। जैसे ही गुरु महाराज का जगमगा उठा एवं मानों जमीं आगमन हुआ वैसे ही पूरा पर आसमान से तारें उतर आये हो। पार्क एवं गंगा घाट समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा ने बताया की माँ गंगा का दर्शन इन दीपों में होता है। ऐसा इनको अनुभूति हुआ था आज 22 वर्षों से लगातार भक्तों का सैलाब उमड़ता जा रहा है। हर एक का मन मोह लेता है यह दृश्य। इस दौरान गंगाराम मौर्या, रामाप्रवेश मिश्रा, आनन्द कुशवाहा, पिंकी कुशवाहा, प्रिंस, सुनसा यो, महेश, राजाराम गुप्ता आदि थे।

# संत रविदास मंदिर पहुंचे मंडलायुक्त व सीपी, परखी व्यवस्था

**किया निरीक्षण**

### जयंती स्थल पर साफ-सफाई पेयजल व मोबाइल टॉयलेट के उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए : कौशल राज शर्मा

### महिला सुरक्षा समेत सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश, अधिकारियों ने संत रविदास ट्रस्ट के पदाधिकारियों से की वार्ता



**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा तथा पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल मंगलवार को सीरगोवर्द्धन स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे और बुधवार से आयोजित होने वाले रविदास जयंती कार्यक्रम के बाबत व्यवस्था की जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने संत रविदास ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ जहां वार्ता की। वहीं, उनके साथ जयंती और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने नगर निगम को पूरे परिक्षेत्र में उचित साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट्स, पीने के पानी का उचित प्रबंध करने को निर्देशित किया। खाद्य सुरक्षा विभाग को काफी संख्या में आने वाले अनुयायियों के दृष्टिगत पूरे क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर हाइजीन तथा खान-पान की उचित गुणवत्ता सुनिश्चित करने को निर्देश दिया। पुलिस तथा परिवहन विभाग को सुगम आवागमन के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने विद्युत विभाग को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने सत्संग पंडाल का भी निरीक्षण किया और वहां पर्यटन निगम की तरफ से बनाये गये शौचालय को तत्काल प्रभाव से संचालित करने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने यात्रियों के ठहरने के उचित प्रबन्ध के साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उचित संचालन के साथ पुलिस बल की उचित तैनाती सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। काफी संख्या में आने वाले अनुयायियों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध करने को निर्देशित किया गया, ताकि अनुयायियों को सुगमता से दर्शन होना सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संत रविदास मंदिर में शीश नवाया गया तथा संत बाबा निरंजन दास महाराज से मिलकर जयंती कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए विचार-विमर्श किया। संत महाराज ने अधिकारियों को सम्मानित करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था की तारीफ की।

मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बुधवार को पूर्णिमा के अवसर पर शहर में कई चुनौतियां हैं, जिसमें महाकुंभ से काफी संख्या में लौट रहे श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ मंदिर में उचित दर्शन-पूजन सुनिश्चित कराने, पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गंगा नदी में बैरिकेडिंग करने, संत रविदास जयंती पर जुटने वाले अनुयायियों समेत विभिन्न अखाड़ों की तरफ से जुलूस कार्यक्रम के दौरान यातायात की मुकम्मल व्यवस्था और विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली की आपूर्ति करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, एडीएम सिटी आलोक वर्मा के अलावा नगर निगम, लोकनिर्माण, पर्यटन, विद्युत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### सपा नेता के परिवार में निधन पर पार्टी प्रमुख ने जताया शोक

**वाराणसी।** सपा नेता रामकुमार यादव के पिता एवं चाचा के निधन पर पार्अी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने शोक संदेश पत्र भेजकर शोक व्यक्त किया है। सारनाथ स्थित फरीदपुर निवासी पूर्व जिला सचिव रामकुमार यादव के चाचा सनारू यादव का बीते 25 जनवरी को निधन हो गया था। एक सप्ताह भी नही बीते होंगे कि उनके पिता पनारू पहलवान का भी 31 जनवरी को निधन से परिवार मे शोक की लहर है। इस पर पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने रामकुमार यादव के परिवार में पिता एवं चाचा के निधन की जानकारी अध्यक्ष अखिलेश यादव को दिया था।

## सौरभ श्रीवास्तव ने की भंडारे में श्रद्धालुओं की सेवा



**वाराणसी।** कैन्ट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बैजनाथ धाम मन्दिर, बैजनत्था में आयोजित भंडारे में पधारे श्रद्धालुओं की सेवा 'जन सेवा, नारायण सेवा' की भावना से की। इस अवसर पर विधायक ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते हुए भंडारे के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ₹हर हर महादेव₹ का उद्घोष करते हुए श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा से भरा वातावरण निर्मित किया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ इस अवसर पर शिवनारायण वर्मा, संजय कुशवाहा, पार्षद सीमा वर्मा, सूरज सोनकर, वैभव मिश्रा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने इस आयोजन में सहयोग किया और श्रद्धालुओं की सेवा की।

# चिरईगांव से धनरा देवी निर्विरोध बीडीसी

**जनसंदेश न्यूज**

**पंचायत उपचुनाव**

### मंगारी ग्राम प्रधान के लिए तीन व बड़ागांव में छह प्रत्याशी मैदान में

**वाराणसी।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन वापसी के बाद तस्वीर साफ हो गयी है। चिरईगांव से धनरा देवी का जहां निर्विरोध बीडीसी बनना तय हो गाय है। वहीं, मंगारी में ग्राम प्रधान के लिए तीन और बड़ागांव ग्राम प्रधान की खातिर छह प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके साथ ही मंगारी और बड़ागांव ग्राम सभा में चुनावी सरगर्मी बढ़ गयी है।

चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार, रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 21 से धनरा देवी ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया था। सहायक निर्वाचन अधिकारी हवलदार यादव ने बताया कि किसी और के नामांकन पत्र दाखिल न करने से धनरा देवी का निर्विरोध निर्वाचन तय है। उनको प्रमाण पत्र 21 फरवरी को ही दिया जायेगा। वहीं क्षेत्र पंचायत सरसौल वार्ड संख्या एक और ग्राम पंचायत सदस्यों के 18 पद अभी भी रिक्त रह गये। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार, मंगारी ग्राम सभा के रिक्त प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशियों ने मंगलवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। नाम वापसी के बाद अब तीन प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान पद के लिए पांच लोगों ने नामांकन किया था। श्याम मोहन गुप्ता व गुंजा देवी ने मंगलवार को नामांकन पत्र वापस ले लिया। अब चुनावी मैदान में डॉ. कमल कुमार पटेल, स्वतंत्र कुमार गुप्ता व विजय बहादुर मैदान है। तीनो प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है। बड़ागांव प्रतिनिधि के अनुसार, बड़ागांव गांव के रिक्त प्रधान पद के लिए छह प्रत्याशी मैदान में हैं। मंगलवार को उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी करते हुए चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान पद के लिए अतुल कुमार सिंह, उषा देवी, त्रिभुवन पटेल, राजकुमार गुप्ता, विजय कुमार मौर्य व संजय कुमार गुप्ता मैदान में हैं। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क है।

### रंगोली व पेंटिंग बनाकर किया स्वामी दयानंद का स्मरण

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के आइक्यूएसी के अंतर्गत सांस्कृतिक समिति, छात्र मंच वॉइस ऑफ कॉमर्स एवं स्पर्श तथा राष्ट्रीय कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती की 201 वीं जयंती की पूर्वसंध्या पर मंगलवार को रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने स्वामी दयानंद के संदेशों पर आधारित रंगोली सजाई। महाविद्यालय के मंत्री/ प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव एवं कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने रंगोली का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। रंगोली प्रतियोगिता में विजयलक्ष्मी दास, ऋजु नामदेव एवं स्वाधीनता गुप्ता के समूह ने प्रथम, प्राची एवं खुशी के समूह ने द्वितीय एवं प्रशांत, विपिन एवं सुमित के समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनके अलावा कीर्ति, स्नेहा, अविरल, मुस्कान, ऋषिता, अजहर आदि ने सहभागिता की। पेंटिंग प्रतियोगिता में अंकना चक्रवर्ती प्रथम, मनस्वी द्वितीय एवं श्रेया सुमन तृतीय स्थान पर रही। संयोजन डा. तरु सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में प्रो. मधु सिसोदिया, डा. हसन बानो, डा. ऋचा गुप्ता, डा. प्रियंका बहल शामिल रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# महज 42 दिन में सोने का भाव नौ हजार तक चढ़ा

**तेज उछाल**

### दिवाली तक सोने का भाव पहुंच सकता है एक लाख रुपये के पार

### सराफा बाजार में 10 ग्राम 24 कैरेट का दाम बोला गया 88250 रुपये

**जितेंद्र श्रीवास्तव**



**वाराणसी।** पीली धातु सोने के भाव में आग लगी हुई है। लगातार बढ़ती कीमतों से कारोबारी और उपभोक्ता दोनों सकते में हैं। नये साल के महज 42 दिन में ही सोने के भाव में नौ हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक का उछाल देखने को मिला। सराफा कारोबारियों का कहना है कि भाव की चाल यही रही तो दिवाली तक सोना एक लाख रुपये को पार सकता है। मंगलवार को सुड़िया स्थित सराफा मंडी में 10 ग्राम 24 कैरेट का दाम 88250 रुपये बोला गया। सोने की चाल चलते हुए चांदी भी आंखे तररने लगा है। दरअसल, एक जनवरी को सोने का भाव 79220 रुपये प्रति 10 ग्राम था। तब से लेकर मंगलवार तक सोने के कीमत में 9030 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल देखने को मिला। वहीं, चांदी का भाव भी 88900 रुपये प्रति किलो से 6400 रुपये बढ़कर 95300 रुपये पर पहुंच गया है। कारोबारियों का कहना है कि सोने के दाम में लगातार उछाल के कई कारण हैं। इसमें से प्रमुख है ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ना। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोना महंगा हो रहा है। महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं। जिसके चलते सोने की कीमत में उछाल देखने को मिल रहा है। सराफा कारोबारियों की माने तो वर्ष 2024 में सोने ने 22 प्रतिशत से अधिक और सिल्वर ने 18 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। एक जनवरी 2024 को सोना 62750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 78880 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 65350 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 95300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सराफा बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो इस साल दीपावली तक सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार जा सकता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती की। इसके अलावा जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ईटीएफ में भी निवेश बराबर बढ़ रहा है। इससे भी गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है।

### हमेशा सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदना चाहिए। सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। हॉलमार्किंग के जरिए यह पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

### बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को भी बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। सभा कर कहा कि निजीकरण पूरे देश में एक विफल प्रयोग है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें




तो उत्तर प्रदेश में 1993 में ग्रेटर नोएडा का निजीकरण किया गया था और 2010 में आगरा शहर का निजीकरण किया गया था। इन दोनों शहरों के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को कितना घाटा हुआ और आम जनता को कितनी तकलीफ हुई। इसका खुलासा श्वेत पत्र के जरिए पावर कारपोरेशन को आम जनता के सामने जारी करना चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी और आम जनता यह जानना चाहते हैं कि निजीकरण का विफल प्रयोग उत्तर प्रदेश जैसे विशाल प्रांत के 42 जनपदों पर एक साथ क्यों थोपा जा रहा है? निजीकरण के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा की सच्चाई आम जनता के सामने आनी ही चाहिए। सभा को नरेंद्र वर्मा, एसके सिंह, वेद प्रकाश राय, अंकुर पांडेय, रामकुमार झा, विजय सिंह, रमाशंकर पाल, मदन श्रीवास्तव, संदीप कुमार, जयप्रकाश, कृष्णमोहन आदि ने संबोधित किया।

### सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता 17 से

**वाराणसी।** खेल विभाग उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 फरवरी 2025 तक वाराणसी में किया गया है। प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की कुश्ती टीम भी प्रतिभाग करेगी। उसके लिए जनपद स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी को दोपहर दो बजे वजन व तीन बजे चयन ट्रायल शुरू होगा। मंडल पर चयन ट्रायल 14 फरवरी को सुबह दस बजे वजन एवं दोपहर 12 बजे से चयन ट्रायल डाक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा वाराणसी में किया जाएगा। चयन ट्रायल में 50 किलो, 53 किलो, 55 किलो, 57 किलो, 59 किलो, 62 किलो, 65 किलो, 68 किलो, 72 किलो तथा 76 किलो तक है। जो भी महिला पहलवान चयन ट्रायल में भाग लेना चाहती हैं आधार कार्ड के साथ समय से पहुंच कर चयन ट्रायल में भाग ले सकती हैं। वजन में एक किलो की छूट रहेगी।